**सुविचार**
अगर आप सही हो तो कुछ सही साबित करने की कोशिश ना करो, बस सही बने रहो गवाही खुद वक्त देगा।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 09 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 234 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


रश्मिका मंदाना ने फैंस संग शेयर की...
08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,598.91 |
| निफ्टी | : | 19,819.95 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,625 |
| चांदी | : | 77.50 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

## मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक की मौत, पुलिस अफसर सहित कई घायल

**MANIPUR :** मणिपुर में हिंसक घटनाओं पर अभी भी पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। शुक्रवार को राज्य के टेंगनोपाल जिले के पल्लेल इलाके में सुबह सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच फायरिंग हुई। इस मुठभेड़ में एक व्यक्ति की मौत हुई है। जबकि एक पुलिस अफसर सहित कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि जिले के पल्लेल इलाके में सुबह छह सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच फायरिंग हुई थी। इसमें कोई हताहत नही हुआ है, लेकिन मुठभेड़ बंद होने के बाद इलाके में कुछ सशस्त्र लोगों के फिर देखे जाने पर स्थानीय लोगों ने असम राइफल्स को इसकी सूचना दी। इस पर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और दोबारा फिर दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में एक व्यक्ति की मौत और एक पुलिस अफसर सहित कई लोगों के घायल होने खबर है। असम राइफल्स के एक अधिकारी के हाथ में गोली लगी। समाचार लिखे जाने तक फायरिंग हो रही थी। सभी घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पूरे इलाके में बारूद की गंध फैल गई है। बताया गया कि असम राइफल्स तथा सेना के जवानों के साथ इस मुठभेड़ में उग्रवादियों की ओर से अत्याधुनिक स्वचालित हथियारों का उपयोग किया गया है। दूसरी ओर इस गोलीबारी के बीच बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए हैं। इनको नियंत्रित कर पाना सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है। दरअसल, दो दिन पहले मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक सामूहिक रैली हुई थी। यह जन रैली बिष्णुपुर और चुराचांदपुर की सीमा की ओर जा रही थी। रास्ते में रैली में शामिल लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में लगाए गए सुरक्षाबलों के अवरोधकों को हटाने की कोशिश की। इसी बीच रैली में अचानक हिंसा भड़क गई थी। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने किये गये आंसू गैस और मॉक बम का प्रयोग किया था। इसमें एक पत्रकार सहित कम से कम 25 लोग घायल हो गए थे। आज की घटना इसी की परिणति बतायी जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष कारावास की सजा और जुर्माना

**KODERMA :** जिले के जयनगर में पांच वर्षीय नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने शुक्रवार को दोषी रवि कुमार (18) निवासी ग्राम लतबेदवा को 25 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। इसे लेकर जयनगर थाना कांड संख्या 37/22 एवं स्पेशल पॉक्सो केस नंबर 09/22 दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 12 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार सिन्हा ने दलीलें पेश की। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने जयनगर थाना में आवेदन देकर कहा था कि 14 मार्च, 2022 को अपराह्न 4:30 बजे उसकी पांच वर्षीय पुत्री शिव मंदिर के पास खेल रही थी। इसी दौरान रवि कुमार उसे बहला फुसला कर घर ले गया और दुष्कर्म किया। बच्ची रोते-रोते जब घर आई तो सारी बात बताई। बच्ची की तबीयत भी खराब हो गई थी।

# रांची के एसएसपी बने चंदन कुमार सिन्हा

## राजकुमार मेहता को बनाया गया सिटी एसपी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य सरकार ने 18 आईपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग किया है। इनमें 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी चंदन कुमार सिन्हा को रांची का नया एसएसपी बनाया गया है। जबकि रांची के एसएसपी कौशल किशोर को जमशेदपुर का एसएसपी बनाया गया है। रांची के सिटी एसपी के पद पर राजकुमार मेहता की पोस्टिंग की गई है। जबकि मनीष टोप्पो को ग्रामीण एसपी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार की देर शाम जारी कर दी गई है।

**जानें कौन कहां गए :** पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत माइकल राज एस को डीआईजी स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया, चंदन कुमार सिन्हा को रांची एसएसपी के पद पर स्थापित किया गया है। रांची


एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा।

एसएसपी के पद पर पदस्थापित कौशल किशोर को जमशेदपुर एसएसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है। एसडीपीओ सरायकेला के पद पर पदस्थापित हरविंदर सिंह को गुमला एसपी बनाया गया है। रांची ट्रैफिक एसपी के पद पर पदस्थापित हारीश बिन जमां को लोहरदगा एसपी बनाया गया है। एसडीपीओ मेदिनीनगर पलामू के पद पर पदस्थापित ऋषभ गर्ग को ग्रामीण एसपी जमशेदपुर बनाया गया है।

# G-20 का आगाज आज से, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन पहुंचे दिल्ली, मोदी के साथ की वार्ता

**AGENCY NEW DELHI :** जी-20 समिट में हिस्सा लेने के लिए विदेशी मेहमानों ने भारत की धरती पर कदम रखा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन शुक्रवार की शाम दिल्ली पहुंचे। बाइडन से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत पहुंची थीं। बांग्लादेश को भारत की ओर से बतौर अतिथि जी-20 में बुलाया गया है। समिट का का मुख्य कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान में बनाए गए भारत मंडपम में होगा। इसके अलावा अन्य कुछ कार्यक्रम अलग-अलग स्थलों पर होंगे। इससे पहले देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से द्विपक्षीय वार्ता हुई।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करते अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन। ● फोटोन न्यूज

इसमें परमाणु के छोटे रिएक्टरों पर परिचर्चा हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर सहमति बनी है, जो मुख्य बैठक की मिनट्स में शामिल होंगे और अंतिम मुहर लगाए जाएंगे।

शनिवार को सुबह 9:30 बजे सभी देशों और शिष्टमंडलों के नेता भारत मंडपम में पहुंचेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी आयोजन स्थल पर सभी नेताओं का व्यक्तिगत रूप से स्वागत करेंगे. वहां 10:30 बजे से सम्मेलन का पहला सत्र शुरू होगा। इसके बाद द्विपक्षीय मुलाकातें होंगी और फिर सम्मेलन का दूसरा सत्र होगा। सम्मेलन स्थल पर ही रात्रि भोज होगा। रविवार को सुबह नेता गण राजघाट जाएंगे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बाद में वे प्रगति मैदान में पौधरोपण करेंगे और फिर सम्मेलन का तीसरा सत्र होगा। इसके बाद सम्मेलन का समापन समारोह होगा।

यहां ठहरेंगे अमेरिकी राष्ट्रपतिः अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन का पहला भारत दौरा है, जो तीन दिनों का रहेगा। जो बाइडन और यूएस डेलीगेशन दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहरेंगे। ये होटल नई दिल्ली के डिप्लोमैटिक एन्क्लेव में चाणक्यपुरी में स्थित है। जो बाइडन लिए होटल में हाई-टेक सिक्योरिटी का इंतजाम किया गया है। इलाके की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

(पेज दो भी देखें)

# डुमरी उपचुनाव : बेबी देवी के सिर जीत का सजा ताज

## हेमंत ने कार्यकाल के छठे उप चुनाव में झामुमो ने दोहराया इतिहास

**PHOTON NEWS RANCHI :** मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी डुमरी से झारखंड विधानसभा की सदस्य बन गयीं। इंडिया गठबंधन की जेएमएम उम्मीदवार बेबी देवी को डुमरी विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में एक लाख के करीब वोट मिले जबकि एनडीए की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को लगभग 85 हजार वोटों से ही संतोष करना पड़ा। जीत का अंतर 17 हजार से अधिक का रहा।

बेबी देवी ने पति के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जगरनाथ महतो को 71128 वोट मिले थे। उन्हें सबसे ज्यादा वोट 2014 में 77984 मिले थे। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू को 36840 और भाजपा के उम्मीदवार को 36013 वोट मिले थे। वैसे यहां का मुकाबला काफी टक्कर का रहा। आजसू ने डुमरी विस सीट अपनी झोली में डालने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी लेकिन नतीजे से पार्टी निराश हुई।

बेबी देवी की जीत में सबसे बड़ा फैक्टर इलाके के कद्दावर नेता रहे जगरनाथ महतो की लंबी बीमारी के बाद निधन हो जाना रहा। लगातार चार बार निर्विवाद रूप से विधायक और वर्तमान सरकार में मंत्री रहे जगरनाथ महतो को डुमरी की जनता ने इनके श्रद्धांजलि देने का काम किया। पूरे चुनावी प्रचार के दौरान बेबी देवी हाथ जोड़कर अपने पति के नाम पर वोट मांगती रहीं। जनता को उनके काम के बारे में बताती रहीं। पत्नी बेबी देवी और बेटे राजू ( अखिलेश) महतो ने हर वो इमोशनल कार्ड खेला, जिससे जीत सुनिश्चित की जा सके और हुआ कुछ ऐसा ही।



डुमरी विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम उम्मीदवारों का कुल वोट करीब 28 हजार के पास था, जिसमें एआईएमआईएम के उम्मीदवार अब्दुल मोमिन रिजवी को सबसे ज्यादा वोट करीब 24 हजार मिले थे। पिछली बार की तरह इस बार भी ओवैसी अपने उम्मीदवार का प्रचार करने डुमरी आए थे लेकिन उनके उम्मीदवार की करारी हार हुई। इस बार मुस्लिम वोटरों ने जेएमएम पर भरोसा जताया और खुलकर बेबी देवी के पक्ष में वोट किया।

रांची जमीन घोटाले में ईडी के तीन-तीन समन और तमाम तरह की राजनीतिक परेशानियों के बीच हेमंत सोरेन ने डुमरी में जीत के लिए पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने चुनाव से पहले अपने आप को चुनावी मोड में डाला और सरकारी परिसंपत्तियों का खूब वितरण किया। साथ ही भाषणों में टाइगर के नाम से मशहूर जगरनाथ महतो की डुमरी के प्रति लगन और निष्ठा को जनता तक हमेशा पहुंचाने का काम किया। सरकार के सभी मंत्री समेत इंडिया गठबंधन के तमाम विधायक डुमरी में तैनात थे।

### डुमरी में प्रचंड जीत 2024 का आगाज : हेमंत सोरेन

डुमरी विधानसभा उपचुनाव के परिणाम पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह प्रचंड जीत 2024 का आगाज है। राज्य की जनता ने ठान लिया है कि झारखंड में अब सिर्फ जनतंत्र चलेगा, धनतंत्र नहीं। यहां सिर्फ और सिर्फ झारखंडियों की सरकार चलेगी। भाजपा और आजसू के छल और अहंकार का अब झारखंड से सूपड़ा साफ होना तय है। डुमरी उपचुनाव में झामुमो (गठबंधन) प्रत्याशी बेबी देवी को अपना स्नेह देने के लिए डुमरी विधानसभा की जनता को अनेकों धन्यवाद और आभार। बेबी देवी स्व टाइगर जगरनाथ दा के सपनों और अधूरे कार्यों को पूरा करने का काम करेंगी यह झारखंडी सरकार। झारखंड हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे।

**छह राज्यों की सात विधानसभा का उपचुनाव**

## तीन भाजपा के पाले में, चार गई विपक्षी दलों के खाते में


पश्चिम बंगाल में जीत के बाद अभिषेक बनर्जी व निर्मल चंद्र राय। ● फोटोन न्यूज

**AGENCY NEW DELHI :** देशर के छह अलग-अलग राज्यों के सात विधानसभा सीटों पर हुई उपचुनाव का नतीजा आ चुका है। उत्तर प्रदेश की घोसी, झारखंड की डुमरी, त्रिपुरा की धनपुर और बोक्सानगर, उत्तराखंड की बागेश्वर, पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी और केरल की पुथुप्पल्ली में हुए चुनाव के परिणाम में तीन भाजपा के पाले में गई। जबकि चार विपक्षी दलों के खाते में गई।

**जानें कहां क्या हुआः** 6 राज्यों की सात सीटों पर उपचुनाव में त्रिपुरा की दो सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज कर ली है, जबकि उत्तराखंड की एक सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इधर, टीएमसी ने भाजपा प्रत्याशी को हराते हुए धुपगुड़ी उपचुनाव में विजयी हुई है। उत्तर प्रदेश के मऊ स्थित घोसी विधानसभा सीट पर सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने जीत दर्ज कर ली है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा प्रत्याशी को बधाई दी है और वोटर्स का आभार जताया है।

### परिणाम एक नजर में

घोसी (उत्तर प्रदेश) विधानसभा सीट
सुधाकर सिंह (सपा-जीते)
दारा सिंह चौहान (बीजेपी-हारे)
धुपगुड़ी (पश्चिम बंगाल)
निर्मलचंद राय (टीएमसी-जीते)
तापसी रॉय (बीजेपी-हारे)
पुथुपल्ली (केरल)
चांडी ओमान (यूडीएफ-जीते)
जैक सी थॉमस (एलडीएफ-हारे)
डुमरी (झारखंड)
बेबी देवी (झामुमो-जीते)
यशोदा देवी (आजसू-हारे)
बागेश्वर (उत्तराखंड)
पार्वती देवी (बीजेपी-जीते)
बसंत कुमार (कांग्रेस-हारे)
बॉक्सानगर (त्रिपुरा)
तफज्जल हुसैन (बीजेपी-जीते)
मिजन हुसैन (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-हारे)
धनपुर (त्रिपुरा)
बिंदू देबनाथ (बीजेपी-जीते)
कौशिक चंदा (सीपीआई (एम)-हारे)

**गोरखपुर में आयोजित हुआ यायावरी भोजपुरी महोत्सवः शिखर सम्मान से सम्मानित हुए जुगानी भाई**

# भोजपुरी के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाली प्रतिभाओं ने समारोह में की शिरकत, रखे अलग-अलग विषयों पर विचार

**AGENCY GORAKHPUR :** यायावरी भोजपुरी महोत्सव का आयोजन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के स्थानीय गोकुल अतिथि भवन में धूम धाम से संपन्न हुआ। इसमें देश-विदेश से भोजपुरी प्रेमियों का आगमन हुआ। भोजपुरी साहित्य संस्कृति का मंथन किया गया। डॉक्टर रविंद्र श्रीवास्तव जुगानी भाई को दूसरा यायावरी शिखर सम्मान दिया गया।

**भोजपुरी को सम्मान दिलाने का संकल्प :** इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के भोजपुरी साहित्यकरों ने सम सामयिक और भोजपुरी को सम्मान दिलाने सम्बंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा किया गया। भोजपुरी भाषा के सम्मान, स्वाभिमान और संरक्षण को समर्पित यायावरी भोजपुरी महोत्सव का आयोजन बुधवार को स्थानीय गोकुल अतिथि भवन में आयोजित किया गया। भोजपुरी बतकही, विचार, गीत संगीत और संस्कृति की मिठास ने महोत्सव में चार चांद लगा दिया।



यायावरी भोजपुरी महोत्सव 2023 में उपस्थित वक्ता। ● फोटोन न्यूज

**कार्यक्रम में इन्होंने की शिरकत :** महोत्सव के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी मिथिलेश नारायण एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्रभारी ब्रजेंद्र नारायण रहे। यह कार्यक्रम निर्धारित समय 11:30 बजे से शुरू हुआ। इस महोत्सव में कुल सात सत्र आयोजित किए गए। जिसमें पहला सत्र उद्घाटन सत्र रहा। दूसरा सत्र भोजपुरी कहानी में स्त्री पर केन्द्रित रहा जिसमें सरोज सिंह, सत्य व्यास और विनीता परमार के बीच भोजपुरी कहानी में स्त्री पात्रों की भूमिका पर विशेष चर्चा हुईं। भोजपुरियत आ उद्यमिता विषय आधारित तीसरे सत्र में गिरिजांश गोपालन, संजय शेफर्ड और वलीउल्लाह शेख के बीच में उद्यमिता के क्षेत्र में भोजपुरी की अहमियत पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। इसके बाद भोजपुरिया एलीट के माई भाषा से नेह छोह विषयक चौथे सत्र में राजेश मिश्रा, मुन्ना पांडेय व संजय मासूम एलीट क्लास के निजभाषा से प्रेम पर चर्चा करते हुए भोजपुरी के सामाजिक स्तर पर मंथन किए। पांचवा सत्र टीम मद्धिम से बतकही का रहा, जिसमें परितोष त्रिपाठी, अरुणा गिरी, ओम दुबे और विमल चन्द्र पांडेय ने आपस में वार्ता किए।


कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक। ● फोटोन न्यूज

कथा कहानी आ गीत के संगत विषय पर आयोजित छठा सत्र विशेष रहा और इसमें प्रबुद्ध बनर्जी और मृत्युंजय कुमार सिंह के मध्य रोचक चर्चा हुईं। महोत्सव का अंतिम सत्र सृष्टि सिंह द्वारा वीर कुंवर सिंह की गाथा को समर्पित संगीतमय सत्र शानदार तरह से सम्पन्न हुआ।

**भव्य रहा आयोजन :** महोत्सव के आयोजन समन्वयक गौरव मणि त्रिपाठी ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में यायावरी भोजपुरी महोत्सव का यह दूसरा अध्याय भव्य रहा। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से बड़ी संख्या में प्रतिभाग करने के साथ भोजपुरी महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के प्रायोजको में फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम, गीतांजली स्टोर, खादिम रेती चौक गोलघर, अतरंगी कलाकारी और मीडिया पार्टनर के रूप खबर भोजपुरी और द फोटोन न्यूज का विशेष सहयोग रहा।

BRIEF NEWS

### विधानसभा अध्यक्ष ने एयरपोर्ट पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा का किया अनावरण

**RANCHI :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा का निर्माण सीसीएल द्वारा करायी गई है। झारखंड के कलाकार शिवम सिंह ने चार माह में प्रतिमा को अंतिम रूप दिया। 150 किलो स्क्रैप से बनी प्रतिमा में जंग न लगे इसका विशेष ध्यान रखा गया है। मूर्ति कला के कौशल के अनुरूप इसके स्थायित्व एवं प्रस्तुति दी गई है ताकि भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति एक आकर्षक प्रतिकृति का आकार ले पाए। प्रतिमा अनावरण के दौरान अध्यक्ष ने कलाकार की सराहना की। मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार के अलावा सीसीएल के कई सीनियर अधिकारी उपस्थित थे।

### गुवा के शहीदों ने जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए कुबार्नी दी : रतन तिर्की

**RANCHI :** गुवा गोलीकांड के शहादत दिवस पर शुक्रवार को शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जनजातीय परामर्शदातृ परिषद (टीएसी) के पूर्व सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि शहीदों ने इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और जल- जंगल- पहाड़ झ जमीन को बचाने के लिए कुबार्नी दी। गुवा गोलीकांड के इतिहास के बारे में घर- घर बताने की जरूरत है। युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। आंदोलनकारी और संविधान जागार जातरा संयोजक मंडल के संयोजक मंडल प्रभाकर तिर्की, रतन तिर्की, बलराम जी, प्रबल महतो और सुरेश महतो ने गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सबसे पहले सलई शहीद स्थल में चारों आंदोलनकारियों ने मंत्री जोबा मांझी संग शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जोबा मांझी को संविधान प्रस्तावना की कॉपी भी भेंट की गई। प्रभाकर तिर्की ने कहा कि 11 अक्टूबर से पोड़ाहाट कोल्हान क्षेत्र में संविधान जागार जातरा की शुरूआत की जायेगी।

### चुनाव हारे हैं मैदान नहीं : बाबूलाल मरांडी

**RANCHI :** डुमरी उपचुनाव का परिणाम सामने आने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए चुनाव हारी है, मैदान नहीं। कहा कि डुमरी उपचुनाव के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि जनता हेमंत सरकार के खिलाफ गोलबंद हो चुकी है। चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि यह हेमंत सरकार की हार और तुष्टिकरण की जीत है। मरांडी ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके परिश्रम और प्रयास के कारण ही एनडीए प्रत्याशी को 2019 के चुनाव से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सरकार की पूरी मशीनरी मतदाताओं को डराने धमकाने में जुटी रही। कार्यकर्ताओं का अपहरण किया गया। घरों में छापेमारी की गई। धनबल का भरपूर प्रयोग हुआ, फिर भी जनता ने राज्य सरकार की नाकामियों पर कड़ा प्रहार किया है। एनडीए कार्यकर्ता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार, अपराध, लूट, झूठ और विफलताओं को लगातार उजागर करेंगे।

# जब तक मुझे जेल भेजोगे, तब तक झारखंड को मजबूत कर दूंगा : हेमंत

## CM ने की घोषणा : राज्य के 8.50 लाख लोगों को अबुआ आवास देगी सरकार

**PHOTON NEWS TEAM :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड में साढ़े आठ लाख लोगों को घर देने की घोषणा की है। शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के फुटबाल मैदान में गुवा गोलीकांड के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में साढ़े आठ लोगों को घर देना है लेकिन केंद्र से इसकी स्वीकृति नहीं मिल रही है। ऐसे में हमने निर्णय लिया है कि यहां के गरीब बेघर लोगों को हम 'अबुआ' आवास देंगे। आने वाले समय में झारखंड में कोई बेघर नहीं रहेगा। गुवा गोलीकांड के बलिदानियों को नमन करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने पुलिस की लाठी, डंडा, गोली खाई। हमारे आदिवासियों ने जल, जंगल, जमीन बचाने के लिए लड़ाई लड़ी। हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया इसलिए हम आज जिन्दा हैं। आज भी हमलोगों के लिए कई चुनौतियां खड़ी हैं। सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद से विपक्ष सरकार गिराने में लग गए। संविधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर मुझे जेल भेजने की कोशिश की जा रही है। जब तक मुझे जेल भेजेगो, तब तक झारखंड को



मानकी मुंडा को मोटरसाइकिल भेंट करते सीएम हेमंत सोरेन।

मजबूत कर दूंगा। श्रद्धांजलि सभा के बाद परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 95 योजनाओं का शिलान्यास, 31 योजनाओं का उद्घाटन तथा 282 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया।

**मानकी मुंडा को मोटरसाइकिल देकर बढ़ाया मान**

हेमंत सोरेन ने कहा कि समाज की अगुवाई करने वाले मानकी-मुंडाओं को मोटरसाइकिल देने का शुभारंभ गुवा की धरती से कर रहे हैं। झारखंड में पहले डबल इंजन की सरकार दोनों हाथों से लूट रही थी लेकिन एक इंजन की सरकार को उखाड़ फेंका गया। भाजपा ने 20 सालों में जो गंदगी फैलाई है वह तीन वर्ष में साफ थोडे. होगी। कोरोना में हम अपने मजदूर भाइयों को हवाई जहाज से ढोकर उनके घर पहुंचाया। झारखण्ड में गरीबी अभिशाप है। इस गरीबी से लोगों को बाहर निकालने के लिये अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। हमने नौकरी देने के लिये बहाली निकाली लेकिन न्यायालय के माध्यम से यह नौकरी रोकने का काम किया गया। हम जल्द ही 20-25 हजार पदों के लिए बहाली निकालेंगे।

**आज भी कई चुनौतियां हैं, लेकिन हमारे कदम नहीं रुकेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। आदिवासी दलित और पिछड़े लोग दशकों से हासिये पर रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, बौद्धिक और राजनीतिक रूप से कमजोर होने की वजह से इन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा है। अब जब ये आगे बढ़ रहे हैं तो कुछ ताकते इन्हें रोकने की नापाक कोशिश कर रही है। लेकिन, हमने इन्हें मजबूत करने का जो संकल्प ले रखा है, उससे नहीं डिगेंगे। चाहे परिस्थितियों कैसी भी हो, इन्हें मजबूत करने के रास्ते पर चल पड़े हैं और कदम नही थमेंगे।

### साढ़े तीन वर्षों में विकास की लंबी लकीर खींची

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के गठन के बाद कोरोना महामारी और सुखाड़ का सामना करना पड़ा। कोरोना काल के हालात से हम सभी वाकिफ हैं। लेकिन, हमारी सरकार ने इस वैश्विक बीमारी के खिलाफ जारी जंग के बीच भी विकास कार्यों को जारी रखा। आज हर वर्ग और हर तबके के लिए सरकार की योजनाएं हैं। पिछले साढ़े तीन वर्षों में तमाम चुनौतियों के बीच हमारी सरकार ने विकास की एक लंबी लकीर खींची है। यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यहां के आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों का विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है। सरकार विद्यार्थियों के विदेश में पढ़ाई का पूरा खर्च वहन कर रही है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि सरकार की सहायता से विदेश में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के साथ किसी प्रकार की कोई शर्त नहीं रखी गई है। वे विदेश से पढ़ कर अपना, अपने परिवार, समाज, राज्य और देश का नाम रोशन करें, यही हमारी उनसे उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा की बेहतरी पर सरकार का विशेष जोर है। इस सिलसिले में उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं। छात्रवृत्ति राशि में बढ़ोतरी की गई है। बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी से लेकर मेडिकल- इंजीनियरिंग जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार सहायता दे रही है। बच्चों का बेहतर भविष्य बने, इस दिशा में हम कम कर रहे हैं। हमारा अभिभावकों से कहना है कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ाएं, खर्च की चिंता नहीं करें। सरकार मदद करेगी।


गुवा गोलीकांड के बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते सीएम हेमंत सोरेन।

### 95 योजनाओं की रखी गई आधारशिला, 31 का उद्घाटन

- मुख्यमंत्री ने 406 करोड़, 11 लाख, 58 हजार 3 सौ रुपए की लागत से 126 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 367 करोड़ 99 लाख 15 हजार रुपए की लागत वाली 95 योजनाओं की नींव रखी गई। वहीं, 38 करोड़ 12 लाख 43 हजार 3 सौ रुपए की 31 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।
- 25 लाभुकों के बीच 23 लाख 35 हजार 636 रुपये की परिसंपत्तियां बांटी गई। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 7 लाख 38 हजार 962 लाभुकों के बीच 282 करोड़ 27 लाख 35 हजार 4 सौ रुपए की परिसंपत्तियां वितरित की जा चुकी हैं।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न प्रखंडों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास।
- मनोहरपुर और जगन्नाथपुर के आईटीआई में हॉस्टल का शिलान्यास।
- 6 स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास।
- टोंटो और झींकपानी में स्टेडियम निर्माण का शिलान्यास।
- मझगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण तथा चाईबासा सदर में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का शिलान्यास।
- चाईबासा सदर के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में एयर कंडीशंड जिम का उद्घाटन।
- तांतनगर और गोयलकेरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, पर्यवेक्षक और अन्य कर्मचारियों के आवास निर्माण तथा प्रखंड परिसर के विकास संबंधी कार्य का उद्घाटन।
- बंदगांव, गोईलकेरा, सोनुवा, नोवामुंडी, चाईबासा सदर, तांतनगर, चक्रधरपुर और खूंटपानी में सोलर कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन।
- विभिन्न प्रखंडों में आठ धुमकुड़ियां हाउस निर्माण का उद्घाटन।
- चक्रधरपुर और बंदगांव में 33/11 केवी विद्युत शक्ति उप केंद्र का उद्घाटन।

## झामुमो ने अल्बर्ट एक्का चौक पर मनाया जश्न


जुलुस निकाल कर जश्न मनाते जेएमएम के कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो) की डुमरी विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार बेबी देवी की जीत पर रांची जिला समिति ने अल्बर्ट एक्का चौक पर जुलुस निकाल कर शुक्रवार को जश्न मनाया। इस दौरान अबीर गुलाल लगाकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाक खुशी मनाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष मुशताक आलम ने कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव का जीतना मतदाताओं के दिवंगत जगरनाथ महतो के प्रति प्यार और सम्मान को दशार्ता है। आईएनडीआईए गठबंधन की जीत और भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की हार आने वाले झारखंड विधान सभा चुनाव 2024 की झांकी मात्र है।

# विपक्ष के प्रलोभन को जनता ने नकारा : सुप्रियो

## बेबी देवी की जीत पर झामुमो के महासचिव भट्टाचार्य ने विपक्ष पर कसा तंज

**PHOTON NEWS RANCHI :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव का रिजल्ट शुक्रवार आठ सितंबर, 2023 को आ गया। इस उपचुनाव में क्षेत्र की जनता ने एक बार फिर झामुमो पर भरोसा जताया। इधर, राजधानी रांची में झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों से बात करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंन भी इस जीत को डुमरी विधानसभा क्षेत्र की जनता का जीत बताया। क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि ये लोकतंत्र की आस्था है। क्षेत्र की जनता ने दिवंगत जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि दी। यह जीत आईएनडीआईए के नेता व कार्यकताओं की मेहनत और क्षेत्र



पत्रकारों से बात करते झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ● फोटोन न्यूज

की जनता का मिला अपार समर्थन का परिणाम है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए झामुमो महासचिव ने कहा कि इनके द्वारा दिये गय प्रलोभनों का कोई असर क्षेत्र के मतदाताओं पर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने वोटर्स को कई तरह से प्रलोभन दिया। तीन पूर्व मुख्यमंत्री, एक उपमुख्यमंत्री समेत केंद्रीय मंत्री और अन्य नेता एनडीए प्रत्याशी को जीताने में जुटे रहे, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस देश में अराजकता, बेरोजगारी, महंगाई, सांप्रदायिक के साथ जो राजनीति करना चाहती है उसे देश

## डुमरी उपचुनाव AIMIM के कुबार्नी की जीत : गंगोत्री

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने सुप्रियो के बयान पर दी प्रतिक्रिया

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने शुक्रवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी चुनाव हारी नहीं है, बल्कि कुछ दलों ने कुबार्नी देकर झामुमो उम्मीदवार को जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम उम्मीदवार को 2019 के चुनाव में मिले 24,132 वोट की जगह उप चुनाव में नोटा से भी कम केवल 3,462 वोट मिलना यह बताता है कि उप चुनाव जीतने के लिए राज्य सरकार ने सभी हथकंडे अपनाए। सत्ता और शासन का खुलकर दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर जिस प्रकार तुष्टीकरण का नंगा नाच चल रहा उसमें लगातार और वृद्धि होगी। हेमंत सरकार ने वोट बैंक के आगे घुटने टेक दिए हैं। र

## रूस-यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर विपक्ष सरकार के पक्ष से सहमत : राहुल

**AGENCY BELGIUM :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश यात्रा पर हैं। यहां एक पत्रकार वार्ता में राहुल ने कहा कि विपक्षी दल, रूस और यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर भारत सरकार के पक्ष को सही मानते हैं। भारत एक बड़ा देश है और उसे अपनी प्राथमिकताओं पर अन्य देशों के साथ संबंध बनाने का हक है। तेल खरीद से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भारत के रूस के साथ बेहतर संबंध हैं। विपक्ष का इस मामले



पर सरकार के साथ कोई मतभेद नहीं है। राहुल से पूछा गया था कि भारत पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद रूस से तेल खरीद कर रहा है। चीन के मुद्दे पर राहुल गांधी ने कहा कि भारत को उत्पादन के क्षेत्र में चीन का विकल्प बनना होगा। इस दिशा में प्रयास किए जाने की जरूरत है। चीन अपने नागरिकों को समृद्धि दे रहा है लेकिन उन्हें राजनीतिक आजादी नहीं है। भारत देश में उत्पादन को बढ़ा कर लोगों को आर्थिक और राजनीतिक दोनों तरह की आजादी दे सकता है। इस संबंध में भारत और यूरोप का सहयोग काफी कुछ मदद कर सकता है।

### शरद पवार बोले- अजित को अध्यक्ष बनना गैरकानूनी

**MUMBAI :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) चीफ शरद पवार ने 8 सितंबर को चुनाव आयोग को बताया कि पार्टी में कोई फूट नहीं है। वे पार्टी के अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं, जो उनके साथ हैं। ऐसे हालात में अजित गुट पार्टी पर दावा कैसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि अजित पवार का पार्टी का अध्यक्ष बनना और पार्टी के नाम और चिन्ह का इस्तेमाल करना गैरकानूनी है। पार्टी छोड़कर जाने वाले 9 मंत्रियों समेत 31 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्रवाई की जाए। उधर, अजित पवार ने चुनाव आयोग को बताया कि मैं पार्टी का अध्यक्ष हूं।

### जी 20 : शिखर सम्मेलन के डिजिटल जोन में दिखी बदलते भारत की झलक

**NEW DELHI :** जी 20शिखर सम्मेलन में डिजिटल इंडिया से विश्व को रूबरू कराने के मकसद से डिजिटल इंडिया अनुभव जोन बनाया गया है। इस डिजिटल जोन में आज भारत तकनीकी रूप से कितना समृद्ध है, इसकी एक झलक यहां दिखाई गई है। इस जोन में पेपरलेस भारत से लेकर के यूपीआई, यूआईडीएआई, ई संजीवनी और डिजिटल गीता सभी का अनुभव किया जा सकता है। आज ग्रामीण भारत तकनीकी रूप से कितना शक्तिशाली हो गया है, इसकी भी एक झलक देखने को मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल भारत की तमाम नई पहल शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण जीवन को भी आसान करने में अहम भूमिका निभा रही है। जी 20 शिखर सम्मेलन के तहत अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में इसी डिजिटल भारत की एक झलक देखने को मिल रही है। शुक्रवार को मीडिया के अवलोकन के लिए शुरू हुई इस प्रदर्शनी में भारत की डिजिटल यात्रा को रोचक तरीके से पेश किया गया है। फिर चाहे हजारों साल पहले लिखी गीता में आज की दिक्कतों के प्रश्न हों या फिर गांव में डिजिटल पेमेंट को लेकर कोई शंका हो..., सभी प्रश्नों के हल इस प्रदर्शनी में आपको मिल जाएंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस गीता भी यहां आकर्षण का केन्द्र है, जो आपके सभी संशय को दूर करेगा। इस एप पर आप अपने सवाल भी पूछ सकते हैं। आप इसकी वेबसाइट आस्कगीत.एआई पर भी जाकर इसका अनुभव कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री ने की मॉरीशस और बांग्लादेश के पीएम के साथ द्विपक्षीय बैठक


बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बातचीत करते पीएम मोदी।

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवीण जगन्नाथ के साथ अपने आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर द्विपक्षीय बैठक की। सरकार की ओर से दोनों नेताओं की मुलाकात का एक वीडियो जारी किया गया है। मॉरीशस को भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री गुरुवार को दिल्ली पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से अपने आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर द्विपक्षीय बैठक की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर बताया कि शेख हसीना के साथ सार्थक चर्चा हुई है। पिछले 9 वर्षों में भारत-बांग्लादेश संबंधों में प्रगति बहुत सुखद रही है। हमारी बातचीत में कनेक्टिविटी, वाणिज्यिक संपर्क और कई महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल थे। भारत ने बांग्लादेश को जी20 देशों की बैठक के लिए आमंत्रित किया है। सरकार की ओर से दोनों नेताओं की मुलाकात का एक वीडियो भी जारी किया गया है।

### युवाओं के भविष्य के लिए करेंगे काम

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के उस ट्वीट का भी जवाब दिया जिसमें उन्होंने लिखा कि वह लीडर्स समिट में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करती हैं। पीएम ने मोदी ने जॉर्जीवा के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा कि वह जॉर्जीवा से सहमत हैं। हम सभी मिलकर काम करेंगे और अपने समय की गंभीर चुनौतियों को कम करने की कोशिश करेंगे। हम अपने युवाओं के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए भी काम करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि वह जॉर्जीवा का स्वागत करते हैं और भारतीय संस्कृति के प्रति स्नेह दिखाने के लिए आभार प्रकट करते हैं। असल में आज जब जॉर्जीवा दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो ओडिशा के कलाकारों ने उनके सामने संबलपुरी गायन और नृत्य से उनका स्वागत किया।

### अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ होगी सार्थक चर्चा

# G20: प्रधानमंत्री ने जताया भरोसा, शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित व समावेशी विकास को ले जाएगा आगे

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन के पूर्व यह विश्वास व्यक्त किया है कि शिखर सम्मेलन मानव-केंद्रित और समावेशी विकास में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि वे आशा करते हैं कि अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ उनकी सार्थक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भारत प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए मानव-केंद्रित तरीके पर भी बहुत जोर देता है। वंचितों, पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने के


फाइल फोटो।

गांधीजी के मिशन का अनुकरण करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने जी20 से जुड़ी अपनी गतिविधियों की जानकारी एक्स पर दी। उन्होंने बताया कि भारत को 09-10 सितंबर को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला जी20 शिखर सम्मेलन है। वे अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार में निहित, भारत की जी20 प्रेसीडेंसी थीम, वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य हमारे विश्व दृष्टिकोण के साथ गहराई से मेल खाती है कि पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख रही है। हमने ग्लोबल साउथ की विकासात्मक चिंताओं को सक्रिय रूप से आवाज दी। उन्होंने कहा कि मित्रता और सहयोग के बंधन को और गहरा करने के लिए कई नेताओं और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ वे द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्हें विश्वास है कि हमारे मेहमान भारतीय आतिथ्य की गर्मजोशी का आनंद लेंगे। राष्ट्रपतिजी 9 सितंबर को रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। 10 तारीख को नेता राजघाट पर गांधीजी को श्रद्धांजलि देंगे।

# HC में बिना CONNECTING रोड के पुल बनाने के मामले में तीन सदस्यीय कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में बोकारो के चंदनक्यारी सहित अन्य ब्लॉक में खेत में पुल बनाने एवं उसका अप्रोच रोड नहीं होने एवं पुल निर्माण के जिम्मेदार लोगों से पैसे की वसूली करने का आग्रह करने वाली रवि कुमार वर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई हुई।

मामले में पुल के स्थल जांच के लिए बनी तीन अधिवक्ताओं की कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट को सौंप दी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को कमेटी की रिपोर्ट पर प्रार्थी और राज्य सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी।




अधिवक्ताओं की कमेटी ने इस विषय पर जांच की है कि जो पुल बने हैं उसमें कनेक्टिंग रोड है या नहीं। सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता आशुतोष आनंद ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि सात पुल में से केवल एक पुल में अप्रोचिंग रोड नहीं है।

पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि बोकारो के चंदनक्यारी के कई ब्लॉक में ऐसे पुल बने हैं जिनका कोई कनेक्टिंग रोड नहीं है। पुल बनाने में जनता की 100 करोड़ से अधिक रुपये की बबार्दी की गई है। कनेक्टिंग रोड के लिए सरकार ने कोई जमीन का अधिग्रहण नहीं की है और पुल बना दिया गया है। मामले में राज्य सरकार की ओर शपथ पत्र दायर कर बताया गया है कि कुछ ही पुल में कनेक्टिंग रोड नहीं है।

## HC ने डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट की संपत्ति विवाद में फैसला रखा सुरक्षित

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन की जनहित याचिका पर दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शुक्रवार को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

याचिकाकर्ता की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट की प्रॉपर्टी चैरिटेबल कार्यों हॉस्पिटल स्कूल के लिए यूज हो सकती है लेकिन छोटानागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन के द्वारा इसकी संपत्ति को हजारीबाग में अवैध रूप से बेचा जा रहा है, इसकी जांच कराई जाए।

सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 1930 में डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन एक कंपनी बन गई थी, जिसका नाम डबलिन यूनिवर्सिटी मिशन ट्रस्ट एसोसिएशन था। वर्ष 1960 में इसकी ऐसेट एंड लायबिलिटी छोटेनागपुर डायोसी ट्रस्ट एसोसिएशन मर्ज कर गया था। याचिकाकर्ता ने एक सिविल सूट भी हजारीबाग सिविल कोर्ट में डाला था लेकिन इसकी जानकारी जनहित याचिका में याचिकाकर्ता की ओर से नहीं दी गई थी।

## HIGH COURT ने मधु कोड़ा सहित अन्य के मामले में सीबीआई, ईडी और राज्य सरकार से मांगा जवाब

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई में चल रहे केस के त्वरित निष्पादन को लेकर दुर्गा मुंडा की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता के आईए के आलोक में ईडी, सीबीआई एवं राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

मामले में याचिकाकर्ता की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दायर कर मधु कोड़ा, हरिनारायण राय, बंधु तिर्की, भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह, एनोस एक्का,विनोद कुमार सिन्हा, शौभिक चट्टोपाध्याय एवं संजय चौधरी के खिलाफ दर्ज केस के जल्द निष्पादन का आग्रह किया गया। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शौभिक चट्टोपाध्याय एवं संजय चौधरी अभी तक फरार चल रहे हैं।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ता को आइए दायर कर उन सारे जनप्रतिनिधियों एवं अन्य का नाम मांगा था जिनके खिलाफ वे ईडी और सीबीआई में चल रहे केस का जल्द निष्पादन चाहते हैं। कोर्ट के आदेश के आलोक में याचिकाकर्ता की ओर से मधु कोड़ा सहित 9 लोगों के नाम कोर्ट के समक्ष आइए के माध्यम से प्रस्तुत किये गये थे।

याचिकाकर्ता का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने भी जनप्रतिनिधियों के मामले की सुनवाई त्वरित गति से करने का निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया कि पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं उनके सहयोगी तत्कालीन मंत्रियों एवं अन्य के द्वारा सरकारी पैसे की लूट की गई थी। इनके खिलाफ सीबीआई और ईडी ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया है। इनमें से कुछ केस के आरोपितों को सजा भी मिल चुकी है और कुछ के मामले में अभी ट्रायल चल रहा है।

## हाई कोर्ट ने निशि पांडे को थाने में हाजिरी लगाने के डीसी के आदेश को किया निरस्त

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को गैंगस्टर स्व. किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडे के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के तहत पारित डीसी रामगढ़ के आदेश को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की याचिका को स्वीकृत कर लिया। साथ ही रामगढ़ डीसी द्वारा सीसीए के तहत निशि पांडे को छह माह तक प्रतिदिन पतरातु थाना इंचार्ज के समक्ष हाजिरी लगाने संबंधी 21 जुलाई के आदेश को निरस्त कर दिया।

याचिकाकर्ता ने डीसी द्वारा थाने में प्रतिदिन हाजिरी लगाने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने पिछले सुनवाई में राज्य सरकार से पूछा था कि निशि पांडे खिलाफ सीसीए लगाए जाने से संबंधित क्या केस बनता है। हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विशाल त्रिवेदी एवं जितेंद्र एस सिंह ने कोर्ट को बताया था कि निशि पांडे के खिलाफ सीसीए का कोई मामला नहीं बनता है। उनके खिलाफ जिन चार केस का जिक्र किया गया है, वह पुलिसकर्मियों द्वारा दर्ज कराया गया है। उसमें से दो केस में वह नमित नहीं है। बाकी दो केस इस तरह का नहीं है, जिससे उन पर सीसीए लगाया जा सके। एक केस जिसमें उनका नाम है वह जमानतीय अपराध है।

## DIG ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, दिए कई दिशा-निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** डीआईजी अनूप बिरथरे ने शुक्रवार को रांची के सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सिविल कोर्ट पहुंचकर उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। साथ ही सुरक्षाकर्मियों को कई दिशा-निर्देश भी दिए।

डीआईजी ने सिविल कोर्ट कैंपस के सभी प्रवेश और निकास द्वार पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखने और कोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था


डीआईजी अनूप बिरथरे।

पुख्ता करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल कोर्ट टीओपी प्रभारी भी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जमशेदपुर सिविल कोर्ट में एक पेशकार पर कोर्ट परिसर में ही धारदार हथियार से हमला हुआ था। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अदालतों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया है। इसके बाद डीजीपी ने राज्य के सभी वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी। डीजीपी ने सभी रेंज डीआईजी को अदालतों की सुरक्षा की पूरी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी है।

## चोरी का खुलासा, चार गिरफ्तार

**RANCHI :** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में राकेश कुमार, अंसु कुमार, राजकुमार गुप्ता और प्रियांशु कुमार दूबे शामिल है। इनके पास से एक सोनी कंपनी का टीवी, चांदी का पायल, पान पता 28 पीस और सोना का झुमका, अंगूठी, चैन छह पीस बरामद किया है।इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने शुक्रवार को बताया कि चार सितम्बर को हरमू विद्यानगर निवासी मंजू कुमारी ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## दो-दो लाख के दो बेल बांड पर ईडी कोर्ट से बच्चू यादव का रिलीज ऑर्डर जारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित बच्चू यादव को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें दो-दो लाख के दो बेल बांड भरने के निर्देश दिए। बच्चू यादव के दो बेल बांड प्रस्तुत किए जाने पर कोर्ट ने उनका रिलीज ऑर्डर जारी कर दिया, जिसे बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को भेजा गया है। कोर्ट ने उन्हें निर्देश दिया है कि यदि उनका पासपोर्ट है तो उसे अदालत में जमा करें।

उल्लेखनीय है कि गत बुधवार को बच्चू यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनते हुए बच्चू यादव को जमानत प्रदान की थी। झारखंड हाई कोर्ट से बच्चू यादव की जमानत याचिका खारिज हो चुकी थी, जिसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की दायर की गई थी। याचिका में कहा गया है कि वह इस मामले में निर्दोष है। साजिश के तहत उन्हें फंसाया गया है।

बच्चू यादव को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 11 अगस्त, 2022 को उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। ईडी की ओर से बच्चू यादव, प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है। मामले में उनके खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप गठन भी हो चुका है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है।

## कर्नल रणवीर जमाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को राज भवन में कर्नल रणवीर जमाल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन की गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर कर्नल रणवीर और उनकी टीम को ह्लहर शिखर तिरंगा मिशनह्व के लिए बधाई दी तथा इस प्रयास के लिए सराहना की।

शिष्टमंडल ने कहा कि वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ियों को वैज्ञानिक ज्ञान, खेल, साहसिक कार्य एवं विभिन्न प्रकार की कलाओं से जोड़ना एवं सशक्त


राज्यपाल से मुलाकात करता शिष्टमंडल। ● फोटोन न्यूज

करना उनका लक्ष्य है। संस्था के संस्थापक और निदेशक राजीव गुप्ता झारखंड के लोगों को विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित करने के लिए प्रयासरत है। नौ सितम्बर 2023 को कर्नल रणवीर एवं उनकी टीम द्वारा पारसनाथ की सबसे ऊंची चोटी पर अपने देश का तिरंगा फहराया जायेगा, जो झारखंड राज्य के लिए गौरव की बात है।

हर शिखर तिरंगा मिशन न केवल भारत की एकता का प्रतीक है, बल्कि इसके विविध भूगोल और संस्कृति को भी दशार्ता है। यह लोगों में पर्यावरण के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करता है और देशभक्ति और साहस का संचार करता है। इसके अलावा, यह स्थानीय समुदायों को अपने अभियान से जोड़ता है। शिष्टमंडल की ओर से कहा गया कि अब तक इस टीम ने 24 राज्यों के सबसे ऊंचे पर्वत स्थलों को चढ़ लिया है, जिसमें सभी सात पूर्वोत्तर राज्यों, हिमालयी राज्यों, और समुंदर किनारे के राज्यों के सबसे ऊंचे स्थल शामिल हैं।

## पिपरवार में 72 घंटे से कोल ट्रांसपोर्टिंग ठप, सीसीएल को भारी नुकसान

**PHOTON NEWS RANCHI :** विगत 5 सितंबर चतरा पुलिस ने अभियान चलाकर दो हाइवा को पकड़ा था। पुलिस ने वाहन चालकों से जरूरी कागजात दिखाने को कहा था। चालकों द्वारा कागजात नहीं दिखाने पर पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया था। साथ ही आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। इसके विरोध में कोयला ट्रांसपोर्टरों ने बेमियादी हड़ताल कर दिया। साथ ही प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई के विरोध में लगातार 72 घंटों से कोल ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। परियोजना से बचरा साइडिंग तक कोयले की ट्रांसपोर्टिंग


ठप पड़ा कोल ट्रांसपोर्टिंग। ● फोटोन न्यूज

ठप कर दी। इससे सीसीएल को भारी नुकसान हुआ है।

इसे लेकर हाइवा डंपर के मालिक ने कहा कि ट्रांसपोर्टिंग के दौरान पकड़े गए हाइवा डंपर में चालक के पास डीएमओ का चालान नहीं था, क्योंकि चालान उनके पास था। इस बात की पुष्टि पिपरवार सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने भी की है। उन्होंने कहा कि पकड़े गए दोनों हाइवा डंपर का चालान सीएचपी से निर्गत किया जा चुका था।

### उम्मीद फाउंडेशन की ओर से 3 जनवरी को लगातार दूसरे साल जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 का होगा आयोजन

## 75 विभूतियों को किया जायेगा सम्मानित

**PHOTON NEWS RANCHI :** उम्मीद फाउंडेशन की ओर से राज्य स्तर पर लगातार दूसरे साल जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 का आयोजन तीन जनवरी 2024 को होगा। इस पुरस्कार कार्यक्रम में खेल, कला, पत्रकारिता जगत के विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रितेश उरांव, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो और आयोजन समिति प्रमुख निरंजन भारती ने शुक्रवार को करमटोली स्थित धुमकुडिया में आयोजित



जानकारी देते उम्मीद फाउंडेशन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

संवाददाता सम्मेलन में दी।

उन्होंने बताया कि मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती प्रत्येक वर्ष तीन जनवरी को पूरे देश में मनाई जाती है। उनकी जयंती पर उम्मीद फाउंडेशन की ओर से प्रत्येक वर्ष ₹जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार का आयोजन किया जाता है। पुरस्कार समारोह में इस बार 75 विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा। ₹जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार₹ के लिए आवदेन आंमत्रित है। इस वर्ष के लिए नामांकन 30 नवंबर तक स्वीकार किए जाएंगे, जिसमें एक खेल से अधिकतम दो खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

रितेश उरांव ने बताया कि पुरस्कार में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाडी, पत्रकार, कला संस्कृति से जुड़े विभुत्ति, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शख्सियत इत्यादि अपना समुचित विवरण ड्डूीश्चद्बह्लश्ववल्लां३ड्डल्ल@'्.ड्ढ और व्हाट्सअप नंबर 9431399089 पर भेज सकते हैं।

उरांव ने कहा कि प्राप्तकताओं का चयन उम्मीद फाउंडेशन की ओर से गठित एक समिति की ओर से किया जाता है। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में शानदार और सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनके सक्रिय खेल कार्यकाल और सेवानिवृत्ति के बाद दोनों के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। खेल के अलावा पत्रकारिता, समाज, कला संस्कृति के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया जाता है।

## अवैध बालू खनन और भंडारण के खिलाफ छापेमारी, पांच लोगों पर मामला दर्ज

**PHOTON NEWS RANCHI :** एनजीटी की रोक और बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने के बावजूद रांची जिले में रात के अंधेरे में नदी से बालू उठाव का अवैध धंधा जोरों पर है। सोनाहातू इलाके में बालू माफिया नदी से रात के अंधेरे में बालू का उठाव कर उसे ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर खान सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने रांची डीएमओ को जांच के निर्देश दिये थे। डीएमओ ने एएमओ को धरातल पर जाकर जांच के आदेश दिए थे। इंस्पेक्टर विश्वनाथ उरांव ने शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के वनडीह, डीबाडीह गांव आकर निरीक्षण किया। जांच के क्रम में अवैध बालू भंडारण करने वाले पांच लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें दीपक कुम्हार, राधेश्याम साहु, शंकर साहु, माधव उरांव, अजीत कुमार साहु का नाम शामिल है। इन पांचों पर इससे पहले भी अवैध बालू भंडारण को लेकर मामला दर्ज हो चुका है। जानकारी के अनुसार विगत वर्ष सीओ प्यारेलाल और तत्कालीन थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने छापेमारी कर अवैध भंडारित बालू को जब्त कर पांचों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## BRIEF NEWS

### रिम्स में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**RANCHI :** रिम्स में इलाज के दौरान विचाराधीन कैदी युगेश्वर यादव (52) की मौत हो गई। वह लातेहार जिले का रहने वाला था। रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन ने शुक्रवार को बताया कि कैदी की मौत गुरुवार रात हुई है। पोस्टमार्टम के लिए एक चार सदस्यों की कमेटी बनाई गई है, जिनकी निगरानी में पोस्टमार्टम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बंदी आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य मामलों में जेल में बंद था। लातेहार कारा चिकित्सक की अनुशंसा पर विशेष इलाज के लिए 30 मई को उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक को पत्र लिखकर मृतक के पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने का आग्रह किया है।

### तुपुदाना के वैष्णवी बिहार में बंद घर से चोरी

**RANCHI :** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के वैष्णवी बिहार में एक बंद घर से चोरों ने टीवी इनवर्टर सहित अन्य सामानों की चोरी कर लिया। इस संबंध में किशोर कुमार प्रसाद ने तुपुदाना ओपी में मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में किशोर कुमार प्रसाद ने लिखा है वह सिंहभूम जिले के गुवा स्थित अपने घर में 18 अगस्त को गए थे। तुपुदाना वैष्णवी बिहार स्थित अपने घर में ताला बंद करके गए थे। 6 सितंबर को जब घर आए तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है, और घर के सभी समान अस्त व्यस्त हैं। अलमीरा भी टूटा पड़ा है। घर से टीवी एवं इनवर्टर की चोरी हो गया है। इस संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज करवाया गया है।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए 13 बॉक्सरों का चयन

**RANCHI :** बोकारो में 14 से 16 सितंबर तक 16वें राज्यस्तरीय सीनियर महिला पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके लिए रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा रांची के महिला एवं पुरुष बॉक्सरों का चयन शिविर शुक्रवार को खेलगांव के बॉक्सिंग हॉल में रखा गया था। इसमें रांची के मान्यता प्राप्त बॉक्सिंग क्लबों के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के लिए 9 पुरुष एवं 4 महिला बॉक्सरों का चयन किया गया। टीम के साथ दो पुरुष टीम मैनेजर एवं दो कोच रांची जिला से हिस्सा लेने जाएंगे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने बताया कि रांची जिला को पूरा उम्मीद है कि पदक लेकर खिलाड़ी लौटेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से लखा सिंह पूर्व ओलंपियन ध्यानचंद अवॉर्डी एवं बीबी मोहंती द्रोणाचार्य अवॉर्डी जेएसएसपीएस कोच, विनय सिन्हा अध्यक्ष रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन अजय मुकुल टोप्पो सचिव गुलाम जावेद, कोषाध्यक्ष बीडी तिग्गा, सचिन कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस मेसरा के बदले मुरी होकर चलेगी ट्रेन

**RANCHI :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रांची - न्यू गिरिडीह - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन 12 से होगा। ट्रेन का कोच विस्टाडोम होगा। ट्रेन 18617/18618 रांची - न्यू गिरिडीह - रांची एक्सप्रेस 13 सितंबर से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग टाटीसिलवे - मेसरा - बरकाकाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग टाटीसिलवे -मुरी - बरकाकाना होकर परिचालन होगा। 03309 न्यू गिरिडीह - रांची उदघाटन स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 12 सितंबर को न्यू गिरिडीह से उद्घाटन के पश्चात प्रस्थान करेगी। ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग बरकाकाना - मेसरा - टाटीसिलवे के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरकाकाना - मुरी - टाटीसिलवे होकर चलेगी। रांची - न्यू गिरिडीह - रांची एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित परिचालन किया जाएगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# चरही घाटी में डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो, चार की मौत, तीन गंभीर

## बिहार से मां छिन्नमस्तिका दर्शन के लिए आ रहे थे सभी लोग



**PHOTON NEWS HAZARIBAGH:**

**हजारीबाग:** हजारीबाग की चरही घाटी में एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। सभी बिहार से मां छिन्नमस्तिका की पूजा करने आए थे। हजारीबाग की चरही घाटी में सुबह-सुबह बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, घाटी में चल रही एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। स्कॉर्पियो में सात लोग सवार थे। घटना में चार की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। चारों मृतक बिहार के रहने वाले थे।

### घायलों के नाम

इंद्रजीत राय (41वर्ष) पिता सुबोध राय ग्राम - ताहीपुर, थाना - महिन्द वाडा, सीतामढ़ी (बिहार)

मदन राय (42वर्ष ) पिता - नंद किशोर राय, ग्राम - गौस नगर, थाना - महिन्द वाडा, जिला सीतामढ़ी (बिहार)

धर्मेंद्र भगत (38वर्ष ) पिता भुनेश्वर भगत ,ग्राम -गौस नगर ,थाना - महिन्द वाडा ,जिला - सीतामढ़ी (बिहार)

### कैसे हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक, घटना सुबह करीब 6:30 बजे चरही घाटी के यूपी मोड़ के पास हुई। दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो गाड़ी का नंबर बीआर 06 पीई 7091 है। सभी लोग बिहार से रजरप्पा मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थे। चरही घाटी यूपी मोड़ के पास तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी डिवाइडर को तोड़ते हुए विपरीत दिशा में जाकर पलट गई। घटना में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। वहीं, स्कार्पियो में बैठे चार लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रजरप्पा पूजा के लिए ले जा रहे बकरे की भी मौत हो गई।

### मृतकों के नाम

इंद्रजीत शाह (39वर्ष) पिता राज ज्योति शाह, ग्राम- वडडीहा तुर्की, थाना- पातेपुर जिला- वैशाली (बिहार)

पिन्टू राय (28वर्ष) पिता रामाधार राय, ग्राम गौसनगर, थाना - महिन्द वाडा जिला- सीतामढ़ी (बिहार )

अरविंद राय (25वर्ष) पिता - सत्यनारायण राय, ग्राम - मदारी पुर, थाना - रामपुर हरि, जिला - मुजपफरपुर (बिहार )

दिलीप राय (30वर्ष) पिता - शिव शंकर राय, ग्राम - मोहनपुर, थाना - रामपुर हरि, जिला - मुजपफपुर (बिहार)

### घायलों का चल रहा इलाज

घटना की सूचना मिलते ही चरही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फिर हाइड्रा और किरान के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से मृतकों और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। तीनों घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं, मृतकों को भी पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## BRIEF NEWS

### धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**DHANBAD:** शहर के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु आउटडोर विभाग के कमरे में शुक्रवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे कमरे में धुआं फैल गया। धुआं देख अस्पताल के आउटडोर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल कर्मियों ने वहां मौजूद संसाधनों का उपयोग कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि एसएनएमएमसीएच के शिशु आउटडोर वार्ड के एक कमरे में स्विच बोर्ड में शॉर्ट सर्किट हुई, जिससे वायरिंग के बिजली तार जल उठे और कमरे में धुआं भर गया। धुआं धीरे-धीरे आउटडोर के गलियारों में फैलने लगा था, जिससे वहां मौजूद मरीज और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल कर्मियों ने आनन-फानन में वहां लगे अग्निरोधक यंत्रों के माध्यम से आग पर काबू पाया और स्थिति को सामान्य किया। एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि शिशु आउटडोर वार्ड में शॉर्ट सर्किट की वजह से धुआं फैल गया था, जिसे समय पर काबू कर लिया गया। किसी प्रकार के जान-माल और सम्पत्ति का नुकसान नहीं हुआ है।

### राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डीपीएस चास के दो छात्रों ने जीते कांस्य पदक

**BOKARO:** ताइक्वांडों फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 1 से 4 सितंबर तक में आयोजित 14वीं ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में डीपीएस चास के दो छात्रों ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इन छात्रों में कक्षा-3 के हार्दिक ने अंडर-23 किलो वर्ग के सब जूनियर वर्ग में कांस्य पदक जीता। वहीं कक्षा-6 के अक्षत ने अंडर 38 किलो के सब जूनियर वर्ग में पदक जीता। 8 सितंबर को डीपीएस चास में कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए बधाई दी। मौके पर चीफ मेंटर डॉ। हेमलता एस मोहन, मुरलीधरन नारायणस्वामी, दीपाली भुस्कुटे, नवीन शर्मा, जोस थॉमस, सुरेश अग्रवाल आदि ने भी दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि इस राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 25 राज्यों से करीब एक हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया था। मौके पर खेल शिक्षक सह कोच राहुल प्रताप मौजूद रहे।

### नृत्य प्रतियोगिता में निरसा की लवली दास के मुरीद हुए लोग



**DHANBAD:** जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर वीटी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और इंडिया बेस्ट चित्रकार धनबाद ने फैंसी ड्रेस और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की। नृत्य प्रतियोगिता में निरसा निवासी तन्मय दास की पुत्री लवली दास तीसरे स्थान पर रही। लवली दास ने लगातर दूसरी बार इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। समिति के सदस्य सहित तमाम लोगों ने लवली दास के डांस की प्रशंसा की। जजों ने कहा कि अगर मार्गदर्शन सही मिलता रहे तो शायद लवली के सपनों में चार चांद लगने में समय नहीं लगेगा। लवली दास के पिता तन्मय दास ने कहा कि मेरे बेटी का सपना डांस इंडिया डांस जैसे मंच में जाने की है। वहीं लवली दास के टीचर राहुल साहनी ने कहा कि उनकी संस्था करियर जोन समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों के जरिए बच्चो की प्रतिभा को निखरने का मौका मुहैया करा रही है।

# झपट्टामार गिरोह के छह अंतर्राज्यीय बदमाश गिरफ्तार, छह लाख के आभूषण बरामद



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते एसडीपीओ अविनाश कुमार ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHATRA:** जिले की वशिष्ठ नगर थाना पुलिस ने झपट्टा मार गिरोह के छह अंतर्राज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें ओडिशा निवासी आवला नागराज, सुरज राव, सुब्बा राव प्रधान, पश्चिम बंगाल निवासी सिद्धांत कुमार और कैलाश राव टी मारकोण्डा शामिल हैं। इनके पास से दो पल्सर बाइक, चांदी के तीन किलो 800 ग्राम आभूषण, सोने का आभूषण 57 ग्राम, रांगा के आभूषण 350 ग्राम, एक मोबाईल फोन बरामद किया गया है। बरामद सभी आभूषणों की कीमत लगभग छह लाख रुपये आंकी गई है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि घंघरी चौक के पास मां भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक संदीप कुमार से बदमाशों ने उनके हाथ के झोला में रखे सोना एवं चांदी के आभूषण को झपट ले गये थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम ने ओडिशा राज्य के तीन संदिग्धों को पूछताछ के लिए पकड़ा। तीनों से पूछताछ के क्रम में घटना में संलिप्तता स्वीकार की। साथ ही अन्य साथियों के नाम भी बताये। इनकी निशानदेही पर मां भद्रकाली ज्वेलर्स के मालिक से छीने गये आभूषण गया जिले के बलूआ पहाड़ स्थित एक स्कूल से बरामद किया गया। अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि ये लोग घूम-घूमकर पहले रैकी करते थे और घटना को अंजाम देते थे। घटना को अंजाम देने के बाद जगह को भी बदल देते थे। एसआईटी में प्रमोद पांडेय, सनोज कुमार चौधरी, रूपेश कुमार ,ओम शरण सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# हिंदू धर्म के खिलाफ बोलने वाले नेताओं पर कार्रवाई करे सरकार : शंभू ग्वारे

## लगातार बयानबाजी पर जमकर बरसे हिंदू संगठन के लोग, किया प्रदर्शन

**PHOTON NEWS DHANBAD:** तामिलनाडू और कर्नाटक के मंत्री, सांसद द्वारा हिंदू धर्म के खिलाफ दिए बयान के विरोध में शुक्रवार को हिंदू संगठनों ने रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन किया। हिंदू जन जागृति मंच के पूर्व व पूर्वोत्तर भारत राज्य समन्वयक शंभू ग्वारे ने बताया कि हिंदू सहिष्णु होते हैं। वे हर बात पर जल्दी प्रतिक्रिया नहीं देते हैं। इसी का फायदा समाज के अन्य लोग उठा रहे हैं। एक के बाद एक हेट स्पीच देकर हमारे धर्म को नीचा दिखाने का काम किया जा रहा है। पहले तामिलनाडू के मंत्री उदयनिधि स्टालिन, उसके बाद मंत्री प्रियांक खरगे और अब ए राजा ने हिंदू धर्म को कोरोना ओर एड्स जैसा बताया है। इसके पूर्व भी कई नेता सार्वजनिक रूप से ऐसा करते आए है। उन्होंने सरकार से देश में हिंदू धर्म के लिए नया कानून बनाने की मांग की, ताकि दुबारा कोई भी इस तरह का बयान देने के पहले बार बार सोचे। उन्होंने बयान देनेवाले इन तीनों नेताओं के खिलाफ आपराधिक दंड संहिता 1973 की धारा 196 के तहत मुकदमा चलाने की भी मांग की। कहा कि ऐसे लोगों को संवैधानिक पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के जरिये केंद्र सरकार को ज्ञापन भी दिया है।



रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के लोग।

### अरविंदो सोसाइटी बेरमो का स्थापना दिवस मना

**BERMO:** करगली फुटबाल मैदान स्थित श्री अरविंदो सोसायटी बेरमो की ओर से 8 सितंबर को स्थापना दिवस मनाया गया। श्रमिक नेता गिरिजा शंकर पांडेय व सोसाइटी के अध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद सिंह ने श्री अरबिंदो व श्री मां के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सोसाइटी के सदस्य ने प्रार्थना संगीत, भक्ति गीत, श्री अरबिंदो की चरना सावित्री की पाठ की गई। गिरिजाशंकर पांडेय ने कहा कि भाग-दौड़ की जिंदगी में एक घंटा समय निकालकर अध्यात्म से जुड़ना चाहिए। महर्षि अरविंद आध्यात्मिक क्रांति की पहली चिंगारी थे। मधुसूदन प्रसाद सिंह ने कहा कि 1972 से यहां सोसाइटी का संचालन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग श्री अरविंदो व मां के चरणों में आकर शांति प्राप्त करते हैं।

# शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा लगाने से रोके जाने पर बंद रहा तरहसी बाजार

**PHOTON NEWS PALAMU:** जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय स्थित बेदानी चौक पर शहीद मंगल पांडे की प्रतिमा लगाने से रोके जाने पर शुक्रवार को तरहसी बाजार बंद रहा। बंद बुलाने के बाद व्यवसाईयों से समर्थन के लिए तरहसी-पांकी के क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता कार्यकताओं के साथ बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान सदर एसडीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बाजार एरिया में समर्थन मांगने के बाद पांकी विधायक ने सुभाष चौक पर लोगों को संबोधित किया। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे। मौके पर पांकी विधायक डा। मेहता ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में जनता ही मालिक होती है। सदर एसडीओ राजेश कुमार साह जनता के नौकर हैं। उन्हें जनता के प्रति सकारात्मक सोच रखने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा जिस जगह पर लग रही है वहां 7 फीट अतिक्रमण करने का हवाला देकर न सिर्फ निर्माण कार्य को रोका गया है, बल्कि वहां धारा 144 लागू कर निर्माण कार्य बंद कराने की साजिश रची गई। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार और यहां का प्रशासन अगर वीर शहीद को दो गज जमीन नहीं दे सकता तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। विधायक ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर चाहे जो भी कार्रवाई हो, लेकिन उपरोक्त जगह पर शहीद मंगल पांडे की प्रतिमा लगा कर ही दम लेंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे से समय मिल गया है। उनके द्वारा प्रतिमा निर्माण कार्य का शिलान्यास या उद्घाटन किया जाएगा।



टायर जलाकर विरोध जताते प्रदर्शनकारी।

# काला बिल्ला लगाकर सिंदरी कॉलेज के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, कॉलेज में सुरक्षा को लेकर उठाये सवाल

## कथित छेड़खानी मामले में पांच पर केस दर्ज, दो समितियां कर रही जांच

**PHOTON NEWS DHANBAD:** सिंदरी कॉलेज में छात्रा से प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार द्वारा कथित प्यार की मिठाई मांगने और प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार से मारपीट मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार 8 सितंबर को कॉलेज की महिला सेल सहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर को असुरक्षित बताते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि कॉलेज परिसर में एसआईएस गार्ड की उपस्थिति के बावजूद परिसर सभी के लिए असुरक्षित है। कोई भी बाहरी तत्व कॉलेज में शिक्षक के साथ मारपीट करता है और कोई कुछ नहीं करता।



काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन करते शिक्षक। ● फोटोन न्यूज

### गुरुवार की देर रात दोनों पक्षों की शिकायत पर दर्ज.हुई FIR

वहीं दूसरी ओर कथित छेड़खानी मामले में गुरुवार की देर रात छात्रा और शिक्षक दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज.कर लिया। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर प्रो सुरेंद्र कुमार पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 85/23 दर्ज किया गया। वहीं प्रो सुरेंद्र कुमार की लिखित शिकायत पर बजरंग दल विहिप जिला महामंत्री सोनू गिरी, रॉनी सिंह, रंजीत निषाद और छात्रा के पिता सुधीर कुमार पर अपमान करने और धक्का मुक्की करने का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 86/23 दर्ज. किया है। उन्होंने बताया कि कांड दर्ज कर जांच की प्रक्रिया चल रही है।

### महिला सेल और यौन उत्पीड़न निवारण समिति की जांच जारी

दूसरी ओर सिंदरी कॉलेज के प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक द्वारा गठित महिला सेल और यौन उत्पीड़न निवारण समिति अभी जांच कर रही है। समिति ने बताया कि अभी तक छात्रा और उनके परिजनों, प्रो सुरेंद्र कुमार, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित कुल 8 लोगों का लिखित बयान दर्ज. किया गया है। समिति ने बताया कि शिक्षक दिवस के दिन घटी घटना के हर बिंदुओं की जांच की जा रही है। कथित घटना के समय बगल वाले कमरे में लगभग 20 से 25 छात्र-छात्राएं शिक्षक दिवस की तैयारी में लगे थे।

# कतरास में जहरीली गैस से तीन बच्चे सहित कई जानवर आक्रांत

## केजरीवाल आउटसोर्सिंग परियोजना में आग और धुएं से दहशत में लोग

**PHOTON NEWS DHANBAD:** बीसीसीएल एरिया चार के भू-धंसान प्रभावित लकड़का दो नंबर बस्ती के समीप संचालित केजरीवाल आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यस्थल में शुक्रवार 8 सितंबर को लगी जबरदस्त आग से बस्ती के लोगों में हड़कंप मच गया। आग व धुंए के कारण निकल रही जहरीली गैस की जद में आकर वहां खेल रहे तीन बच्चे सहित कई जानवर बेहोशी की हालत में आ गए।

गैस से प्रभावित बच्चों में सांस लेने की समस्या उत्पन्न हो गई। घटना के बाद उक्त स्थल पर बसे लोगो ने आक्रांत बच्चों को पानी का छिड़काव चेहरे पर कर उन्हें होश में लाया। जहरीली गैस के कारण आसपास बसे लोगो में बीसीसीएल प्रबंधक के प्रति जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है।

परियोजना में आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। फिलहाल घटना को लेकर लोगो के बीच काफी अफरा तफरी का माहौल है। स्थानीय लोगो का कहना है कि लगातार ऐसी घटनाएं घटित होने से वहां रह रहे लोगो का जीना दुभर हो गया है। लोग दहशत के माहौल में जीने को विवश है। लोगो ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन सिर्फ आश्वासन देकर चुप्पी साध लेता हैं।



## 5 फीट का रेल ट्रैक भी बरामद, गोदाम मालिक और दो मुंशी पर एफआईआर दर्ज

# आरपीएफ ने चिरकुण्डा के लोहा गोदाम में मारा छापा, भारी मात्रा में रेलवे का सामान बरामद

**PHOTON NEWS DHANBAD:** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सोनारडंगाल स्थित सूरज इंटरप्राइजेज लोहा गोदाम में शुक्रवार 8 सितंबर की दोपहर करीब 12 बजे बराकर (पश्चिम बंगाल) के आरपीएफ इंस्पेक्टर पीयूष कांति के नेतृत्व में एक टीम ने छापेमारी की। छापेमारी की भनक लगते ही गोदाम संचालक सूरज ठठेरा सहित अन्य कर्मी फरार हो गये। आरपीएफ टीम ने गोदाम से रेलवे से जुड़े कई सामान बरामद की। टीम में शामिल आरपीएफ अधिकारी व जवान सादे लिवास में गोदाम पहुंचे थे।

### रेलवे की मोटर चोरी की सूचना पर पहुंची थी टीम

छापेमारी में रेल से संबंधित एक्सेल बॉक्स, कवर, बोगी स्प्रिंग, लाइन हेड और 5 फीट का रेल ट्रैक बरामद किया गया है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की मोटर चोरी की गुप्त सूचना पर सूरज इंटरप्राइजेज में जांच करने आये थे। लेकिन यहां तो रेलवे का ही भारी मात्रा में सामान भरा मिला। बरामद सामान को जब्त कर सूरज इंटरप्राइजेज के संचालक सूरज ठठेरा और उसके दो मुंशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज. की गई है। जानकारी के मुताबिक आरपीएफ की टीम ने लोहा गोदाम से एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। लेकिन इस बात की पुष्टि आरपीएफ टीम ने नहीं की है। छापेमारी की सूचना पर चिरकुंडा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। बता दें कि चिरकुंडा थाना क्षेत्र के सोनारडंगाल व पंचेत रोड स्थित कबाड़ खानों में कोलियरी और रेलवे से चोरी की गई लौह सामग्रियों को बड़े पैमाने पर खपाया जाता है। जिससे क्षेत्र में लोहा व केबल चोरी की घटनाओं में बेहताशा वृद्धि हुई है।



लोहा गोदाम में छापेमारी करती आरपीएफ की टीम ● फोटोन न्यूज

### बोकारो को बहुत जल्द मिलेगी एयरपोर्ट की सौगात, निरीक्षण के लिए पहुंची बीसीएएस की टीम

**BOKARO:** बोकारो को बहुत जल्द एयरपोर्ट की सौगात मिलने वाली है। इसके मद्देनजर शुक्रवार को एयरपोर्ट में यात्रियों के आवागमन के दौरान सुरक्षा की जांच के लिए शुक्रवार को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की टीम बोकारो एयरपोर्ट पहुंची। टीम के साथ एयरपोर्ट अथॉरिटी के डायरेक्टर अनिल कश्यप और बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक भी मौजूद रहे। बीसीएएस की टीम के निरीक्षण के बाद ही डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की टीम बोकारो एयरपोर्ट का जायजा लेने पहुंचेगी। इसके बाद एयरपोर्ट के लाइसेंस मिलने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। टीम ने बोकारो हवाई अड्डे टर्मिनल बिल्डिंग सहित अन्य जगहों का निरीक्षण किया। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए चहारदीवारी से सटी झोपड़ियां और आसपास के क्षेत्रों के बूचड़खाने हटाए जाएंगे।

# जैप वन में तीज दर मिलन समारोह का आयोजन



**PHOTON NEWS RANCHI:** डोरंडा के जैप 1 स्तिथ टीकू हॉल मे शुक्रवार को गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष व समाजसेवी रितेश थापा के द्वारा तीज दर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे वे गोरखा समाज की महिलाओं एवम बहनों का माईती बन कर तीज त्योहार मे दर का आयोजन किया। इसमें दीदी एवम बहने अपने नेपाली परिधान मे सज धज कर पहुंची और कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम मे आई दीदी एवम बहनों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन की भी व्यवस्था किया गया। प्रोग्राम की शुरूवात भगवान शंकर एवम पार्वती जी के मूर्ति के समक्ष मुख्य अतिथि रितेश कुमार थापा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात जैप 1 कीर्तन मंडली द्वारा कार्यक्रम के आयोजक रितेश कुमार थापा को नेपाली शॉल एवम टोपी पहना कर स्वागत किया। उसके बाद गोरखा महिलाओं एवम बच्चो द्वारा नेपाली लोक गीत मे रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए गए।मौके पर रितेश कुमार थापा ने कहा की ये तीज दर समारोह अपनी दीदी एवम बहनों के खुसी के लिए हर साल ऐसे ही मनाया जाएगा साथ ही एक भाई होने के नाते अपनी दीदी बहनों के हर सुख दुख मे मैं 24 घंटा रहूंगा। वही अपने पूरे गोरखा समाज की उन्नति के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा।

BRIEF NEWS

## 'मो माटी मो देश' अभियान के लिए अमको सिमको शहीद स्थल से एकत्रित हुई मिट्टी



**BIRMITRAPUR:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा पूरे भारत में 'मो माटी, मो देश' कार्यक्रम चला रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सुंदरगढ़ जिले के हर पंचायत में सांसद जुएल ओराम के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा और विभिन्न क्षेत्रों से मिट्टी संग्रह का काम चल रहा है। विरमित्रपुर के घर-घर और अमको-सिमको शहीद स्थल से एकत्र की गई थी। सांसद जोएल ओरम ने खुद बाजा बजाया, नाच-गाना किया और शहीदों के घर से मिट्टी इकट्ठा की।

## बनबेड़ा गांव में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलान्यास

**GHATSHILA:** प्रखंड के काशीदा पंचायत अन्तर्गत तामुकपाल के टोला बनबेड़ा में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलान्यास विधायक रामदास सोरेन और जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने संयुक्त रूप से शनिवार को नारियल फोड़कर किया। यह योजना आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन निधि (पीएम एबीएचआईएम) से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृत है। भवन का निर्माण 55 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस तरह से गांव-गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। गांव में ही चिकित्सा सुविधा ग्रामीणों को मिलने लगेगी।

## रेड क्रॉस सोसाइटी के मासिक रक्तदान शिविर में 82 यूनिट रक्त संग्रह

**JAMSHEDPUR:** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की पूर्वी सिंहभूम शाखा की ओर से प्रत्येक माह की 8 तारीख को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर की श्रृंखला में शुक्रवार को रक्तदान शविर का आयोजन किया गया। इस बार यह आयोजन सामाजिक संस्था मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से रेड क्रॉस भवन में किया गया। समाजसेवी एवं रेड क्रॉस के पेट्रन नरेश मोदी एवं अशोक मोदी के संयोजन में रक्तदान शिविर का आयोजन पिछले 9 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। अशोक मोदी इस शिविर में रक्तदान के साथ अपना जन्मदिन भी मनाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। शिविर का उद्घाटन सिटी एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसाइटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी अशोक भालोटिया एवं निर्मल काबरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिटी एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिसके माध्यम से हम किसी को जीवन प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर एक संवेदनशील शहर है, जहां रक्तदाता इस तरह से शिविरों में रक्तदान के लिए आगे बढ़कर हिस्सा लेते हैं।

## नेताजी सुभाष चौक पर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**CHAKULIA:** चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 स्थित मुख्य बाजार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर भारी मालवाहक वाहनों के परिचालन के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। वर्षों पूर्व बनाया गया कल्वर्ट ध्वस्त हो सकता है। सड़क और नाला के बीच स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति ध्वस्त हो सकती है। मूर्ति के सामने सड़क जर्जर होने के कारण हाई मास्ट लाइट के लिए जमीन के अंदर से ले जाया गया बिजली का तार भी खतरनाक साबित हो सकता है। जिस पाइप से बिजली का तार ले जाया गया है, वह पाइप ऊपर आ गई है। वाहनों के परिचालन से अगर पाइप फटा तो उक्त स्थल पर सड़क पर जमे पानी में बिजली का प्रवाह आ सकता है। इस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं है। ज्ञात होगी इस सड़क से होकर भारी मालवाहक वाहनों के परिचालन से उक्त चौक पर स्थिति भयावह हो गई है। हमेशा किसी हादसे की आशंका बनी रहती है।

# 12 रेडियल गेट खोले जाने के बाद पांच सेंटीमीटर घटा डैम का जलस्तर

### सात रेडियल गेट को एक-एक मीटर व पांच रेडियल गेट को आधा-आधा मीटर खोला गया

**PHOTON NEWS CHANDIL :** चांडिल डैम का 12 रेडियल गेटों को खोले जाने के बाद से डैम का जलस्तर घटना शुरू हो गया है। 12 रेडियल गेटों में सात रेडियल गेट को एक-एक मीटर और पांच रेडियल गेट को आधा-आधा मीटर खोला गया है। गुरुवार की रात डैम का जलस्तर 181.80 मीटर दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार की सुबह जलस्तर 181.90 मीटर पर पहुंच गया था। जलस्तर बढ़ता देख शुक्रवार की सुबह पांच रेडियल गेटों को खोला गया। इसके साथ ही डैम के कुल 13 में से 12 रेडियल गेटों को खोला गया है। 12 रेडियल गेट खुला रहने के बाद शुक्रवार की शाम को डैम का जलस्तर 181.85 मीटर दर्ज किया गया। शुक्रवार को दिनभर में पांच सेटीमीटर जलस्तर घटा है। जलस्तर बढ़ने के बाद चांडिल डैम के डूब क्षेत्र के दर्जनों विस्थापित गांव जलमग्न हो गए हैं।



**जलमग्न हुए डूब क्षेत्र के कई गांव**

चांडिल डैम का जलस्तर बढ़ने के साथ डैम के किनारे डूब क्षेत्र में स्थित दर्जनों विस्थापित गांवों में पानी घुस गया है। डैम के पानी से जलमग्न विस्थापित गांवों में रहने वाले विस्थापित परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई है। लोग अपने घरों में दहशत के साथ रह रहे हैं। उन्हें डर है कि तेज बारिश न हो, जिसे उनका घर पूरी तरह से पानी में डूब जाए। वैसे बारिश होते ही विस्थापितों की दिल की धड़कन बढ़ जाती है। तेज बारिश होने पर डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ता है, जिसके कारण डैम के किनारे बसे डूब क्षेत्र के गांवों में डैम का पानी घुस जाता है। बताया जाता है कि विस्थापित होने के बाद परियोजना प्रशासन की ओर से संपूर्ण मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा नहीं मिलने के कारण सैकड़ों की संख्या में विस्थापित परिवार अब भी अपने पुराने गांव में ही रहते हैं।

# कैंपस में अनुशासन बना कर रखे छात्राएं मोबाइल लेकर न आएं कॉलेज : प्रिंसिपल

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** ग्रेजुएट कॉलेज में शुक्रवार को बीबीए व बीसीए के नए सत्र (2023-27) के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। इस परिचय सत्र की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉक्टर वीणा प्रियदर्शी ग्रेजुएट कॉलेज, एवं वोकेशनल कोऑर्डिनेटर डॉक्टर भारती कुमारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सत्र की शुरूआत में बीसीए विभाग की तरफ से कृष्ण मुरारी राय के द्वारा डॉक्टर वीणा प्रियदर्शी को पौधा देकर सम्मानित किया गया एवं डॉ भारती कुमारी को बीबीए विभाग की शिक्षिका डॉक्टर शारदा कुमारी के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। परिचय सत्र को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ वीणा प्रियदर्शी ने कहा कि वोकेशनल कोर्स रोजगार पूरक कोर्स है, इस कोर्स को करके छात्राएं आसानी



बीबीए व बीसीए की परिचय सत्र के आयोजन में उपस्थित लोग।

से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और समाज की सेवा कर सकते हैं। साथ ही साथ प्राचार्य ने कहा कि सभी छात्राओं को कॉलेज के अंदर अनुशासन बनाए रखना है।

जिससे क्लास आसानी से लिया जा सके उन्होंने कहा कि कॉलेज परिसर में मोबाइल का उपयोग पूर्णत वर्जित है। ऐसे में कोई भी छात्रा वोकेशनल कोऑर्डिनेटर डॉक्टर भारती कुमारी ने कहा कि सभी शिक्षक नगीना की तरह हैं और सभी छात्राएं ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित कर अपने आप को विकसित करें। कार्यक्रम का सफल संचालन बीबीए डिपार्टमेंट की डॉक्टर सायंतनी बनर्जी ने किया। इस अवसर पर विभाग के तरफ से डॉक्टर शारदा कुमारी एवं मुकेश कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया।

## दो ट्रेनों को राउरकेला तक चलाने के लिए होगी कोशिश : मंत्री शारदा प्रसाद नायक



श्रम मंत्री शारदा प्रसाद को ज्ञापन सौंपते सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि।

**PHOTON NEWS ROURKELA:** ओडिशा सरकार के श्रम मंत्री शारदा नायक ने कहा गोरखपुर - हटिया मौर्य एक्सप्रेस एवं थावे- टाटा एक्सप्रेस के राउरकेला तक से चलाने की मांग हमारे जहन में है। यह मांग काफी पुरानी है।

इसे हम साथ मिलकर राउरकेला तक लाएंगे। गोरखपुर - हटिया मौर्य एक्सप्रेस एवं थावे छपरा टाटा एक्सप्रेस के राउरकेला तक लाने की मांग को एक कदम और आगे बढ़ते हुए राउरकेला के सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रम मंत्री शारदा प्रसाद से मुलाकात की। मंत्री ने इस मामले को विधानसभा में उठाने तथा ध्यानाकर्षण कराने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों में वेद प्रकाश तिवारी, विशम्बर नाथ मिश्रा, ओपी सिंह, अरुण सिंह, शिव शंकर शर्मा, सुमेर सिंह, मुनीन्द्र सिंह, संजय झा, अजीत सिंह यादव, विभूति गुप्ता, राकेश सिंह प्रमुख थे।

## आईएमए का चुनाव 8 अक्टूबर को, कमेटी का हुआ गठन

**JAMSHEDPUR:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जमशेदपुर शाखा के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार समय पर आईएमए का चुनाव कराने के लिए वर्तमान कमेटी अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही बैठक चुकी है, जिसमें चुनाव से संबंधित सभी बिंदुओं पर विचार किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया है कि 8 अक्तूबर को चुनाव समिति को चुनाव से संबंधित प्रस्ताव भेजा जायेगा। चुनाव कराने के लिए गठित समिति में डॉ. उमाशंकर सिंह, डॉ. विनय रंजन, डॉ. आरएन प्रसाद, डॉ. नीरज प्रसाद और डॉ. उन्मेश लुकतुके शामिल हैं। आईएमए सचिव डॉ. सौरभ चौधरी बताया कि आगे की प्रक्रिया अब चुनाव समिति तय करेगी। अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष समेत कुल 28 पदों के लिए चुनाव होने हैं। इसमें पुरूष सदस्य 18 और महिला सदस्य का दो पद भी शामिल है।

## इंजन की चपेट में आया रेल कर्मचारी, मौत

### इंजन संटिंग के दौरान हुआ हादसा, जांच में जुटी पुलिस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** टाटानगर इलेक्ट्रिक लोको शेड में इंजन संटिंग के दौरान रेल कर्मचारी 50 वर्षीय निषेध कुमार उर्फ शेखर इंजन की चपेट में आ गया। जहां घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना अहले सुबह की बताई जा रही है। रात्रि ड्यूटी में कीताडीह निवासी शेखर मौजूद थे। सुबह-सुबह इंजन संटिंग के दौरान वह इंजन की चपेट में आ गया। जहां उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी मिलते ही रेलवे के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना परसुडीह पुलिस को दी। परसुडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुटगई, फिलहाल शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच



पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी देते हुए उनके सह कर्मी एवं मेंस कांग्रेस के नेता शशि मिश्रा ने बताया कि शेखर 97 बैच के रेलवे कर्मचारी थे। वे रात्रि 10 से 6 बजे की ड्यूटी में मौजूद थे। तभी अहले सुबह इंजन संटिंग के दौरान उनकी मौत हुई है। उन्होंने कहा इस दुख की घड़ी में पूरा रेल परिवार उनके साथ खड़ा है। परिवार को पूरा सहयोग करके बेनिफिट दिलाया जायेगा। वह घर की रीढ़ था। सीनी में रहने वाले दिव्यांग भाई का भी वह सहारा था। पत्नी व दो बेटों के साथ कीताडीह में रहता था। इधर, घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। घटना की जांच के आदेश डीआरएम ने दे दिए हैं।

## चैंबर ने बेहतर नागरिक सुविधाओं की रखी मांग



**ROURKELA:** राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील कयाल, वाइस प्रेसीडेंट गुरुमीत सिंह, जनरल सेक्रेटरी प्रभात कुमार टिबरेवाल, सचिव एडीएमएन और पीआर शुभम कपूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आईडीसीओ के मंडल प्रमुख नंदन कुमार करार से मुलाकात की। इस दौरान सदस्यो ने औद्योगिक संपदा कलुंगा व औद्योगिक संपदा राउरकेला से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। बिजली आपूर्ति, इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, ड्रेनेज और भूमि मामले से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की।

## प्रदूषण की रोकथाम हर व्यक्ति का काम : डॉ. शुभंकर




**ROURKELA:** राउरकेला नगर निगम के काउंसिल हॉल में गुरुवार को नीले आसमान के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वायु प्रदूषण को रोकने के लिए राउलकेला नगर निगम द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। कार्यक्रम में एडीएम राउरकेला सह आरएमसी कमिश्नर डॉ. शुभंकर महापात्र ने सभी से प्रदूषण की रोकथाम के लिए व्यक्तिगत स्तर पर काम करने की अपील की। वहीं राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी, आरएसपी समेत अन्य उद्योगों के प्रतिनिधि मौजूद रहे और प्रदूषण के विभिन्न कारणों और उसके समाधान के लिए उठाये गये कदमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में एनआईटी लाइफ साइंस विभाग के प्रोफेसर भी मौजूद थे।

## RSP में HOT STRIP मिल-2 के लिए स्लाइडर निर्माण कर हासिल की बचत

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) में शॉप्स-मैकेनिकल शॉप के कर्मीसमूह ने अपनी सूक्ष्म दक्षता एवं कुशलता का उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए निजी तौर पर घरेलू संसाधनों का उपयोग हॉट स्ट्रिप मिल झ 2 के लिए सफलतापूर्वक स्लाइडर विकसित किया है। इसपहल से न केवल उपकरणों की उपलब्धता बढ़ी है, बल्कि कंपनी की लागत में भी पर्याप्त बचत हासिल हुई है।

**विशेषत:** एचएसएम-2 का अनकॉइलर मैंड्रेल कांस्य स्लाइडर से बना है जो हॉट स्ट्रिप मिल -2 के सुचारू उत्पादन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन स्लाइडर्स को हाइड्रोलिक सिलेंडर की मदद से गाइड वे के अंदर स्लाइड किया जाता है। हालाँकि, हॉट स्ट्रिप मिल -2 पर उपलब्ध स्लाइडर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था , जिससे एचएसएम- 2 की निर्बाध कार्यप्रणाली को बनाए रखने के लिए तत्काल प्रतिस्थापन की आवश्यकता हुई। बाहरी स्रोतों से नया स्पेयर खरीदना समय लेने वाला प्रक्रिय था और अधिक महंगा होता।



शॉप्स-मैकेनिकल शॉप कर्मीसमूह के लोग।

## राउरकेला: फुटबॉल टूनार्मेंट के जूनियर वर्ग का विजेता बना संत पॉल स्कूल हमीरपुर

**PHOTON NEWS ROURKELA:** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के स्पोर्ट्स सेल द्वारा राउरकेला स्टील प्लांट ओपन स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट संपन्न हुआ। समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पीके सत्पथी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति थे। महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवा) पीके दास सम्मानित अतिथि थे। अतिथियों ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर महाप्रबंधक (नगर सेवा) बिभाबसु मलिक, महाप्रबंधक (पीएच एंड एसडब्ल्यू) जेपी मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, स्कूलों के प्रतिनिधि और खेल प्रेमी भी उपस्थित थे। जूनियर बालक वर्ग में में संत पॉल स्कूल हमीरपुर, रेलवे मिक्स हाई स्कूल, बंडामुंडा को 2-0 से हराकर विजेता बना। लड़कों के सीनियर ग्रुप में कल्याणी राय हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम मुंसिपल हायर सेकेंडरी स्कूल को 2-0 से हराकर चैंपियन बनी। इसी प्रकार बालिका वर्ग में कल्याणी राय हायर सेकेंडरी स्कूल एनएसी (एसटी) हाई स्कूल, सेक्टर-06 को 2-1 से हराकर विजेता बना।



जीत के बाद जश्न मनाती विजेता टीम।

### नव भारत साक्षरता दिवस पर पूर्वी सिंहभूम जिले में गैर-साक्षरों को साक्षर बनाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू

# उल्लास एप में जिले के निरक्षरों का होगा रजिस्ट्रेशन, इसके जरिए बनाया जाएगा साक्षर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** नव भारत साक्षरता दिवस के अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिले में गैर-साक्षरों को साक्षर बनाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत जिला साक्षरता समिति द्वारा शुक्रवार को केरला पब्लिक स्कूल कदमा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, राज्य अनुश्रवण पदाधिकारी कीर्तिवास कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी आदि उपस्थित हुए। इस दौरान सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे अशिक्षित को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा, वे नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें निकटतम विद्यालय में जाकर निरक्षरों का पंजीयन 'उल्लास एप' में कराने के लिए प्रेरित करेंगे।

साथ ही, वे अपने आस-पड़ोस के व्यक्तियों को स्वयंसेवी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित करेंगे ताकि वे गैर-साक्षरों को लिखने-पढ़ने में मदद कर सकें। वहीं प्रखण्ड स्तर पर भी गठित प्रखण्ड साक्षरता समिति द्वारा गैर साक्षरों को लिखने-पढ़ने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रभात फेरी, साइकिल रेली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।



केरला पब्लिक स्कूल कदमा कार्यशाला में उपस्थित लोग।

## करीम सिटी कॉलेज में 14 व 15 सितंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

**JAMSHEDPUR:** करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर में व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड (पूर्वी क्षेत्र),उच्च शिक्षा विभाग के तहत, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रशिक्षुता-सह-नौकरी मेला का आयोजन 14 व 15 सितंबर को किया गया है। इसमें डिग्री इंजीनियरिंग, डिप्लोमा धारकों (प्रौद्योगिकी) और सामान्य स्ट्रीम (बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, आईटी, आदि) में स्नातकों के लिए नौकरी का अवसर। यह मेला सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक दोनों दिन आयोजित होगा। करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि अप्रेंटिसशिप-कम-जॉब मेला करीम सिटी कॉलेज में लग रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवसर उन सभी छात्रों के लिए खुला है, जो पिछले पांचवर्षों (2019 से 2023) के दौरान मान्यता प्राप्त संस्थानों / वैधानिक विश्वविद्यालयों (झारखंड और अन्य राज्य) से उत्तीर्ण हुए हैं, ऐसे छात्र मेले में शामिल होने के लिए अपना नाम **www.doptor.org** पर पंजीकृत कर सकते हैं। करीम सिटी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ मो मोअज्जम नजरी ने बताया कि टाटा मोटर्स लिमिटेड, जीएसऑटो इंटरनेशनल लिमिटेड, फ्लीटक्वार्ड फिल्टर्स प्राइवेट, नेटमोर टेक्नोलॉजी, एएसएल मोटर्स, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, टाटा ब्लूस्कोप स्टील प्रा. लिमिटेड, रामकृष्ण फोर्जिंग्स लिमिटेड, एसईएम टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा लिमिटेड आदि जैसी 30 से अधिक प्रमुख कंपनियां ने अप्रेंटिसशिप-कम-जॉब मेला में भाग लेने के लिए अपना नाम पंजीकृत कराया है। उन्होंने कहा कि उद्देश्य स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षुता और नौकरी के अवसर प्रदान करके एक आशाजनक कैरियर यात्रा शुरू करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करना है।

# पर्यावरण की परवाह

जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखने लगा है और धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। यूरोपीय संघ के कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन पैनल ने कहा है कि पिछला महीना अगस्त वैश्विक स्तर पर सबसे गरम रहा, जो अब तक के सबसे गरम जून और जुलाई के बाद ऐसा रिकॉर्ड बनाने वाला लगातार तीसरा महीना बन गया है। कॉपरनिकस की उप-प्रमुख सामंथा बर्गेस ने फिर गुहार लगाई है कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन दुनिया में तत्काल बंद किया जाए। दुनिया के अनेक इलाकों में बाढ़ की स्थिति है, तो अनेक जगह आग लगी हुई है। यूरोप की अगर बात करें, तो पिछले महीने अगस्त में मध्य यूरोप और स्कैंडिनेविया के बड़े हिस्से में बाढ़ देखी गई, जबकि फ्रांस, ग्रीस, इटली और पुर्तगाल में ऐसा सूखा पड़ा कि जंगलों में आग लग गई। अगस्त में ऑस्ट्रेलिया, अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों और अंटार्कटिका के आसपास भी औसत से काफी ऊपर तापमान दर्ज किया गया। इस साल में अब तीन ही महीने बचे हैं और ऐसा लग रहा है कि साल 2023 सबसे गरम वर्ष के रूप में दर्ज हो जाएगा। अब दुनिया के दिग्गज देशों को जरूर सोचना चाहिए कि क्या बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं? वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य 2015 में 196 देशों ने पेरिस अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समझौते के तहत तय किया था। इस दिशा में कितनी कामयाबी मिली है? यह वाकई परखने का समय है, वरना यह दुनिया इंसान के लिए दिनोंदिन मुश्किल होती चली जाएगी। भारत में भी अगस्त में औसत रूप से रिकॉर्ड गरमी दर्ज की गई है। वर्ष 1901 के बाद यह सबसे गरम अगस्त बताया जा रहा है। भारत में भी कहीं सूखे की स्थिति है, तो कहीं जरूरत से ज्यादा बारिश से तबाही का मंजर है। शायद अभी भी लोग जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रभाव भारत में भी महसूस किया जा रहा है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के प्रभाव में भारत में भी औसत तापमान में वृद्धि हुई है। हिंद महासागर के स्तर में भी वृद्धि हुई है, जो भारतीय भूभाग को हर वर्ष 3.3 मिमी की मात्रा में निगल रहा है। भारतीय संसद में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, 1993 और 2017 के बीच, भारत के आसपास समुद्र के स्तर में कुल 7.92 सेंटीमीटर की वृद्धि हो चुकी है। वैसे अनेक अन्य देशों की तुलना में भारत पर्यावरण की दृष्टि से ज्यादा सजग और संवेदनशील है। सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार पहल कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने और 2030 तक 50 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के विकास के लिए 3,760 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह बहुत सुखद सूचना है कि सरकार का लक्ष्य 2030 तक 4,000 मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाएं विकसित करना है। दरअसल, अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर आर्थिक सहयोग देने की जरूरत है।

# इंडिया पर बहस

जी-20 की बैठक में शिरकत करने भारत आ रहे मेहमानों के सम्मान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रात्रिभोज का आयोजन किया है, जिसके निमंत्रण पत्र पर पहली बार अंग्रेजी में ह्यरिपब्लिक ऑफ इंडियाह्ण की जगह ह्यरिपब्लिक ऑफ भारतह्ण के इस्तेमाल को लेकर मुख्यधारा के मीडिया से सोशल मीडिया तक प्रतिक्रियाओं की बाढ़-सी आ गई है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि एक नागरिक के तौर पर देश के नाम से उसके बाशिंदों का भावनात्मक रिश्ता होता है। इसका अंदाजा इसी तथ्य से लग जाता है कि सरकार ने अभी औपचारिक रूप से ऐसा कोई प्रस्ताव पेश भी नहीं किया है, जो ह्यइंडियाह्ण के इस्तेमाल को रोकता हो, मगर लोग दो खेमों में बंटते साफ दिख रहे हैं। दरअसल, राष्ट्रपति भवन से हुई इस पहल के बाद ऐसा संदेश गया है कि यही सरकार की ठोस मंशा है। आरएसएस प्रमुख ने हाल ही में इंडिया की जगह भारत के इस्तेमाल की पैरोकारी की थी। मगर सवाल उठता है कि ऐसे किसी विमर्श को खड़ा करने के लिए क्या यह मुनासिब वक्त है? देश में जी-20 के शासनाध्यक्ष आने को हैं। इस समय तो एक मानस के साथ हमें वसुधैव कुटुंबकम की अपनी पहचान का उनसे लोहा मनवाना था? भारत का संविधान जब लिखा जा रहा था, तब इस बात पर गंभीर बहस हुई थी कि क्या देश का एक ही नाम हो, अंततः ह्यइंडिया दैट इज भारतह्ण का इस्तेमाल करते हुए इस विमर्श का समाधान किया गया। आजाद भारत के मानस में आर्यावर्त, हिन्दुस्तान, भारत और इंडिया समान रूप से समाहित रहा है। स्वतंत्रता के बाद से साढ़े सात दशक का सफर तय कर चुका भारत न सिर्फ एक प्रौढ़-परिपक्व लोकतंत्र के रूप में, बल्कि तरक्की के दीगर मेयार पर आज दुनिया की पहली कतार में खड़ा है। इसे कभी उज्र नहीं हुआ कि इसे इंडिया नाम से पुकारा गया या भारत या हिन्दुस्तान। ऐसे में, जब आधिकारिक रूप से ऐसा कोई प्रस्ताव आएगा, तब पूछा ही जाएगा कि क्या इन नामों की वजह से कोई प्रशासनिक परेशानी खड़ी हो रही है? और अगर ऐसा है, तो क्या यह बेहतर नहीं होगा कि इसके बारे में अंतिम निर्णय व्यापक जन-सहमति से हो? हमारा देश, समाज और इसकी रवायतें अपनी समूची खूबसूरती ही विविधताओं से बटोरती हैं।

# सनातन की सांस्कृतिक छाया में जी-20 सम्मेलन

ANALYSIS



प्रमोद भार्गव

**एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन नहीं है। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह विचार मानव केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम एक धरती के रूप में मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। जिससे सब एक-दूसरे के सहयोगी बने रहें और समान एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए एक साथ आगे बढ़ते रहें। विश्व कल्याण का यह विचार आज तक किसी अन्य देश के राष्ट्र प्रमुख ने नहीं दिया। क्योंकि ये देश असमानता के संदर्भ में ही अपने पूंजीवादी, बाजारवादी और उपभोक्तावादी एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं। पश्चिमी देशों द्वारा हथियारों का उत्पादन और फिर उनके खपाने का प्रबंध कई देशों की प्रत्यक्ष लड़ाई और देशों के भीतर ही धर्म और संस्कृति के अंतर्कलहों में हम देखते रहे हैं। अतएव विश्वव्यापी भाईचारे के लिए वसुधैव कुटुंबकम् से उत्तम कोई दूसरा विचार हो ही नहीं सकता। थोड़ा ठहरकर शिव के 'नटराज' रूप के प्रतीक रहस्यों को समझ33 लेते हैं।**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन इस बार सनातन संस्कृति की छाया में होगा। इसी भाव को दृष्टिगत रखते हुए शिखर सम्मेलन स्थल पर भगवान शिव की 28 फीट ऊंची ह्यनटराजह्य प्रतिमा को प्रतीक रूप में स्थापित किया गया है। इस प्रतिमा में शिव के तीन प्रतीक-रूप परिलक्षित हैं। ये उनकी सृजन यानी कल्याण और संहार अर्थात विनाश की ब्रह्मांडीय शक्ति का प्रतीक हैं। अष्टधातु की यह प्रतिमा प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम्' के द्वार पर लगाई गई है। इस प्रतिमा की आत्मा में सार्वभौमिक स्तर पर सर्व-कल्याण का संदेश अंतर्निहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी शाश्वत दर्शन से भारतीय संस्कृति के दो सनातन शब्द लेकर 'वसुधैव कुटुंबकम्' के विचार को सम्मेलन शुरू होने के पूर्व प्रचारित करते हुए कहा है कि 'पूरी दुनिया एक परिवार है।' यह ऐसा सर्वव्यापी और सर्वकालिक दृष्टिकोण है, जो हमें एक सार्वभौमिक परिवार के रूप में प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक ऐसा परिवार जिसमें सीमा, भाषा और विचारधारा का कोई बंधन नहीं है। जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह विचार मानव केंद्रित प्रगति के आह्वान के रूप में प्रकट हुआ है। हम एक धरती के रूप में मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। जिससे सब एक-दूसरे के सहयोगी बने रहें और समान एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए एक साथ आगे बढ़ते रहें। विश्व कल्याण का यह विचार आज तक किसी अन्य देश के राष्ट्र प्रमुख ने नहीं दिया। क्योंकि ये देश असमानता के संदर्भ में ही अपने पूंजीवादी, बाजारवादी और उपभोक्तावादी एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं। पश्चिमी देशों द्वारा हथियारों का उत्पादन और फिर उनके खपाने का प्रबंध कई देशों की प्रत्यक्ष लड़ाई और देशों के भीतर ही धर्म और संस्कृति के अंतर्कलहों में हम देखते रहे हैं। अतएव विश्वव्यापी भाईचारे के लिए वसुधैव कुटुंबकम् से उत्तम कोई दूसरा विचार हो ही नहीं सकता। थोड़ा ठहरकर शिव के 'नटराज' रूप के प्रतीक रहस्यों को समझ लेते हैं। यह प्राचीन कथा स्कंद पुराण में मिलती है। यह शिव के थिलाई-वन में घूमने और इसी वन में ऋषियों के एक समूह के रहने से जुड़ी है। थिलाई वृक्ष की एक प्रजाति है, जिसका चित्रण मंदिर की प्राचीरों पर भी मिलता है। परिवार सहित रहने वाले ये ऋषि मानते थे कि मंत्रों की शक्ति से देवताओं को वश में किया जा सकता है। एक दिन शिव दिगंबर रूप में अलौकिक सौंदर्य और आभा के साथ इस वन से गुजरे। शिव के इस मोहक रूप से ऋषि पत्नियां मोहित हो उठीं और यज्ञ एवं साधना से विचलित होकर शिव के पीछे दौड़ पड़ीं। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से साधुगण क्रोधित हो उठे और उन्होंने मंत्रों का आह्वान कर शिव के पीछे विशैले सर्प छोड़ दिए। शिव ने सर्पों को गहना मानकर एक को गले में, एक को शिखा पर और एक को कमर में धारण कर लिया। शिव का यह उपक्रम वन्य जीवों के संरक्षण द्योतक है। ऋषि और अधिक क्रोधित हुए। उन्होंने मंत्रसिद्धि से एक बाघ उत्पन्न कर शिव के पीछे दौड़ा दिया। शिव ने बाघ को मारकर उसकी चमड़ी उधेड़ी और कमर में वस्त्र के रूप में पहन ली। यह प्राकृतिक रूप से सभ्यता की ओर बढ़ने वाला पहला कदम था। अंत में ऋषियों ने अपनी सभी तांत्रिक शक्तियों का प्रयोग कर एक शिक्तिषाली अपस्मरा नामक राक्षस सृजित किया। यह राक्षस अज्ञानता और अभिमान का प्रतीक है। शिव सरल मुस्कान के साथ इसकी पीठ पर चढ़ जाते हैं और नृत्य करने लगते हैं। शाश्वत आनंद का यह नृत्य कुछ और नहीं अहंकार त्यागकर सहज रूप में जीवन जीने का संदेश है, जो ऋषियों के तप-अनुष्ठानसे भिन्न मार्ग है। कलात्मक ढंग से जीने का सत्य-चित्त आनंद अर्थात सच्चिदानंद के साथ जीना ही श्रेयस्कर है। इन सब को शिव के वशीभूत देखा, तब ऋषि ईश्वर को ही सत्य मानते हुए शिव के समक्ष समर्पण कर देते हैं। गोया इस प्रतीक में विश्व कल्याण का संदेश प्रकट है। इन्हीं संदेशों की कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री का मानना है कि कोविड महामारी ने विश्व व्यवस्था को बदल दिया है। नतीजतन तीन महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, पहला यह अनुभव हो रहा है कि दुनिया के जीडीपी केंद्रित दृष्टिकोण से हटकर मानव केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने की जरूरत है। दूसरा, दुनिया वैश्विक सप्लाई चेन में सुदृढ़ता और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। तीसरा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्ष को बढ़ावा देना। ये तीन प्रयोजन सिद्ध हो जाते हैं तो एक बड़ा वैश्विक मानव समुदाय चैन की नींद सोने लायक हो जाएगा। लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी देश गुटों में विभाजित हैं। जबकि भारत विभिन्न पांच मुद्दों पर आम सहमति बनाने में जुटा है। इन मुद्दों में रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति, महंगाई पर नियंत्रण और खाद्य-आपूर्ति, ऊर्जा, हथियारों की होड़ और जलवायु परिवर्तन। भारत की कोशिश है कि इन पांच मुद्दों पर सम्मेलन के अंतिम दिन एक संयुक्त बयान जारी हो जाए। लेकिन दुनिया के दो बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल नहीं हो रहे हैं। नतीजतन भारत के सामने शिखर सम्मेलन को सफल बनाने की बड़ी चुनौती पेश आ रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नहीं आ रहे हैं। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव आएंगे। इसी तरह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत नहीं आने को लेकर असमंजस की स्थिति रही। लेकिन अब चीन के विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि जिनपिंग के स्थान पर प्रधानमंत्री ली कियांग चीन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसलिए ये सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया के दो बड़े देशों के प्रमुखों का सम्मेलन में नहीं आने से उन मुद्दों पर संयुक्त बयान जारी हो पाएगा, जिन्हें भारत वैश्विक हितों के लिए हल करना चाहता है। इन दोनों के नहीं आने के पीछे की मंशा में यह भाव संभव है, कि भारत यदि अपने मकसद में सफल हो जाता है तो भारत वैश्विक शक्ति की ओर बढ़ जाएगा। चीन भारत का पड़ोसी जरूर है, लेकिन उसकी हमेशा कोशिश रही है कि भारत में अशांति और अस्थिरता बनी रहे। इसीलिए जी-20 सम्मेलन के ठीक पहले वह अपने मानचित्र में भारत के अरुणाचल प्रदेश के भू-भाग को दिखाकर यह जताने की कुटिल हरकत को अंजाम देता है कि भारत को विश्व शक्ति के रूप में चीन देखना नहीं चाहता। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इसी परिप्रेक्ष्य में निराशा जाहिर कर चुके हैं। बाइडन भली-भांति जानते हैं कि जिनपिंग की अनुपस्थिति में जी-20 को वैश्विक, आर्थिक सहयोग का मुख्य मंच बनाए रखने की अमेरिका की कोशिश और विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण को सुरक्षित करने के प्रयासों को झटका लगेगा। साफ है, सम्मेलन में जिनपिंग की भागीदारी के बिना व्यावहारिक एवं कल्याणकारी परिणाम तक पहुंचना कठिन है। 2008 में इस संगठन को राष्ट्राध्यक्षों के स्तर पर उन्नत बनाए रखने के बाद यह पहली बार है कि चीन के राष्ट्रपति इस सम्मेलन का हिस्सा नहीं बन रहे है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने सम्मेलन की मेजबानी में भारत का समर्थन किया है और यह भी भरोसा जताया है कि वह सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से पत्रकारों ने पूछा कि जिनपिंग की जगह ली कियांग को दिल्ली भेजने का फैसला क्या इसलिए लिया गया, क्योंकि दोनों देशों के बीच तनाव के हालात हैं। इस पर प्रवक्ता ने सीमा विवाद का तो कोई हवाला नहीं दिया, लेकिन यह जरूर कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध यथास्थिति में हैं। मसलन तनाव में तरलता दिखाने को चीन तैयार नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन को सफलता के कितने निकट ले जा पाते हैं, यह उनकी कूटनीतिक गतिविधियों और वाकचातुर्य पर निर्भर रहेगा। दरअसल मोदी विभिन्न देशों के बीच जो भी मतभेद हैं, उन्हें खत्म करने के इच्छुक हैं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं। क्योंकि विवाद खत्म होंगे तो रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा संघर्ष भी खत्म होने की अपेक्षा की जा सकेगी ? ऐसी ही शांति बहाली के बाद यूक्रेन में पड़ा अनाज जरूरतमंद देशों के पास पहुंचाया जा सकेगा और रूस के पास ऊर्जा का जो भंडार है, उसे यूरोपीय देशों तक पहुंचाना संभव होगा। वर्तमान में पश्चिमी देशों ने रूस पर अनेक प्रतिबंध लगा रखे हैं। नतीजतन भविष्य में रूस की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है लेकिन अभी तक उसकी अर्थव्यवस्था पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ जो यूरोपीय देश गैस पर निर्भर हैं, उन्हें भविष्य में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। क्योंकि रूस ने गैस की आपूर्ति रोकी हुई है। सर्दी आते-आते जर्मनी जैसे देशों में गैस की कमी विकराल संकट का रूप ले सकती है। इस नाते भारत को तीन अलग-अलग जी-20 ऊर्जा उत्पादक देशों (अमेरिका, रूस और सऊदी अरब) बनाम ऊर्जा उपभोक्ता (यूरोप और अन्य देश) को एक साथ लाने में मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी इन बाधाओं को सुलझाने में सफल हो जाते हैं तो वह वैश्विक नेता और भारत वैश्विक नेतृत्वकर्ता देश की श्रेणी में खड़ा हो जाएगा। चीन को भारत की यह प्रतिष्ठा क्यों सुहाएगी?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' से भी 'इन्हें' दिक्कत है

आम चुनाव के लिए अभी से पक्ष और विपक्ष की बिसात बिछ चुकी है। लगातार दो लोकसभा चुनाव में करारी हार से बौखलाई कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने मिलकर एक नया गठबंधन तैयार किया है। इसका नाम आईएनडीआईए ' इंडिया' रखा है। मजेदार बात यह है कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के मकसद से बना यह गठबंधन तीन बैठकें हो जाने के बाद भी न तो अपना नेता तय कर सका है, न नीति और न कार्यक्रम। केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल तैयार करने के लिए मुद्दे तलाश पाने मे नाकाम विपक्षी नेता जो पहले संघ, भाजपा और मोदी के खिलाफ बयानबाजी करते थे अब वे सनातन हिन्दू धर्म, उसके प्रतीकों, संस्कृति और धर्म साहित्य के साथ भारत तक के विरोध में खड़े दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सनातन भारतीय संस्कृति से उनकी घृणा कोई नई नहीं है, लेकिन अब तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेता 'प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के स्थान पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने पर आपत्ति जता रहे हैं। इससे नई बहस शुरू हो गई है। दरअसल लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने की जुगत में लगे विपक्षी दल सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए मुद्दे नहीं खोज पा रहे हैं। वे महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उठाने की कोशिश तो कर रहे हैं लेकिन इन मुद्दों पर जिन राज्यों में कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों की सरकारें हैं उनका प्रदर्शन कई भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले खराब है। इसके अलावा मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान जिस तरह की महंगाई और भ्रष्टाचार को देश के लोगों ने देखा है उसकी वजह से विपक्षी नेताओं की बातें आम लोगों को खास प्रभावित नहीं कर पा रही हैं। विपक्ष के नेताओं और तमाम बुद्धिजीवियों का मानना है कि हिन्दू समाज के मतदाताओं के जातीय पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर मतदान करने की वजह से भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावो और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है। इसीलिए हाथरस कांड को आज तक याद दिलाया जाता है ताकि भाजपा को दलित विरोधी साबित किया जा सके। ब्राह्मणों को भाजपा से दूर करने के लिए विकास दुबे जैसे दुर्दान्त अपराधी की भी ब्राह्मण पहचान उकेरने का प्रयास किया जा रहा है। मुजफ्फरनगर के एक स्कूल की विकलांग शिक्षिका ने परिजनों के कहने पर एक छात्र को दूसरे छात्र-छात्राओं से थप्पड़ लगवा दिए थे। इस घटना का वीडियो पीटने वाले छात्र के चाचा ने बनाया और वह खुद छात्र को मारने के लिए उकसा रहा था लेकिन इसके बावजूद भाजपा पर साम्प्रदायिक वातावरण खराब करने का आरोप मढ़ने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तक ने इस घटना को साम्प्रदायिक रंग देकर समाज में नफरत फैलाने का प्रयास किया। मोदी हटाओ के सूत्र वाक्य से एकजुट हुए विपक्षी दलों को लग रहा है कि हिन्दू वोटों में बंटवारा किए बिना भाजपा को हरा पाना संभव नहीं है। इसीलिए विपक्षी दलों के तमाम नेता लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं जिससे हिन्दू समाज में जातीय विद्वेष बढ़ जाए। बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर और समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए इसके खिलाफ जमकर अनर्गल बयानबाजी की। हालांकि तमाम मानस मर्मज्ञ विद्वानों ने अवधी भाषा में लिखी इस चौपाई का अर्थ स्पष्ट किया लेकिन वे उसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। इनके उकसावे का नतीजा यह निकला कि जिस रामचरित मानस का हिन्दू समाज के लगभग प्रत्येक परिवार में पूरी श्रद्धा के साथ पाठ किया जाता है उसे कुछ लोगों ने फाड़ा और जलाया। स्वामी प्रसाद मौर्य तो हिन्दू समाज के खिलाफ जहर घोलते-घोलते इतना आगे चले गए कि उन्होंने हिन्दू धर्म को ही धोखा बता दिया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन हिन्दू धर्म की तुलना कोरोना, मलेरिया और डेंगू बुखार से करते हुए यहां तक कह दिया कि इसका विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इसका उन्मूलन यानी खत्म करना होगा। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर सनातन धर्म, संस्कृति, साहित्य और उसके प्रतीकों के विरोध में अनर्गल बयानबाजी करते आए इन नेताओं ने 'सिर तन से जुदा जैसे नारों' से बेखौफ होकर हिन्दू समाज में बंटवारा करने के लिए लंबा जाल बुना है। मगर वह अपने ही जाल में उलझ रहे हैं। मोदी के हर फैसले का विरोध करने की जिद में वे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक तक के सबूत मांगकर सेना के पराक्रम को नकारने का प्रयास करते हुए यहां तक कह देते हैं कि 300 आतंकी मारे गए या 300 दरख्त गिरे। इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जब लड़ाकू विमान राफेल की आपूर्ति प्राप्त करने के लिए फ्रांस पहुंचकर भारतीय परम्परा के अनुसार पूजा अर्चना की तब भी इन नेताओं ने उनकी आलोचना की। हमारी संसद के नए भवन के निर्माण की सेंट्रल बिस्टा परियोजना का विरोध किया जाता है और जब बीते मई महीने में इसके उद्घाटन के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया गया तो इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के स्थान पर विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार करने का फैसला लिया। संसद में भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के प्रतीक सेंगोल की स्थापना का विरोध किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए भी जातीय विद्वेष का बढ़ाने के लिए अनुष्ठान कराने वाले पुजारियों की जाति पर सवाल उठाए गए लेकिन ये दांव उन नेताओं पर ही उल्टा पड़ गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भले ही देश और दुनिया में घूमकर यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि संघ, भाजपा और मोदी ने देश को नफरत का बाजार बना दिया है और वे इसमें मोहब्बत की दुकान खोले बैठे हैं। लेकिन वे खुद और

# Social Media Corner

**सच के हक में...**



भारत को 09-10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करते हुए खुशी हो रही है। यह भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाला पहला ॠ20 शिखर सम्मेलन है। मैं अगले दो दिनों में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा की आशा करता हूं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



हजारीबाग के चरही घाटी में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु की दु:खद खबर मिली। परमात्मा दिवगंत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



आज संकल्प यात्रा के तहत धनवार में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया ' भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम रहने के बावजूद सभा में उपस्थित यह भीड़ बता रही है कि, झारखंड की जनता प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य दोनों जगह भाजपा की सरकार बनाएगी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# कोटा को किसकी नजर लग गई

चोटी की प्रतियोगी परीक्षाएं अगर पास करनी हो, तो जेहन में अव्वल ख्याल राजस्थान का 'कोटा शहर' ही आता है। क्योंकि कोटा शहर शिक्षा का ह्यमहाकुंभह्ण जो बन गया है। वहां से शिक्षा लेकर बच्चे अपने सपनों को पंख लगा रहे हैं। पर, दुर्भाग्य है कि ह्यशिक्षा नगरीह्ण का खिताब हासिल कर चुका ये शहर गुजरे कुछ समय से ह्यआत्महत्याह्ण के लिए चचाओं में हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि वहां चारों तरफ फैले अदृश्य मौत के खौफ ने बच्चों को भयभीत कर दिया है । डर के चलते अभिभावक अपने बच्चों को वापस बुलाने लगे हैं। डिप्रेशन में आकर 19-22 वर्ष आयु के छात्र मौत को गले लगा रहे। बीते आठ माह के भीतर 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। ये घटनाएं तत्कालिक नहीं है, सिलसिला सालों से बदस्तूर जारी है। कोटा में हर वर्ष लगभग 15 से 20 घटनाएं घटनाएं घट रही हैं। प्रत्येक सुसाइड की घटना में पुलिस अपनी जांच-पड़ताल के बाद एक ही तर्क देती है कि बच्चे पढ़ाई का दबाव झेल नहीं पाने के कारण ऐसा कदम उठाते हैं? पुलिस-प्रशासन का तर्क कई मायनों में वाजिब भी दिखता है। अगर वास्तव में आत्महत्याओं का मूल कारण यही है, तो उसमें सीधे-सीधे शिक्षण संस्थाएं ही दोषी मानी जाएंगी। क्योंकि कोचिंग संस्थान अब छात्रों के बौद्धिक स्तर को ध्यान में रखकर शिक्षा ग्रहण नहीं करवाती। इतना प्रेशर डालती है कि अच्छे से अच्छा छात्र भी डिप्रेशन में चला जाए। बहरहाल, इस कृत्य में कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ अभिभावक भी बराबर के भागीदार हैं। छात्रों पर दोनों का संयुक्त रूप से एक जैसा प्रेशर होता है। ऐसी अनहोनी घटनाओं के पीछे मनोचिकित्सकों का मानना होता है कि बदलते दौर में जब बच्चों उम्र खेलकूद की होती है, तब उनके समक्ष गला-काट प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करना, नार्मल स्कूलों की जगह कोचिंग संस्थानों के टफ स्टीड पैटर्न को झेलना, सामने वाले से बेहतर करने का घनघोर दबाव और उसके बाद शिक्षक-पेरेंट्स का बच्चों पर उम्मीद से ज्यादा उम्मीद करना? सही मायनों में देखें तो सुसाइड केसों के मूल और तात्कालिक कारण यही हैं। इन कारणों को शिक्षक-अभिभावक भलीभाँति जानते भी हैं, लेकिन इग्नोर कर देते हैं। कोटा में छात्रों द्वारा लगातार आत्महत्याओं की घटना के बाद राज्य सरकार और स्थानीय शिक्षण संस्थाओं पर लापरवाही व रक्षा-सुरक्षा न करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप लगने भी चाहिए? आखिर दोनों की सर्वप्रथम जिम्मेदारियां बनती हैं। हुकूमत और शिक्षण संस्थान आत्महत्या वाली घटनाओं से अपनी नजरें क्यों फेरती हैं? उसका भी कारण पानी की तरह साफ है। सरकार का टैक्स रूपी मुनाफा कमाना और शिक्षण संस्थाओं का छात्रों से मुंह मांगी फीस का सवाल जो होता है? आंकड़े दस्तीक करते हैं कि कोटा में सालाना 5 हजार करोड़ का शिक्षा के नाम पर बाजार होता है जिसमें सरकार को 700 करोड़ का टैक्स प्राप्त होता है। प्रत्येक छात्र से एक लेकर तीन लाख फीस वसूली जाती है। ढाई से तीन लाख नए छात्र हर वर्ष कोटा पहुंचते हैं। कोटा में सरकार द्वारा 23 हॉस्टल पंजीकृत हैं, अपंजीकृतों की तादाद इससे कहीं ज्यादा है। दस हजार से ज्यादा कोचिंग संस्थाएं फैली हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में दिया जाता है। कुल-मिलाकर शिक्षा की आड़ में धंधा कैसे पनपता है, उसका सजीव उदाहरण इस समय कोटा बना हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस वक्त करीब पांच लाख छात्र मेडिकल, जेईई, इंजीनियरिंग व अन्य विभिनन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर रहे हैं। लेकिन इनकी सुरक्षा पूरी तरह रामभरोसे है। अभी कुछ महीनों पहले दिल्ली के मुखर्जी

पर्यावरण की परवाह

जलवायु परिवर्तन का असर साफ दिखने लगा है और धरती का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। यूरोपीय संघ के कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन पैनल ने कहा है कि पिछला महीना अगस्त वैश्विक स्तर पर सबसे गरम रहा, जो अब तक के सबसे गरम जून और जुलाई के बाद ऐसा रिकॉर्ड बनाने वाला लगातार तीसरा महीना बन गया है। कॉपरनिकस की उप-प्रमुख सामंथा बर्गेस ने फिर गुहार लगाई है कि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन दुनिया में तत्काल बंद किया जाए। दुनिया के अनेक इलाकों में बाढ़ की स्थिति है, तो अनेक जगह आग लगी हुई है। यूरोप की अगर बात करें, तो पिछले महीने अगस्त में मध्य यूरोप और स्कैंडिनेविया के बड़े हिस्से में बाढ़ देखी गई, जबकि फ्रांस, ग्रीस, इटली और पुर्तगाल में ऐसा सूखा पड़ा कि जंगलों में आग लग गई। अगस्त में ऑस्ट्रेलिया, अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों और अंटार्कटिका के आसपास भी औसत से काफी ऊपर तापमान दर्ज किया गया। इस साल में अब तीन ही महीने बचे हैं और ऐसा लग रहा है कि साल 2023 सबसे गरम वर्ष के रूप में दर्ज हो जाएगा। अब दुनिया के दिग्गज देशों को जरूर सोचना चाहिए कि क्या बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं? वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य 2015 में 196 देशों ने पेरिस अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समझौते के तहत तय किया था। इस दिशा में कितनी कामयाबी मिली है? यह वाकई परखने का समय है, वरना यह दुनिया इंसान के लिए दिनोंदिन मुश्किल होती चली जाएगी। भारत में भी अगस्त में औसत रूप से रिकॉर्ड गरमी दर्ज की गई है। वर्ष 1901 के बाद यह सबसे गरम अगस्त बताया जा रहा है। भारत में भी कहीं सूखे की स्थिति है, तो कहीं जरूरत से ज्यादा बारिश से तबाही का मंजर है। शायद अभी भी लोग जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रभाव भारत में भी महसूस किया जा रहा है। वैश्विक तापमान में वृद्धि के प्रभाव में भारत में भी औसत तापमान में वृद्धि हुई है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## माली में हुए दो आतंकवादी हमले में 15 सैनिकों की मौत

बमाको (ईएमएस)। अफ्रीकी देश माली में हुए दो आतंकवादी हमले में कम से कम 49 नागरिक और 15 सैनिक मारे गए। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया पहला हमला आतंकियों ने नाइजर नदी पर टिम्बकटू नाव पर किया वहीं, दूसरा हमला आतंकियों ने बंबा के मालियन सशस्त्र बल (एफएएमए) के एक सैन्य ठिकाने पर किया। बयान में कहा गया, इस दोहरे हमले के जवाब में, हमारे बहादुर एफएएमए की संयुक्त हवाई-जमीन कार्रवाई ने लगभग 50 आतंकवादियों को मार गिराया।सभी यात्रियों को निकालने और स्थानों को सुरक्षित करने की तत्काल व्यवस्था की गई। हमलों के कुछ घंटों बाद माली के अंतरिम राष्ट्रपति असिमी गोइता ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। माली पर 2020 से सैन्य जुंटा का शासन है।

## कनाडा में फिर हिन्दु मंदिर पर तोड़फोड़, लिखा पंजाब भारत नहीं

विक्टोरिया। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई। एक महीने के भीतर सामने आई यह दूसरी वारदात है। यह मंदिर माता भामेश्वरी दुर्गा देवी का है, जो सरे में स्थित है। मंदिर पर काले रंग के स्प्रे से भारत विरोधी संदेश लिखे गए थे। मंदिर की दीवारों पर लिखा गया, पंजाब भारत नहीं है। सोशल मीडिया पर इसकी कई तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि हिंदू मंदिर श्री माता भामेश्वरी दुर्गा देवी सोसाइटी में तोड़फोड़ की गई है। दीवारों पर काले स्प्रे पेंट से भारत विरोधी कुछ संदेश लिखे गए हैं। समुदाय में दहशत पैदा करने के लिए इस तरह के कायरतापूर्ण हमले बढ़ रहे हैं। पुलिस को घटना के बारे में सतर्क कर दिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। सरे की घटना एक महीने से भी कम समय के बाद हुई है जब ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक और प्रमुख मंदिर में खालिस्तानी लोगों द्वारा तोड़फोड़ की गई थी। 12 अगस्त को, दो अज्ञात लोगों ने सरे में एक मंदिर को हिंदू विरोधी और भारत विरोधी संदेशों से विरूपित कर दिया था।

## रुस से बढ़ेगी अमेरिका की तानातनी, यूक्रेन को दे रहा 60 करोड़ डॉलर

वॉशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के यूक्रेन दौरे के ठीक एक दिन बाद पेंटागन ने यूक्रेन के लिए दीर्घकालिक सहायता के तौर पर 60 करोड़ डॉलर के नए सहायता पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री ब्लिंकन ने यात्रा के दौरान नई सैन्य एवं मानवीय सहायता के लिए एक अरब डॉलर देने का वादा भी किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि नया पैकेज यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के माध्यम से दिया जाएगा। इस सहायता में यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणालियों को बनाए रखने और एकीकृत करने के लिए उपकरण, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) के लिए गोला-बारूद, इलेक्ट्रॉनिक हथियारों से लड़े जाने वाला युद्ध और इसका सामना करने के लिए उपकरण, खदान-समाशोधन उपकरण के साथ प्रशिक्षण एवं रखरखाव आदि शामिल है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से अमेरिका लगातार देश को सहयोग दे रहा है और इसके बीच इतनी बड़ी सहायता राशि की घोषणा की गई है। ब्लिंकन ने बुधवार को कीव की यात्रा के दौरान घोषणा की थी कि पेंटागन उन हथियारों के लिए लगभग 17.5 करोड़ डॉलर प्रदान करेगा जिन्हें पेंटागन के भंडार से दिया जाएगा। इसके साथ ही यूक्रेन को हथियार एवं उपकरण खरीदने के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ डॉलर का अनुदान दिया जाएगा।

## अपने कब्जे वाले यूक्रेन के शहरों में मतदान कर रहा रुस

कीव। यूक्रेन को हथियाने के लिए पुतिन किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। अब रूस ने नया प्लान बनाया है। भले ही रूस को यूक्रेन के कुछ क्षेत्र न मिले हों, लेकिन वह वहां पर जबरदस्ती चुनाव करवाने में लगा है, ताकि इन्हें अपना शहर बता सके। रिपोर्ट के अनुसार, सप्ताह के अंत में यूक्रेन ने जिन हिस्सों पर कब्जा किया है, उसमें रुस चुनाव करवा रहा है। जगह-जगह मतदान केंद्र भी स्थापित कर दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनमें डोनेट्स्क, लुहान्स्क, खेरसॉन और ज़ापोरिज़िया क्षेत्र शामिल हैं। यहां रूस ने विधानसभाओं के लिए मतदान शुरू करवा दिए हैं, जो रविवार को समाप्त होगा। पश्चिमी देश रूस की मनमानी की घोर निंदा कर रहे हैं, लेकिन रूस इन्हें अनदेखा कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषक अब्बास गैल्यामोव ने कहा कि यह मतदान जारी रखना महत्वपूर्ण है। रूसी अधिकारियों का लक्ष्य है कि उन्हें 80 प्रतिशत आबादी को मतदान करवाना है। जापोरिज़िया क्षेत्र में रूस के कब्जे वाले शहर मेलिटोपोल के यूक्रेनी मेयर इवान फ्योडोरोव ने बताया कि स्थानीय निवासियों को प्रभावी ढंग से वोट देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, जब आपके सामने कोई हथियारबंद व्यक्ति खड़ा हो तो ना कहना मुश्किल होता है। यहां रूसी लोग बाजारों, किराना दुकानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करते हैं। जिन लोगों ने रूसी नागरिकता प्राप्त कर ली है और जिनके पास अभी भी यूक्रेनी पासपोर्ट है, उन्हें भी वोट देने की अनुमति है।

## चीन के शेन्जेन शहर में टूटा बारिश का 71 साल पुराना रिकॉर्ड

शेन्जेन। चीन में गुआंग्डोंग प्रांत के शेन्जेन शहर में हो रही मूसलाधार बारिश ने 71 साल पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया है। नगरपालिका मौसम विज्ञान ब्यूरो ने बताया कि शेन्जेन शहर में शाम पांच बजे से गुरुवार से शुक्रवार सुबह छह बजे तक औसत वर्षा 202.8 मिमी और अधिकतम संचयी बारिश 469 मिमी तक दर्ज की गई है। ब्यूरो ने बताया कि शहर में हो रही बारिश अत्यधिक तेजी, लंबे समय और मूसलाधार बारिश की विस्तृत श्रृंखला है जिसमें चार बारिश के रिकॉर्ड, दो घंटे, तीन घंटे, छह घंटे और 12 घंटे की अधिकतम बारिश शामिल है। इस बारिश से शेन्जेन में 1952 में हुई बारिश का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां भारी बारिश जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। शेन्जेन के बाढ़, सूखा और तूफान नियंत्रण मुख्यालय ने नोटिस जारी कर शहर भर के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल और किंडरगार्टन नागरिकों की सुरक्षा और संपत्ति के लिए स्कूलों को आज बंद रखने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा कि छह सबवे लाइनों के कुछ हिस्सों में सेवा निलंबित रहेंगी। बारिश से बुरी तरह प्रभावित लुओहू जिले में उद्यम और सार्वजनिक संस्थान और जिले में रहने वाले निवासी भी शुक्रवार को काम बंद रखने वाले हैं। अधिकारियों ने लोगों को पहाड़ों, नदियों, ढलानों और रिटेनिंग दीवारों जैसे खतरनाक क्षेत्रों से दूर रहने के लिए सर्तक किया।

## एक साथ 16 कंपनियों में काम कर रही महिला, बिना ऑफिस गए ले रही मोटी सैलरी

बीजिंग। एक महिला की धोखाधड़ी की कहानी इनदिनों चर्चा में है। महिला एक साथ 16 अलग अलग कंपनियों में नौकरी कर रही थी। मगर हैरानी की बात ये है कि वे कभी दफ्तर नहीं गई। फिर भी महिला खूब पैसा कमा रही थी। ऐसा तीन साल से हो रहा था। इसतरह महिला इतनी मालामाल हुई कि एक बंगला भी खरीद लिया। लेकिन अब पुलिस ने महिला को पकड़ लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, गुआन जॉब इंटरव्यू के दौरान तस्वीरें क्लिक कर रही थी। तभी इन्हें अलग अलग कंपनियों के चैट ग्रुप्स पर शेयर कर दिया। महिला ने सभी ग्रुप्स पर लिखा कि वे क्लाइंट्स के साथ मीटिंग कर रही थी। मगर इस बार उसकी ये चोरी पकड़ी गई। 16 नौकरियां एक साथ करने के लिए उसने हर एक डिटेल अपने पास लिखी हुई थी, जैसे कंपनी का नाम, नौकरी शुरू होने की तारीख, पद का नाम, सभी जगह मिली पोजीशन और सैलरी के अलग अलग बैंक अकाउंट हैं। महिला एक साथ कई कंपनियों को बेवकूफ बना रही थी। गुआन के साथ अपराध में उसका पति चेन कियांग भी शामिल है। मामले का खुलासा उस वक्त हुआ, जब जनवरी 2023 में एक कंपनी के मालिक लियु जियान ने दस्तावेजों में गड़बड़ी का पता लगाया। अक्टूबर 2022 में कंपनी ने टीम लीडर सहित सात अन्य लोगों को हायर किया था। इसमें टीम लीडर की सैलरी 20 हजार युआन थी। बाकी की सैलरी इससे आधी थी। इनके सीवी में काम का अनुभव काफी अच्छा बताया गया था। लेकिन ये लोग उम्मीद मुताबिक काम नहीं कर सके। सभी के साथ कॉन्ट्रैक्ट समाप्त कर दिए गए। इसके बाद लियु को सभी के दस्तावेजों में गड़बड़ी दिखाई दी। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। जब जांच हुई तब पता चला कि गुआन के कई बैंक अकाउंट हैं। इनमें सैलरी के तौर पर खूब पैसा आ रहा है। इनका एक बड़ा गैंग है, जो कंपनियों को बेवकूफ बनाकर नौकरी लेता है। ये लोग फर्जी दस्तावेजें और लुभावने सीवी के बल पर नौकरी हासिल करते हैं। क्लाइंट से मीटिंग का बहाना बनाते हैं और सैलरी लेते रहते हैं। आखिर में कंपनियां परेशान होकर इन्हें खुद ही निकाल देती हैं।



क्रोएशिया में लूको आतंकवाद विरोधी इकाई अपने कौशल का प्रदर्शन करती हुई।

## यूरोप दौर पर राहुल गांधी ब्रसेल्स में सांसद से की बात

लंदन। कांग्रेस नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूरोप के तीन देशों के अपने दौरे की शुरुआत कर ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद के कुछ सदस्यों के साथ बंद कमरे में बैठक की। सूत्रों के मुताबिक, ब्रसेल्स में उनकी बैठक में जिन विषयों पर चर्चा की गई, उसमें मणिपुर में मानवाधिकार की स्थिति का मुद्दा भी शामिल है। इससे पहले जुलाई में यूरोपीय संघ ने प्रस्ताव पारित किया था।

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि चर्चा सफल रही। कांग्रेस ने बैठक की पुष्टि कर लिखा, राहुल गांधी ने यूरोपीय संसद के सदस्यों के साथ गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। सांसद अलविना अलमेत्सा और सांसद पियरे लारौतुरौ ने इसकी मेजबानी की। राहुल गांधी ने इसके बाद मानवाधिकार के मुद्दों पर केंद्रित नागरिक समाज संगठनों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। दिन का समापन बेल्जियम स्थित भारतीय प्रवासियों के साथ रात्रि भोज पर बातचीत के साथ हुआ। राहुल गांधी शुक्रवार को ब्रसेल्स में उद्योगपतियों के साथ बैठक और मीडिया से बातचीत के बाद पेरिस के लिए रवाना हो जाएंगे। 11 सितंबर को राहुल गांधी नॉर्वे जाएंगे, जहां वह राजधानी ओस्लो में सांसदों से मुलाकात करने वाले हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस गांधी के लिए कार्यक्रम आयोजित कर रही है। गांधी का जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के एक दिन बाद 12 सितंबर की रात स्वदेश लौटने का कार्यक्रम है।

# बेगानी शादी में अब्दुला दीवाना !

# भारत बनाम इंडिया की बहस में कूदा चीन, सामने आया 'ड्रैगन' का प्रोपेगेंडा टूल

**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत में जी20 की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों का आगमन दिल्ली में शुरू भी हो चुका है। देश में एक अलग ही मुद्दे पर बहस भी चल रही है। ये बहस इंडिया बनाम भारत को लेकर है। इस मुद्दे पर चीन जबरदस्ती अपनी टांग अड़ाता नजर आ रहा है। जहां संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन का पत्रकार सवाल पूछता है तो वहीं चीन का अखबार ग्लोबल टाइम्स इस मामले को लेकर तंज करता है। इस पूरे मामले में चीन कही न कही एक गैर जायज दिलचस्पी भी दिखा रहा है। ये भारत का आंतरिक मामला है। यूएन के अंदर भारत की तरफ से किसी तरह का कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया है। यूएन की तरफ से ये साफ किया गया कि अगर भारत की तरफ से कोई प्रस्ताव दिया जाता है तो उस पर यूएन विचार करेगा। जिस तरह से उसने तुर्की के तुर्किए नाम को लेकर विचार कर उसे स्वीकार किया था। ये किसी भी देश का अपना अधिकार करता है और ये चाहता है कि उसे नए नाम से जाना जाए। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ उसी नाम को स्वीकार करता है।

इस पूरे मामले को लेकर चीन दिलचस्पी दिखाते हुए तंज भी कस रहा है। चीन का सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स है। इसी अखबार के अंदर कहा गया है कि इंडिया या भारत इसके साथ ही इस पर सवालिया निशान लगाया गया है। इसके साथ ही कहा गया है कि देश के पास और भी मुद्दे हैं। चीन के अखबार का कहना है कि देश का नाम बदलने से ज्यादा अहम आर्थिक सुधार को बढ़ावा देना है। जी20 निमंत्रण पत्र में भी ये तंज किया गया कि जी20 के निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। ये भारत का अपना विशेषाधिकार है। भारत में इस नाम पर विवाद शुरू हो गया। ये भारतीयों तक रहने देना चाहिए कि वो अपने देश का नाम कैसे तय करते हैं। विश्व का ध्यान जी 20 पर है। ऐसे में नई दिल्ली क्या संदेश देना चाहती है?




## उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने ऐसा क्या कह दिया कि अमेरिका में मच गई खलबली



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल के बारे में ऐसा बयान दिया है, जिससे पूरे अमेरिका में खलबली मच गई है। हैरिस ने कहा कि अगर बाइडेन राष्ट्रपति का अपना कार्यकाल पूरा करने में असमर्थ रहते हैं, तब वह राष्ट्रपति का पद संभालने के लिए तैयार हैं।

हैरिस की प्रतिक्रिया तब आई जब उन्होंने शुरू में बुजुर्ग बाइडेन की राष्ट्रपति पद की उपलब्धियों की ओर इशारा करके उनकी उम्र के बारे में एक सवाल को टालने की कोशिश की। एक इंटरव्यू में हैरिस से पूछा था कि 'राष्ट्रपति की उम्र के बारे में सवाल अक्सर इस सवाल के साथ-साथ चलते हैं कि अगर जरूरी हो तब आप उस भूमिका को कैसे निभाएगी। क्या आप उस संभावना के लिए तैयार महसूस करती हैं? क्या उपराष्ट्रपति के रूप में सेवा करने से आप उस पद के लिए तैयार हुईं हैं? इसके जबाव में भारतीय मूल की उपराष्ट्रपति हैरिस इसका जवाब 'हां' में दिया।

उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि 'सबसे पहले मैं आपके काल्पनिक सवाल का जवाब दे रही हूं। जो बाइडेन ठीक होते जा रहे हैं। इसलिए यह पूरा नहीं होने वाला है। लेकिन हमें यह भी समझना चाहिए कि हर उपराष्ट्रपति जब वह शपथ लेता है, तब समझता है कि उन्हें राष्ट्रपति का काम संभालने की जिम्मेदारी के बारे में बहुत साफ होना चाहिए। मैं अलग नहीं हूं। गौरतलब है कि जो बाइडेन पहले से ही अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं। वह नवंबर में 81 साल के हो जाएंगे और अगले साल के चुनाव में दूसरा कार्यकाल चाह रहे हैं।

बहरहाल खबरें सामने आ रहीं हैं कि कथित तौर पर सार्वजनिक रूप से हैरिस की प्रशंसा करने के बावजूद बाइडेन उनसे खुश नहीं हैं। हाल के सर्वेक्षणों के अनुसार हैरिस की फेवरेबिलिटी रेटिंग बाइडेन से भी कम है। जिसका मतलब है कि 40.7 प्रतिशत जनता उनके काम को मंजूरी देती है, जबकि 41.7 प्रतिशत लोग उनके बॉस बाइडेन को स्वीकार करते हैं। 2020 में बाइडेन ने पहली महिला और दूसरी गैर-श्वेत उपराष्ट्रपति हैरिस को चुनाव में अपने साथी के रूप में चुना था।

## उत्तर कोरिया ने नई परमाणु पनडुब्बी का किया अनावरण

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** सियोल (ईएमएस)। उत्तर कोरिया ने एक नवनिर्मित सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी लांच की है, जो पानी के भीतर परमाणु हमला करने में सक्षम है। राष्?ट्रपति किम जोंग-उन ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरोध को और मजबूत करने का संकल्?प लिया। यह जानकारी मीडिया ने दी। मीडिया के अनुसार, पनडुब्बी के लॉन्चिंग समारोह में उत्तर कोरियाई नेता ने भाग लिया।

रिपोट्र्स के मुताबिक सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपीके) का जिक्र कर कहा, पनडुब्बी-प्रक्षेपण समारोह ने उत्तर कोरिया की नौसैनिक शक्ति को मजबूत करने के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत की और राज्य परमाणु निरोध को और मजबूत करने के लिए डब्ल्यूपीके और उत्तर कोरिया सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को स्पष्ट कर दिया। हीरो किम कुन ओके नाम की सामरिक परमाणु हमला पनडुब्बी नंबर 841 पानी के भीतर आक्रामक साधनों में से एक के रूप में अपने लड़ाकू मिशन को अंजाम देगी। किम ने कहा, यह तथ्य कि परमाणु हमला पनडुब्बी, जिसे दशकों से हमारे गणतंत्र के खिलाफ आक्रमण का प्रतीक माना जाता था, अब हमारी शक्ति का प्रतीक है, जो दुश्मनों को भयभीत करती है और यह दुनिया द्वारा अनदेखी हमारी अपनी शैली की एक नई पनडुब्बी है। उन्?होंने संकेत दिया कि नवीनतम कदम का उद्देश्य अमेरिकी परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का मुकाबला करना है। नौसेना को परमाणु हथियारों से लैस करने को समय की जरूरत बताकर किम ने नौसेना में तेजी से बदलाव का आग्रह किया। उन्होंने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी सहित अधिक पनडुब्बियां बनाने की देश की योजना की भी घोषणा की। किम ने इस बात पर जोर दिया कि भू-राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ दुश्मनों के हालिया आक्रामक प्रयासों को देखकर नौसेना बल का तेजी से विकास राष्ट्रीय रक्षा के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकारी मीडिया द्वारा जारी प्रारंभिक तस्वीरों से पता चलता है कि नवीनतम पनडुब्बी 10 मिसाइल ट्यूबों से सुसज्जित है, जो संभवतः पनडुब्बी से प्रक्षेपित बैलिस्टिक मिसाइलों (एसएलबीएम) को दाग सकती है।

## यूएन प्रमुख गुतारेस को जी20 को लेकर भारत से बहुत उम्मीद

**जकार्ता (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने विश्वास व्यक्त किया है कि जी20 की अध्यक्षता के दौरान नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार भारत, यह सुनिश्चित करने के लिए ''हर संभव'' प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विभाजन मिट जाए तथा विश्व नेताओं की महत्वपूर्ण सभा ''संभावित परिणाम'' के साथ संपन्न हो। यूएन महासचिव गुतारेस नौ और 10 सितंबर को जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंच रहे हैं, जिसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित विश्व नेता भारत की यात्रा कर रहे हैं। गुतारेस ने जकार्ता में 13वें आसियान-संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में कहा, मुझे विश्वास है कि भारत यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा कि मौजूदा भू-राजनीतिक विभाजन को दूर कर जी20 संभावित परिणामों के साथ संपन्न हो सके। वह जी20 के मेजबान के रूप में भारत से उनकी अपेक्षाओं के साथ-साथ अफ्रीकी संघ (एयू) को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह में लाने के लिए नई दिल्ली के समर्थन पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। भारत ने पिछले साल दिसंबर में वर्ष भर के लिए जी20 की अध्यक्षता संभाली और दिल्ली में इस समूह के नेताओं का शिखर सम्मेलन यूक्रेन युद्ध, कोविड-19 महामारी का प्रभाव, आर्थिक मंदी, जलवायु परिवर्तन, बढ़ती गरीबी सहित कई भू-राजनीतिक चुनौतियों, असमानताओं के बीच हो रहा है। गुतारेस ने कहा कि चूंकि वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं, इसलिए कुछ सवाल हैं जो उनके लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला को आज की दुनिया की जरूरतों के अनुकूल बनाने के लिए इसमें सुधार के बारे में एक स्पष्ट संदेश होना चाहिए।'' संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू ऋण राहत और दीर्घकालिक रियायती धन तक पहुंच की स्थिति बनाना है ताकि विकासशील देशों को कोविड-19, यूक्रेन में युद्ध और कई अन्य स्थितियों के प्रभावों से उबरने में सक्षम बनाया जा सके, जो कई देशों को कर्ज संकट के कगार पर पहुंचा रहा है। गुतारेस ने कहा कि कई देशों को ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें उनके पास अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए राजकोषीय गुंजाइश नहीं है। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की अफ्रीकी संघ के साथ बहुत ठोस साझेदारी है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के पास आज के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में प्रतिनिधित्व की ''गंभीर समस्या'' है। उन्होंने कहा, ''मैं एक अफ्रीकी देश की कम से कम सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में उपस्थिति का दृढ़ता से समर्थन करता हूं। मैं देख सकता हूं कि अफ्रीका की मजबूत भागीदारी के लिए 'ब्रेटन वुड्स प्रणाली' में सुधार करना आवश्यक है और निसंदेह मुझे अफ्रीकी संघ को जी20 के सदस्य के रूप में देखकर बहुत खुशी होगी।''



## पराग में आग उगलने वाले की ताकत नहीं, इस कारण निकाला : मस्क

वाशिंगटन (ईएमएस)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने भारतीय मूल के पूर्व ट्विटर सीईओ पराग अग्रवाल को कंपनी से निकालने का कारण बताया। मस्?क की एक नई जीवनी के अनुसार अग्रवाल सोशल मीडिया की मांग अनुसार काम नहीं कर पा रहे थे। पुस्तक से प्रकाशित अंशों के अनुसार, मस्क अग्रवाल के बारे में काफी विचारशील हैं। उन्हें यह कहते हुए उद्धृत किया गया है, वह वास्तव में एक अच्छा लड़का है, लेकिन प्रबंधकों को पसंद किए जाने का लक्ष्य नहीं रखना चाहिए। ट्विटर को आग उगलने वाले ड्रैगन की जरूरत है, और पराग वह नहीं है। पिछले साल अक्टूबर में उन्होंने 44 बिलियन डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण किया, तब मस्क ने अग्रवाल और पूर्व कानूनी और सार्वजनिक नीति प्रमुख विजया गड्डे को सूचित किया कि कंपनी के साथ उनका रोजगार समाप्त हो गया है। दोनों अधिकारियों को मोटा एग्जिट पैकेज मिलना था। अग्रवाल आखिरी बार 6 अक्टूबर, 2022 को ट्विटर पर सक्रिय थे, और उन्हें मेटा थ्रेड्स सहित किसी भी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय नहीं देखा गया है।

## दामाद के रूप में भारत आना बेहद खास, यूके में किसी भी प्रकार का उग्रवाद नहीं बर्दाश्त: ऋषि सुनक

**बीजिंग (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने समाचार एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि मोदी जी और मैं दोनों हमारे दोनों देशों के बीच एक व्यापक और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते को संपन्न होते देखना चाहते हैं... व्यापार सौदों में हमेशा समय लगता है, उन्हें दोनों देशों के लिए काम करने की आवश्यकता होती है। हालांकि हमने काफी प्रगति की है लेकिन अभी भी कड़ी मेहनत बाकी है। जी20 भारत के लिए एक बड़ी सफलता रही है। भारत इसकी मेजबानी के लिए सही समय पर सही देश है। मुझे लगता है कि हमारे पास कुछ दिनों तक विचार-विमर्श और निर्णय लेने का बहुत अच्छा मौका होगा।

खालिस्तान मुद्दे पर यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण सवाल है और मुझे स्पष्ट रूप से कहना चाहिए कि यूके में किसी भी प्रकार का उग्रवाद या हिंसा स्वीकार्य नहीं है। इसीलिए हम बहुत करीब से काम कर रहे हैं। विशेष रूप से %पीकेई% खालिस्तान समर्थक चरमपंथ से निपटने के लिए भारत सरकार के साथ। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। हमारे सुरक्षा मंत्री हाल ही में भारत में अपने समकक्षों से बात कर रहे थे। हमारे पास खुफिया जानकारी साझा करने के लिए एक साथ काम करने वाले समूह हैं ताकि हम कर सकें इस तरह के हिंसक उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकें। यह सही नहीं है और मैं इसे ब्रिटेन में बर्दाश्त नहीं करूंगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भारत के दामाद के रूप में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होना वाकई खास है। बता दें कि सुनक के भारत में पहुंचते ही पीएम मोदी ने बड़ा बयान दिया है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि स्वागत ऋषि सुनक ! मैं एक सार्थक शिखर सम्मेलन की प्रतीक्षा कर रहा हूं जहां हम एक बेहतर ग्रह के लिए मिलकर काम कर सकें।



# पत्रकारों पर भड़के आनंद मोहन

## धक्का दिया,कैमरा बंद करने को कहा:कार्यक्रम में अव्यवस्था पर हुए नाराज, बोले-किसी से नहीं डरता





आरा। पूर्व सांसद आनंद मोहन आरा में पत्रकारों पर भड़क गए। उन्होंने पत्रकार के माइक पर हाथ मारा। उसे कैमरा बंद करने तक की धमकी दे डाली। आनंद मोहन गुरुवार को जनसंवाद समारोह में पहुंचे थे।अव्यवस्थाओं से नाराज होकर वो मंच छोड़कर जाने लगे। समर्थक आनंद मोहन को मनाने की कोशिश कर रहे थे। वहां कुछ पत्रकार भी मौजूद थे। वो इसे कवर कर रहे थे। तभी आनंद मोहन भड़क गए। समर्थकों के मनाने पर आनंद मोहन माने और फिर मंच पर लौटे। मंच से आनंद मोहन ने कहा कि मैं अमित शाह से नहीं डरता हूं। जब डर गया तो आनंद मोहन कैसा। मैं राजपूत हूं। किसी से नहीं डरता। बिस्तर जेल में छोड़कर आया हूं। आनंद मोहन समेत कई नेता मंच पर मौजूद थे। तब नागरी प्रचारिणी सभागार से लोग बाहर निकलकर घूम रहे थे और खाना खा रहे थे। इस दौरान ना ही मंच सही ढंग से संचालित हो रहा था, ना ही लोगों को रोका जा रहा था। जिसके कारण कार्यक्रम में देरी होने लगी। इस वजह से आनंद मोहन भड़क उठे। आनंद मोहन ने मंच से बयान दिया कि मैं अमित शाह से नहीं डरता हूं। जब डर गया तो आनंद मोहन कैसा। नीतीश कुमार ने कानून में बदलाव लाकर आप लोगों के बीच आनंद मोहन को खड़ा किया। हम राजपूत हैं लड़ते हैं तो ताल ठोक कर लड़ते हैं,अगर मिलते हैं तो दिल खोलकर मिलते हैं। हम अपमान का हिसाब करते हैं और एहसान भी सूद समेत वापस करते हैं। जाइए सुप्रीम कोर्ट से आनंद मोहन डरने वाला नहीं है। डर जिससे डरता है उसका नाम आनंद मोहन है। जो डर गया मानो मर गया। उन्होंने कहा कि जिसने चरित्र हनन करने के लिए मेरे पीछे मीडिया को छोड़ा वह संभल जाए। आनंद मोहन जेल में बिस्तर छोड़ कर आया है, मर्द का एक पैर 24 घंटे जेल में होता है। हम डरने वाले नहीं हैं, लड़ने वाले हैं। मैं केवल ऊपर वाले के अलावा किसी से नहीं डरता। पार्टी से जुड़ने वाले सवाल पर आनंद मोहन ने कहा कि मैं वैसी पार्टी का समर्थन करता हूं जो गरीबों की बात करें। साथ ही वैसी पार्टी जो 1857 और 1942 के आंदोलनकारियों के सपनों पर खरा उतरेगी, मैं उनके साथ हूं। लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि मैंने पहले ही कह दिया है कि बस 23 नवंबर का इंतजार कीजिए, पता चल जाएगा। पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि विपक्षी बैठक से भाजपा पर बड़ा असर पड़ रहा है। सबसे पहले वो INDIA का नाम बदल रहे है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया लेकिन आपने शुरू किया था स्टार्टअप इंडिया, साइनिंग इंडिया, मेक इनइंडिया ये सब भाजपा ने ही शुरू किया था। आज के दिनों में जरूरत पड़ रही है बदलने की.. क्योंकि घबराहट है। ये सब आज ही क्यों आ रहा है, जब INDIA अंग्रेजी है तो NDA भी अंग्रेजी है। शर्ट पैंट कोर्ट भी अंग्रेजी है। आपने अपनी पार्टी का नाम अंग्रेजी में क्यों रखा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दस साल के बाद देश बदलाव का पर्व मनाता है और मोदी जी के दस साल हो गए हैं।

## बक्सर में मटकी फोड़ प्रतियोगिता



**बक्सर ।** गुरुवार को 12 सालों से चली आ रही दही से भरी मटकी फोड़ने की परंपरा मनाई गई। यहां युवकों की टोली के 18 बार के प्रयास में सफलता हासिल हुई। कई प्रयास में तो मटकी के पास पहुंचते ही युवकों की टीम भरभरा के गिर जा रहे थे। लेकिन फिर दोबारा दोगुने जोश के साथ उठते और मैदान से 25 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे मटकी को फोड़ने का प्रयास किया जा रहा था। क्लब के कुछ साथियों द्वारा इन्हें विचलित करने के लिए पानी की बौछारें मारी जा रही थी। हालांकि काफी प्रयास के बाद युवक मटकी के पास पहुंच उसे फोड़ा। पूरा मैदान जयकारों से गूंज उठा। इसे देखने के लिए आसपास के काफी लोग मौजूद थे। वीर एकलव्य कला निकेतन द्वारा जन्माष्टमी के दिन दही मटकी का उत्सव होता है। वैसे तो यह उत्सव महाराष्ट्र और गुजरात में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। लेकिन आजकल हर जगह दही मटकी फोड़ने का कार्यक्रम लोग करते हैं। वहीं बक्सर के मल्हाचकिया में गुरुवार की शाम दही मटकी फोड़ने के लिए युवाओं को टीम द्वारा पिरामिड बनाकर तोड़ने का प्रयास किया गया। दही-मटकी फोड़ने में लोगों के पसीने छूट गए। इस कार्यक्रम में कुल 24 युवक शामिल हुए थे। पवन कुमार, मुकेश कुमार, धनजी कुमार, उपेंद्र कुमार, भोला कुमार, राजन कुमार, राहुल कुमार, राजा कुमार, मोती कुमार, रितेश कुमार, शंकर कुमार,आकाश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। हांड़ी प्रतियोगिता से पहले लाठी से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इसमें छोटे-छोटे बच्चों की आंखों पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ा गया। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से 5वीं के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया।

# ताजिया जुलूस के दौरान पथराव





**भोजपुर ।** ताजिया जुलूस के दौरान जमकर बवाल हुआ। ताजिया निकालने के दौरान एक दुकान की छत से कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। भगवा झंडा लहराना शुरू दिया। इसके बाद ताजिया निकाल रहे लोगों ने भी पथराव शुरू कर दिया। इसमें 6 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। ड्यूटी पर तैनात टाउन थानाध्यक्ष संजीव कुमार सहित 6 पुलिस वालों को भी चोट आई है। ये पूरा विवाद आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के शीश महल चौक पर हुआ। जहां गुरुवार रात एक ज्वेलरी दुकान की छत से असामाजिक तत्वों ने नीचे खड़ी महिलाओं और बच्चों पर पथराव किया। जिसके बाद देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दूसरे तरफ से भी पत्थरबाजी होने लगी। इस दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। पत्थरबाजी के दौरान ताजिया जुलूस देखने आईं महिलाएं, बच्चे सहित सभी लोग दौड़कर इधर-उधर भागने लगे। देखते ही देखते आसपास के इलाके में सन्नाटा छा गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। घटना की सूचना मिलते ही भोजपुर डीएम राज कुमार, एसडीएम ज्योति नाथ सहदेव, एसपी प्रमोद कुमार और एएसपी चंद्र प्रकाश मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस का कहना है कि अभी स्थिति सामान्य है। वहीं मामूली रूप से घायल सभी पुलिस कर्मियों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। चेहल्लुम के मौके पर गुरुवार की रात शहर के कई इलाकों से ताजिया जुलूस निकाला गया था। जिसे देखने के लिए शहर के सभी जगहों की महिलाएं, बच्चे और अन्य लोग शीश महल चौक पर इकट्ठे हुए थे। जैसे ही ताजिया जुलूस शीश महल चौक होते हुए गोपाली चौक की ओर बढ़ रहा था। उसी दौरान शीश महल चौक स्थित ज्वेलरी दुकान की छत पर मौजूद चार की संख्या में असामाजिक तत्वों ने पहले महावीरी झंडा दिखाया ,उसके बाद ताजिया जुलूस के ऊपर पथराव कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद फैसल अली ने बताया कि वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ताजिया जुलूस दिखाने के लिए शीश महल चौक पर आया था। शीश महल पर लगे ठेले से नारियल की मिठाई खरीद रहा था। तभी अचानक उसके सिर पर ईंट आ गिरी। जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसने अपनी पत्नी और बच्चे को फौरन घर पहुंचाया। उसने मोहल्ले में ही स्थित निजी क्लीनिक में अपना इलाज कराया। बाद में मोहम्मद फैसल अली भोजपुर एसपी को अपनी हालत दिखाने पहुंचे और उनसे इस मामले पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गुरुवार रात ताजिया जुलूस समाप्त होने वाला था और सब शांतिपूर्ण चल रहा था। जैसे ही ताजिया जुलूस शीश महल चौक पहुंचा और जुलूस खत्म होने की कगार पर था। तभी शीश महल चौक पर स्थित मोहिनी ज्वेलर्स की छत के ऊपर कुछ लड़के थे। उन्होंने ताजिया जुलूस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही हमारा पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। स्थिति को

## संक्षिप्त डायरी

### पूर्णिया में 8 साल के बच्चे की डूबकर मौत



**पूर्णिया ।** गांव के बच्चों संग पोखर में नहाने गया 8 साल का मासूम गहरे पानी में जा समाया। नहाने के दौरान बच्चे का पैर फिसला जिसके बाद पोखर में जा डूबा। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेजा गया है। हादसा जिले के रुपौली प्रखंड के अकबरपुर ओपी के बांकी गांव में हुआ। मृतक बच्चे की पहचान अकबरपुर ओपी के बांकी गांव निवासीमो संजूर के 8 वर्षीय बेटे मो गुलफराज के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बच्चे के पिता मो संजूर ने बताया कि मो गुलफराज बच्चों के साथ गांव के बगल में स्थित पोखर में स्नान करने गया था। स्नान करते-करते अचानक गुलफराज गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद बच्चों ने उसे बचाने का प्रयास करते हुए शोर मचाना शुरू कर दिया। मौके से गुजरते लोग उसे बचाने दौडे। हालांकि तब काफी देर हो चुकी थी और बच्चा पानी में समा चूका था। काफी खोजबीन के बाद बच्चे को पोखर से निकाला गया। बच्चे को लेकर रेफरल अस्पताल रुपौली पहूंचे। जहां चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही घर में चित्कार मच गया। गुलफराज अपने तीन भाई-बहन में सबसे बडा था।

### बगहा के अनीश हत्याकांड का खुलासा

**बगहा।** गोलू हत्याकांड का मोतिहारी पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। हत्या में शामिल एक नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके निशानदेही पर मृतक का चप्पल धान के खेत से बरामद किया है। गोलू के हत्या के पीछे की वजह भी सामने आई है। उसकी हत्या गांजे की तस्करी के पैसे के लेनदेन को लेकर हुई थी। मृतक अनीश सिंह उर्फ गोलू गांजा के तस्करी के आरोप में मोतिहारी जेल में बंद था। उस समय जेल में ही उसकी मुलाकात गोविंदगंज थाना के बभनौली गांव निवासी मुन्ना पांडे से हुई। दोनों जेल से बाहर आने के बाद गांजा की तस्करी का काम शुरू किए। इसी दौरान दोनों के बीच पैसा को लेकर विवाद हो गया। पैसे का हिसाब को लेकर पांच सितंबर को गोलू बगहा से अरेराज मुन्ना के पास आया था। यहां से मुन्ना और विवेक के साथ संग्रामपुर थाना के घूसियार गांव निवासी प्रभु पांडे के घर पहुंचा। प्रभु पांडे, मुन्ना पांडे के रिश्ते में फूफा लगता है। प्रभु पांडे के घर में ही हिसाब हो रहा था। इसी बीच बात इतनी बढ़ गई की मुन्ना ने गोलू को गोली मार दी। गोली लगने के बाद गोलू भागने का प्रयास कर घर में जाना चाहा। लेकिन मुन्ना ने उसके पकड़कर बीच सड़क पर उसकी गला रेत कर हत्या कर दी। शरीर पर अनगिनत बार चाकू से वार किया। इससे गोलू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर मुन्ना वहां से फरार हो गया। घटना के वक्त प्रभु घर में ही था। जब मुन्ना ने गोलू को गोली मारी तो घर में खून का छीटा पड़ा। भागने के दौरान गोलू का चप्पल छूट गया। इसके बाद प्रभु ने पहले घर में लगे खून के धब्बे को साफ किया। फिर गोलू के चप्पल को धान के खेत में फेंक दिया। एफएसएल की टीम ने घटना का खुलासा किया। प्रभु के घर से खून का सैंपल बरामद किया। घटना के बाद एसपी कांतेश मिश्रा ने एफएसएल और डॉग स्क्वायड को बुलाया। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ। इस दौरान एफएसएल की टीम ने प्रभु के घर से खून का सैंपल इकट्ठा कर अपने साथ ले गया। वहीं प्रभु पांडे के निशानदेही पर धान के खेत से गोलू के चप्पल को बरामद किया। अनीश उर्फ गोलू के भाई के आवेदन पर तीन पर प्राथमिकी दर्ज हुआ है। मृतक अनीश उर्फ गोलू के बड़े भाई मनीष के आवेदन पर संग्रामपुर थाना में मुन्ना पांडे, विवेक पांडे और प्रभु पांडे के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसमें प्रभु पांडे को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

# पटना नगर निगम के 8 हजार कर्मी करेंगे हड़ताल

## 21 सितंबर से 17 मांगों को लेकर करेंगे स्ट्राइक, पटना की सफाई पर लग सकता है ब्रेक





पटना। नगर निगम के आठ हजार कर्मी 21 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इस दौरान सभी सफाई व्यवस्था ठप हो जाएगी। कर्मियों की यह हड़ताल 17 सूत्री मांगों को लेकर है। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि निगमकर्मियों की मुख्य मांग है कि विगत कई वर्षों से कार्यरत दैनिक कर्मियों को स्थायी किया जाए, न्यूनतम वेतन 18-21 हजार किया जाए, समाप्त किए गए चतुर्थ वर्ग के पद को फिर से बहाल किया जाए, आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर आउटसोर्स मे कार्यरत कर्मियों को नगर निगम कर्मी के रूप में अडजस्ट किया जाए। समान काम का समान वेतन लागू किया जाए, निगमकर्मियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की गांरटी दी जाए सहित अन्य कई मांग शामिल हैं। जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पिछले बार न्यायालय की हस्तक्षेप से हड़ताल को तोड़ दिया गया था, लेकिन अगर इस बार अगर फैसला हमारे पक्ष में नहीं आता है तो हम न्यायालय की भी नहीं सुनेंगे। इस हड़ताल से मोहल्ले की गलियों के हर मोड़ पर कचरे का ढेर होगा। बारिश का मौसम है तो इस कारण कचरा सड़ने से दुर्गंध उठने और अन्य तरह की बीमारियां भी हो सकती हैं।

## जलकैदी जैसी जिंदगी: बाइपास से सटे मोहल्लों में ड्रेनेज नहीं, तेज बारिश होने पर घरों में भी घुस जा रहा पानी





पटना। शहर के दक्षिणी हिस्से यानी बाइपास से लगे बड़े इलाकों में बारिश होने पर घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। रास्ते और खाली प्लॉट में पानी भर जाता है। इन मोहल्लों में ड्रेनेज सिस्टम और नालों का कोई अता-पता नहीं है। वार्ड-30, 31 और 32 के लोग हर साल बरसात में जलजमाव की पीड़ा झेलते हैं। इसबार भी वही हालत है। पानी भरने के बाद नगर निगम प्रशासन के हाथ-पांव फूल जाते हैं। पंपिंग सेट चलाकर पानी निकालने के अलावा यहां कोई अन्य विकल्प नहीं है। 10-15 घंटे तक मोटर चलाने के बाद ही जलनिकासी हो पाती है। तब तक सड़कों पर वाहन तो दूर पैदल चलने की स्थिति भी नहीं होती है। बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो जाता है, क्योंकि मोहल्ले तक वैन, बस और ऑटो नहीं पहुंच पाते हैं। यह समस्या 15 से अधिक मोहल्लों की है। एक से दूसरे प्लॉट में डालते हैं पानी : वार्ड 30 में नवतारा स्वीट्स के आसपास के खाली प्लॉट में पानी भर गया है। निगम प्रशासन यहां पंपिंग सेट चलाकर पानी निकालने की कोशिश करता है। बारिश होने के बाद एक दिन भी यदि मोटर चलाकर जलनिकासी नहीं की जाए, तो लोगों के घरों में भी पानी घुस जाता है। लेकिन दिक्कत यह है कि मुख्य नाला यहां से काफी दूर है। मजबूरी में एक से दूसरे प्लॉट में पानी डाला जाता है। पंपिंग सेट चलाने के लिए नगर निगम ने यहां स्थायी तौर पर बिजली कनेक्शन लिया है, ताकि डीजल की खपत न हो। जलजमाव से सड़कों की हालत जर्जर मोहल्लों की सड़कें पहले से ही जर्जर हैं। ऊपर से पानी भरने से और खराब हो गई है। अमरदीप नगर, ज्योतिष पथ के पूरे हिस्से में पानी भर गया है। वाहनों के चलते से यह सीसी सड़क भी उखड़ गई है। इससे जुड़ी कनेक्टिंग सड़कों पर पैदल गुजरना भी मुश्किल है। सड़क के किनारे खाली प्लॉट में पानी भरने से कई बार वाहन इसमें फंस जाते हैं। आए दिन दुर्घटनाएं भी होती हैं। लेकिन इस इलाके में स्थाई समाधान का अबतक प्रयास नहीं किया गया है। शहर के दक्षिणी हिस्से में पड़ने वाले वार्डों के मोहल्लों में ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के चलते ही जलजमाव की स्थिति बन रही है। 15 से अधिक मोहल्ले के हजारों लोग इससे परेशान रहते हैं। निगम प्रशासन के आला अधिकारियों को इस बारे में सबकुछ पता है। बुडको को नाला बनाने की जिम्मेदारी भी दी गई है। जलनिकासी के लिए यहां घंटों पंपिंग सेट चलाने की मजबूरी है।-दिलीप सिंह, पार्षद प्रतिनिधि, वार्ड-30

## बेतिया के लोगों को जलजमाव से मिलेगा छुटकारा



बेतिया। नगर निगम के उत्तरवारी पोखरा स्थिति पक्की फुलवारी मोहल्ले की समस्या का जल्द समाधान होगा। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि जलजमाव से ग्रसित वार्ड संख्या 5 के पक्की फुलवारी मोहल्ले में नाला का निर्माण कराया जाएगा। महापौर ने कहा कि स्थानीय पार्षद द्वारा एक योजना दिया गया है। उत्तर द्वारदेवी चौक के नजदीक सुधीर जायसवाल के घर से आनंद मार्ग होते हुए नंदलाल पुल तक नाला निर्माण की नई योजना को स्वीकृति बोर्ड द्वारा दी गई है। निगम द्वारा तैयार की गई 69 लाख 85,800 रुपए का प्राक्कलन वाली इस योजना के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए निर्माण की सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई है। वार्ड पार्षद द्वारा प्रस्तावित इस योजना के नाला बनाने के पूर्व अमीन द्वारा नापी कराकर अतिक्रमण हटाकर नाले का निर्माण करने का सख्त निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड की पहली बैठक में वार्ड पांच की पार्षद गुड़िया देवी द्वारा प्रस्तावित योजना के आधार पर अजय तिवारी के घर से अरुण सिंह की जमीन होते हुए एनएच तक के नाला निर्माण को स्वीकृति दे दी गई थी। 20.20 लाख की लागत वाली योजना का टेंडर भी कर दिया गया था। टेंडर होने के बाद बताया गया कि उक्त योजना के अनुसार नाला का निर्माण संभव नहीं है। अब वार्ड पार्षद द्वारा समस्या के निदान के लिए नई योजना के प्रारूप को राशि के साथ मंजूरी मिली है। पांच सितंबर को संपन्न बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत करने पर प्रस्ताव को सर्व सहमति से स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि अतिक्रमण एक बहुत बड़ी बाधा है। इसको लेकर आमना उर्दू स्कूल रोड, झीलिया और पक्की फूलवारी मुहल्ले में जलजमाव की समस्या है। इसके निदान में नगर निगम का नर्म रवैया भी चिंता का विषय है।

# रसायानिक खेती का बेहतर विकल्प

# 'बेंवर खेती'

यह जानकर आपको आश्चर्य होगा कि हमलोग प्रतिदिन 0.5 मिली ग्राम जहर खाते हैं। लेकिन यह सच है। इंटरनेश्नल फाउंडेशन आफ आर्गेनिक एग्रीकल्चर मूवमेंट नामक अंतरराष्ट्रीय संस्था ने आलू के 100 नमूनों में से 12 और टमाटर के 100 नमूनों में से 48 में जहर पाया था। इसी तरह उत्तरप्रदेश के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया कि हमारे शरीर में साल भर में करीब 174 मिली ग्राम जहर पहुंचता है और यह जहर अगर शरीर में एक साथ पहुंच जाए तो व्यक्ति की मृत्यु सुनिश्चित है। जानते हैं शरीर के अंदर यह जहर दूध, फल, सब्जी और अनाज खाने से धीमे गति से पहुंचता है और यह सब आज के रसायनिक खेती में उपयोग होने वाले उर्वरक के कारण हो रहा है।

देखा जाए तो हम लोग ज्यों-ज्यों विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं, हम अपनी संस्कृति और परंपराओं को पीछे छोड़ते जा रहे हैं। हमने वर्ष 1966-67 में हरित क्रांति का आगाज तो किया, लेकिन अंधाधुंध रसायनों और कीटनाशकों का उपयोग करके। जिसका परिणाम आज फलों व सब्जियों में जहर के रूप में सामने आ रहा है। मौजूदा समय में जरूरत है तो इस रसायनिक खेती के बेहतर विकल्प तलाशने की और वह जैविक खेती के रूप में सामने आ रहा है। अर्थात फिर से प्राकृतिक तरीके से खाद तैयार कर खेती करना। लेकिन हम आदिवासियों की 'बेंवर खेती' को क्यों भूल रहे हैं, जिसमें खेती करने के लिए न तो किसी प्रकार की खाद व दवाई की आवश्यकता पड़ती है और न ही सिंचाई करने के लिए पानी और हल से जोत की जरूरत। उसके बावजूद इसमें बम्पर पैदावार होती है। विशेषकर यह पहाड़ी इलाकों के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभर सकता है।

रसायनिक खेती के जहां ज्यादा नुकसान हैं, वहीं बेंवर खेती के कई फायदे हैं। बिना हल चलाए खेती करने से पहाड़ अथवा ढ़लान की मिट्टी के कटाव को रोका जाता है। इसके खेत तैयार करने के लिए न तो पेड़ों को काटा जाता है और न ही जमीन जोती जाती है। इसकी सिंचाई व इसमें खाद डालने के लिए किसानों को सोचना भी नहीं पड़ता है। यह पूरी तरह बारिश पर निर्भर है। इसलिए इस तरह की खेती पहड़ी इलाकों में ज्यादा सुरक्षित है, जहां बारिश समय पर होती है। बेंवर ख्रेती की मिश्रित प्रणाली के कारण फसल में कीड़ा लगने का खतरा भी नहीं रहता है। इसमें बाढ़ व आकाल झेलने की क्षमता भी होती है और यह कम लागत व अधिक उत्पादन की तर्ज पर काम करता है। फिलहाल बैगा आदिवासी इसमें डोंगर, कुटकी, शांवा, सलहार, मंडिया, खास, झुंझरू, बिदरा, डेंगरा, ज्वार, कांग, उड़द, ककड़ी, मक्का, भेजरा सहित सौ से ज्यादा अनाज उगाते हैं। इसके अलावा औषधि की भी खेती करते हैं।

बेंवर खेती के लिए जमीन तैयार करने में भी मशक्कत नहीं करनी पड़ती। मौजूदा खेती क ी



तरह इसमें किसानों को न तो बिजली, पानी के लिए रोना पड़ता है और न ही उर्वरक लेने के लिए मारामारी करनी पड़ती है। इसमें सबसे पहले खेती की जमीन पर छोटे-छोटे पेड़ों व झाड़ियों को काटकर बिछाया जाता है, फिर झाड़ियां सूखने के बाद उसमें आग लगा दी जाती है। आग जलने के बाद राख की वहां एक परत बन जाती है, जिसमें बरसात शुरू होने से एक सप्ताह पहले विभिन्न किस्मों के बीज मिलाकर उसे खेत में छिड़क दिया जाता है। बारिश के बाद उसमें फसल लहलहाने लगता है।

आज भी इस तरह की खेती आदिवासी इलाकों में होती है। यह जैविक खेती का ही एक रूप है। डिंडौरी जिले के समनापुर विकासखंड के कई गांवों में बैगा आदिवासी इस तरह की खेती करके अनाज का उत्पादन करते हैं और अपनी आजीविका चलाते हैं। 'बेंवर खेती' पूरी तरह से जैविक, पारिस्थितिक, प्रकृति के अनुकुल और मिश्रित खेती है। इसकी खासियत यह है कि इस खेती में एक साथ 16 प्रकार के बीजों का इस्तेमाल किया जाता है, उनमें कुछ बीज अधिक पानी में अच्छी फसल देता है, तो कुछ बीज कम पानी होने या सूखा पड़ने पर भी अच्छा उत्पादन करता है। इससे खेत में हमेशा कोई-न-कोई फसल लहलहाते रहता है। इससे किसानों के परिवार को भूखे मरने की नौबत भी नहीं आती और न ही किसान को आत्महत्या करने की स्थिति उत्पन्न होती है। फिलहाल इस तरह की खेती पर रोक लगी हुई है। सन् 1864 में अंग्रेजों के वन कानून ने इस पर रोक लगा दी है। उसके बाद भी डिंडौरी जिले के बैगाचक और बैगाचक से लगे छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में कुछ बैगा जनजाति 'बेंवर खेती' को अपनाए हुए है। सरकार को चाहिए की इसे बढ़ावा दे और इससे शहरी किसानों को भी जोड़े।

लेकिन हम आदिवासियों की 'बेंवर खेती' को क्यों भूल रहे हैं, जिसमें खेती करने के लिए न तो किसी प्रकार की खाद व दवाई की आवश्यकता पड़ती है और न ही सिंचाई करने के लिए पानी और हल से जोत की जरूरत। उसके बावजूद इसमें बम्पर पैदावार होती है। विशेषकर यह पहाड़ी इलाकों के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभर सकता है।

रसायनिक खेती के जहां ज्यादा नुकसान हैं, वहीं बेंवर खेती के कई फायदे हैं। बिना हल चलाए खेती करने से पहाड़ अथवा ढ़लान की मिट्टी के कटाव को रोका जाता है। इसके खेत तैयार करने के लिए न तो पेड़ों को काटा जाता है और न ही जमीन जोती जाती है। इसकी सिंचाई व इसमें खाद डालने के लिए किसानों को सोचना भी नहीं पड़ता है। यह पूरी तरह बारिश पर निर्भर है। इसलिए इस तरह की खेती पहड़ी इलाकों में ज्यादा सुरक्षित है, जहां बारिश समय पर होती है। बेंवर ख्रेती की मिश्रित प्रणाली के कारण फसल में कीड़ा लगने का खतरा भी नहीं रहता है। इसमें बाढ़ व आकाल झेलने की क्षमता भी होती है और यह कम लागत व अधिक उत्पादन की तर्ज पर काम करता है। फिलहाल बैगा आदिवासी इसमें डोंगर, कुटकी, शांवा, सलहार, मंडिया, खास, झुंझरू, बिदरा, डेंगरा, ज्वार, कांग, उड़द, ककड़ी, मक्का, भेजरा सहित सौ से ज्यादा अनाज उगाते हैं। इसके अलावा औषधि की भी खेती करते हैं।

बेंवर खेती के लिए जमीन तैयार करने में भी मशक्कत नहीं करनी पड़ती। मौजूदा खेती की तरह इसमें किसानों को न तो बिजली, पानी के लिए रोना पड़ता है और न ही उर्वरक लेने के लिए मारामारी करनी पड़ती है। इसमें सबसे पहले खेती की जमीन पर छोटे-छोटे पेड़ों व झाड़ियों को काटकर बिछाया जाता है, फिर झाड़ियां सूखने के बाद उसमें आग लगा दी जाती है। आग जलने के बाद राख की वहां एक परत बन जाती है, जिसमें बरसात शुरू होने से एक सप्ताह पहले विभिन्न किस्मों के बीज मिलाकर उसे खेत में छिड़क दिया जाता है। बारिश के बाद उसमें फसल लहलहाने लगता है।

आज भी इस तरह की खेती आदिवासी इलाकों में होती है। यह जैविक खेती का ही एक रूप है। डिंडौरी जिले के समनापुर विकासखंड के कई गांवों में बैगा आदिवासी इस तरह की खेती करके अनाज का उत्पादन करते हैं और अपनी आजीविका चलाते हैं। 'बेंवर खेती' पूरी तरह से जैविक, पारिस्थितिक, प्रकृति के अनुकुल और मिश्रित खेती है। इसकी खासियत यह है कि इस खेती में एक साथ 16 प्रकार के बीजों का इस्तेमाल किया जाता है, उनमें कुछ बीज अधिक पानी में अच्छी फसल देता है, तो कुछ बीज कम पानी होने या सूखा पड़ने पर भी अच्छा उत्पादन करता है। इससे खेत में हमेशा कोई-न-कोई फसल लहलहाते रहता है। इससे किसानों के परिवार को भूखे मरने की नौबत भी नहीं आती और न ही किसान को आत्महत्या करने की स्थिति उत्पन्न होती है। फिलहाल इस तरह की खेती पर रोक लगी हुई है। सन् 1864 में अंग्रेजों के वन कानून ने इस पर रोक लगा दी है। उसके बाद भी डिंडौरी जिले के बैगाचक और बैगाचक से लगे छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में कुछ बैगा जनजाति 'बेंवर खेती' को अपनाए हुए है। सरकार को चाहिए की इसे बढ़ावा दे और इससे शहरी किसानों को भी जोड़े।



## सब्जियों की खेती के लिए तैयार करें पौधशाला

सब्जियों की खेती के लिए पौधशाला या नर्सरी में पौध तैयार करना एक कला है। इसे अच्छी तरह से तैयार करने के लिए तकनीकी जानकारी का होना आवश्यक है। सब्जियों की नर्सरी को मौसम और बेमौसम की दशा में सफलतापूर्व तैयार करने के लिए वैज्ञानिक तकनीकी अपनाकर किसान अच्छी खेती कर सकते हैं।

सब्जियों की खेती दो प्रकार से की जाती है। पहली में सब्जियों के बीजों को सीधा खेत में बिजाई कर दी जाती है जैसे - मटर, भिंडी, लोबिया, गाजर, मूली, शलगम व कद्दूवर्गीय फसलें, पत्ते वाली सब्जियां व फ्रेंच बीन आदि। दूसरे प्रकार में पहले बीजों को पौधशाला में बिजाई करके पौध तैयार की जाती है उसके बाद पौध की खेत में रोपई की जाती है जैसे - फूलगोभी, पत्तागोभी, ब्रोकली, टमाटर, बैगन, मिर्च, शिमला मिर्च, प्याज व गांठगोभी आदि।

उत्तर भारत में फूलगोभी व मिर्च की अगेती व मध्यकाल फसल की पौध तैयार करने के समय अधिक गर्मी के साथ-साथ वर्षा भी होती रहती है जिससे नर्सरी में आर्द्रगलन रोग लग जाने के कारण काफी पौध मर जाती है।

पौधशाला तैयार करने का स्थान-

पौधशाला या नर्सरी हमेशा ऊंचे स्थान पर तैयार करें जिसमें पानी ना भर सके तथा उसका उचित जल निकास हो सके। नर्सरी के नजदीक छायादार वृक्ष नहीं होने चाहिए। नर्सरी की भूमि बलुई दोमट व पीएच मान छह से सात के बीच होना चाहिए। नर्सरी को जहां तक हो उसी खेत के किनारे तैयार करना चाहिए जहां उनकी रोपाई करनी है।

सब्जियों की स्वस्थ पौध तैयार करने के लिए आवश्यक बातें -

बीज की बिजाई करने से पहले बीज जनित व्याधियों से बचाने के लिए बीज का उपचार करना चाहिए। इसके लिए दो ग्राम कैप्टान, भाहरम या बापस्टिन प्रति किलोग्राम बीज में करना चाहिए।

सब्जियों की पौध तैयार करने के लिए तीन गुणा एक मीटर लम्बाई व चौड़ाई की क्यारियां बनानी चाहिए। बीच में एक फुट रास्ता खर पतवार निकालने व निराई-गुड़ाई के लिए छोडऩा चाहिए।

तीन मीटर लम्बी क्यारी के लिए दस किलोग्राम गोबर की सड़ीगली खाद व पौषकतत्व सौ ग्राम यूरिया, 150 ग्राम डीएपी व 120 ग्राम स्यूरेट आफ पोचश प्रति क्यारी की दर से मिलाकर क्यारी तैयार करनी चाहिए।

नर्सरी में पौध को रोगों से बचाने के लिए क्यारियों की मिट्टी का उपचार अवश्य करवा लें। पौध खेत में लगाने के लिए पंद्रह दिन पहले नर्सरी की सिंचाई में कमी कर दें। पौध उखाडऩे के 24 घंटे पहले खेत में खुला पानी लगा दें ताकी पौधों की जड़ों को नुकसान ना पहुंचे। पौध की रोपाई हमेशा शाम के समय करें। पौध लगाने के बाद हल्की सिंचाई करें।

अगर किसान भाई उपरोक्त बातों का ध्यान रखते हैं एक तो पौध सारी की सारी कामयाब होगी, मरने की संभावना इसमें काफी कम रहती है। इसके साथ ही साथ खेत में पौध का जमाव भी अच्छा होगा। इस प्रकार फसल अच्छी होगी और किसान भाई निर्धारित खर्च में अच्छा मुनाफा कमाने में सफल होंगे।



## महिला कोच से छेड़छाड़ मामले में मंत्री संदीप की अग्रिम जमानत याचिका पर 13 सितंबर को होगी सुनवाई



**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। जूनियर महिला कोच से छेड़छाड़ के मामले में संदीप की अग्रिम जमानत याचिका पर 13 सितंबर को सुनवाई होगी जबकि जिला अदालत में 16 सितंबर को आरोपपत्र पर सुनवाई होगी। वहीं इस मामले की जांच कर रही एसआईटी की ओर से कहा गया है कि वह अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करेगी और इसके लिए वह जवाब भी तैयार कर रही है। ताकि 13 सितंबर से पहले जिला अदालत में जवाब दायर कर दिया जाएगा। संदीप की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होती है तो उनकी गिरफ्तारी होनी तय है। आरोपत्र के अनुसार, मंत्री ने पुलिस को बताया था कि जूनियर महिला कोच के साथ उनका कोई निजी संबंध नहीं है। जांच में ये बात गत साबित हुई है। मंत्री ने पुलिस को कहा था कि पीड़िता केवल उनसे 15 मिनट के लिए ही मिली थी। वहीं जूनियर महिला कोच ने उसकी जासूसी का भी आरोप मंत्री पर लगाया है। कोच ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति उसका पीछा कर रहा था। साथ ही कहा कि ये व्यक्ति आई.डी. से संबंध रखता है। ये सुबह से एक गाड़ी में कुछ लोगों के साथ उसका पीछ करा था। इस मामले की शिकायत उसने पुलिस में भी की है।

# ट्रंप ने किया धोनी के लिए गोल्फ मैच का आयोजन

**न्यूयार्क ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी आजकल अमेरिका दौरे पर हैं। यहां वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति प्रेजिडेंट डोनाल्ड ट्रंप और गोल्फरों के साथ नजर आये। ट्रंप भी धोनी के प्रशंसक बनते दिख रहे हैं। उन्होंने धोनी के लिए एक गोल्फ गेम का भी आयोजन किया है। इसमें धोनी , ट्रंप और कुछ और लोगों के साथ हैं। ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छायी हुई हैं।

धोनी क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में भी खासी रुचि रखते हैं। वह यहां अमेरिकी ओपन में अलकाराज और ज्वेरेव के बीच हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले को भी देखने पहुंचे। इस मैच से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें धोनी नजर आ रहे हैं।




इससे पहले आईपीएल धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने पांचवां खिताब जीता था। सीएसके ने अपने सारे खिताब उनकी कप्तानी में ही जीते हैं। ऐसी उम्मीद थी कि धोनी यह अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे हैं हालांकि फाइनल के बाद माही ने कहा था कि अगर वह फिट रहे तो जरूर आईपीएल 2024 में भी खेलेंगे।

### संक्षिप्त समाचार



## मेसी के गोल से जीता अर्जेंटीना

**ब्यूनस आयर्स ।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी के गोल से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने पहले मैच में इक्वाडोर को 1-0 से हरा दिया। मेसी ने दूसरे हाफ में फ्री किक पर गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलायी। मैसी ने दर्शकों की भारी भीड़ के सामने 78वें मिनट में यह निर्णायक गोल किया। मेसी का यह 176 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 104वां गोल है। वहीं विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों में यह उनका 29वां गोल है। इसी के साथ ही उन्होंने उरूग्वे के लुई सुआरेज के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। वहीं दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग के अन्य मैचों में कोलंबिया ने राफेल सैंटोस बोर्रे के गोल से वेनेजुएला को 1-0 से हराया। ये गोल सैंटोस ने 46वें मिनट में किया।

## अमेरिकी ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंची गॉफ



**न्यूयॉर्क ।** स्थानीय महिला खिलाड़ी कोको गॉफ अमेरिकी ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंच गयी हैं। अमेरिका की गॉफ ने महिला एकल के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की करोलिना मुचोवा को 6-4, 7-5 से हराया। 19 साल की गॉफ ने अपने से अधिक उम्र की मुचोवा को हराकर पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। गॉफ ने छठे मैच अंक पर जीत दर्ज की। वह पिछले 22 वर्षों में यहां फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की अमेरिकी खिलाड़ी हैं। उनसे पहले अमेरिका की ही सेरेना विलियम्स ने यह 2001 में मुकाम हासिल किया था। गॉफ ने मैच के बाद कहा कि मैं इस टूर्नामेंट को देखते हुए बड़ी हुई हूं, इसलिए फाइनल में जगह बनाना मेरे लिए काफी मायने रखता है। यह जश्न का समय है पर अभी काम पूरा नहीं हुआ है और मुझे उम्मीद है कि शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में आप सभी मेरा समर्थन करने के लिए आएंगे। वह पहला सेट जीतने के बाद जब दूसरे सेट में 1-0 से आगे चल रही थी तो पर्यावरण से जुड़े चार प्रदर्शनकारियों ने खेल में बाधा डाली। इन चारों को गिरफ्तार करके बाहर कर दिया गया है।

# बोपन्ना ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचकर बनाया रिकार्ड



**न्यूयॉर्क ।**

भारत के अनुभवी खिलाड़ी रोहन बोपन्ना अमेरिकी ओपन ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच गये हैं। 43 साल छह माह के बोपन्ना ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ अमेरिकी ओपन के पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे। इस प्रकार सबसे अधिक उम्र में ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले खिलाड़ी हैं। बोपन्ना और एबडेन की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने करीब डेढ़ तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में फ्रांस के पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट और निकोलस माहुत की जोड़ी को 7-6 (3), 6-2 से पराजित किया। इस प्रक्रिया में बोपन्ना ने अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया। बोपन्ना, ग्रैंड स्लैम जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ 2017बी फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल का खिताब जीता था। तब उन्होंने कनाडा के डैनियल नेस्टर के रिकॉर्ड को हराया था, जिन्होंने 43 साल और 4 महीने की उम्र में फाइनम तक का सफल तय किया था। बोपन्ना इस समय युगल रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। यह दूसरी बार है, जब बोपन्ना अमेरिकी ओपन में पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले साल 2010 में वह ऐसाम-उल-हक कुरेशी के साथ फाइनल में पहुंचे थे। बोपन्ना ने अब तक अपने करियर में 24 खिताब जीते हैं। अब फाइनल में उनका मुकाबला एंडी राम और जो सैलिसबरी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी और दूसरी वरीयता प्राप्त इवान डोडिग व ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी के बीच होने वाले सेमीफाइनल की विजेता जोड़ी से होगा।

## विश्वकप के बाद स्टोक्स के घुटने की सर्जरी होगी

### भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे



**नई दिल्ली ।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स एकदिवसीय विश्वकप के बाद अपने घुटने की सर्जरी करायेंगे। ऐसे में वह अगले साल टेस्ट सीरीज के लिए होने वाले भारत दौरे से बाहर रहेगे। स्टोक्स घुटने की चोट के कारण इस गेंदबाजी करते नहीं दिखे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के अंतिम 3 मैचों में बल्लेबाज के तौर पर ही उतरे। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में भी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे। स्टोक्स ने कहा कि वह वर्ल्ड कप के बाद घुटने की सर्जरी करायेंगे। स्टोक्स ने एक साल पहले ही एकदिवसीय से संन्यास ले लिया था पर टीम प्रबंधन की अपील पर वह विश्वकप के लिए टीम में वापस आ गये हैं।

स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं जानता हूं कि क्या होने जा रहा है। मुझे नहीं लगता कि इस बात को बताने का यह सही समय है कि मैं क्या करने जा रहा हूं। स्टोक्स ने कहा कि मैं कुछ विशेषज्ञों से बात कर रहा हूं। हमारी एक योजना है। यह अच्छा है कि विश्वकप के बाद हमारे पास एक अच्छी योजना है, जिस पर हम अमल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अगले सत्र में एक ऑलराउंडर के रूप में खेलना चाहता हूं। मेरी योजना विश्वकप के बाद घुटने की परेशानी को दूर करने की है। स्टोक्स अगर सर्जरी करवाते हैं, तो फिर उनकी भारत के खिलाफ 25 जनवरी से शुरू होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज तक फिट होने की उम्मीद नहीं है क्योंकि किसी भी खिलाड़ी को घुटने के ऑपरेशन के बाद उससे उबरने में 8 से 12 सप्ताह तक लग जाते हैं। ऐसे में स्टोक्स आईपीएल के दौरान ही मैदान पर वापसी कर पाएंगे।

## सुपर-फोर के भारत-पाक मुकाबले में भी बारिश का खतरा मंडराया

**कोलंबो ।**



भारत ओर पाकिस्तान के बीच 10 सितंबर को होने वाले एशिया कप क्रिकेट के सुपर फोर के मैच पर भी बारिश का साया मंडरा रहा है। इससे पहले दोनो के बीच हुए लीग स्तर के मैच में भी बारिश की बाधा आई थी। ऐसे में प्रशंसकों को एक बार फिर निराशा का सामना करना पड़ सकता है। ये दोनों ही टीमें नेपाल के खिलाफ शानदार जीत के साथ ही सुपर 4 में पहुंची हैं। वहीं अब मौसम विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार 10 तारीख को सुबह बारिश की काफी संभावनाएं हैं। खेल की शुरुआत में बारिश का खतरा बढ़ सकता है। वहीं शाम होने पर तापमान में कमी के बाद भी आसमान साफ होने की संभावना नहीं होगी और रात में भी भारी बारिश हो सकती है। इससे भारत को श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ सुपर फोर मैचों में भी परेशानी होगी। 12 सितंबर को भारत और श्रीलंका मुकाबले में भी बारिश की आशंका है। तब बारिश की 40 फीसदी संभावना है।

वहीं 15 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले के दौरान मौसम में सुधार दिखने की उम्मीद है। बारिश के कारण एशिया कप के अंतिम चरण को कोलंबो से हंबनटोटा में स्थानांतरित करने की भी बात हुई थी पर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने इससे इंकार करते हुए कहा कि टूर्नामेंट कोलंबो में ही होगा। इस फैसले की कई लोगों ने आलोचना भी की है।



## हर सीरीज से पहले विराट से सलाह करते हैं रोहित

**कोलंबो ।** एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 10 सितंबर को होने वाले मुकाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक अहम खुलासा किया है। रोहित ने कहा है कि वह हर सीरीज के पहले पूर्व कप्तान विराट कोहली से सलाह करते है। इस दौरान विरोधी टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी सहित सभी मामलों पर बात होती है। रोहित ने इस दौरान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की सराहना करते हुए कहा कि अच्छा इंसान होना सबसे अहम है। उसके बाद ही आप क्रिकेटर हैं, फुटबॉलर हैं या डॉक्टर हैं। वह एक अच्छे इंसान हैं मैंने उनकी अगुवाई में ही डेब्यू किया हालांकि उनके साथ ज्यादा मुकाबले नहीं खेल सका। एनसीए में थे तो बातचीत होती रहती थी पर जब से वह कोच बने हैं तब से सभी मामलों पर उनसे चर्चा होती है। रोहित और विराट अभी भारतीय टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं ओर इन दोनो के ऊपर ही एशिया कप में जीत दिलाने की जिम्मेदारी है। भारतीय टीम अब सुपर फोर में पाक से खेलेगी। ये मुकाबला आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी क्रिकेट प्रेमियों को इस मुकाबले की बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच दो सितंबर को भी पल्लेकेले में मुकाबला हुआ था पर वह मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। उस मैच में भारत का शीर्ष क्रम असफल रहा था। ऐसे में इस बार रोहित और विराट बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

## गांगुली विश्वकप के लिए चयनित टीम से संतुष्ट , कई दिग्गजों ने खारिज किया




**मुम्बई ।**

पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जहां एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम को सही बताया है। गांगुली के अनुसार यह काफी अच्छी टीम है और इसमें सभी बातों का ध्यान रखा गया है। वहीं सात अन्य दिग्गजों ने इसे खारिज कर दिया है। गत दिवस ही बीसीसीआई ने विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की थी। इसके बाद से ही इसपर विशेषज्ञों की राय आ रही है। पूर्व बल्लेबाज संजय बांगड़ ने कहा है कि इस टीम में ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह पर ऊंगली बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को रखना चाहिये था। इसी प्रकार पूर्व बल्लेबाज संज मांजरेकर ने कहा है कि टीम में ईशान किशन, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर की जगह नहीं बनती है। इनकी जगह यजुवेन्द्र चहल और अर्शदीप सिंह को जगह मिलनी थी। वहीं पूर्व सलामी बल्लेबाज के श्रीकांत के अनुसार श्रेयस अय्यर को शामिल करन गलत है। इस टीम में चहल और अर्शदीप को शामिल करना चाहिये था। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन के अनुसार स्पिनर कुलदीप यादव का चयन गलत है। इसके अलावा पूर्व स्पिनर पीयूष चावला के अनुसार टीम में अय्यर और अक्षर की जगह पर चहल को टीम में शामिल करना था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टॉम मूडी ने कहा कि सूर्यकुमार यादव को टीम में नहीं रखना था। इसके साथ ही कहा कि चहल को जगह नहीं मिलने पर उन्हें हैरान हुई है। वहीं पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने टीम में ईशान किशन और शार्दुल ठाकुर की जगह पर सवाल उठाए हैं। साथ ही कहा कि चहल को शामिल किया जाना था।

**सौरव गांगुली :** एकमात्र गांगुली ही बीसीसीआई द्वारा चुनी गई टीम से संतुष्ट है। उनका मानना है कि यह परफेक्ट कंबीनेशन है।

## भुवनेश्वर ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान खींचा



**नई दिल्ली ।**

भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आजकल यूपी टी20 लीग खेल रहे हैं। भुवनेश्वर ने यहां जबरदस्त गेंदबाजी कर एक बार फिर विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। भुवनेश्वर को विश्वकप के लिए संभावित 15 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। भूवी ने अच्छी बल्लेबाजी के बाद आक्रामक गेंदबाजी की है। टी20 लीग के एक मैच में नोएडा सुपर किंग्स ने सुपर ओवर में काशी रुद्राज को हराया। इस मैच में भूवी ने सुपर ओवर में केवल 11 रन ही दिए। काशी को जीत के लिए सुपर ओवर में 20 रन बनाने थे। इससे पहले काशी रुद्राज की ओर से प्रिंय यादव ने 50 तो शिवम बंसल ने 37 जबकि शिवा सिंह ने 36 रन बनाए। इससे टीम ने पहले खेलते हुए 7 विकेट पर 165 रन का संघर्षपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इस दौरान भुवनेश्वर ने 2 विकेट लिए। वहीं एक अन्य मैच में भुवनेश्वर कुमार ने मथुरा मैवरिक्स के खिलाफ 4 गेंद पर ही तेजी से 14 रन बना दिये।

### बुमराह फिर भारतीय टीम से जुड़े




**कोलंबो ।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एकबार फिर टीम से जुड़ गये हैं। बुमराह बच्चे के जन्म के कारण नेपाल के खिलाफ मुकाबले से पहले ही स्वदेश लौट गये थे। अब जबकि भारतीय टीम को 10 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर मुकाबला खेलना है। उसके पहले बुमराह की वापसी अच्छी रहने की उम्मीद है। बुमराह के स्वदेश लौटने पर उनकी फिटनेस को लेकर आशंकाएं लगायीं जा रहीं थीं जो गलत साबित हुई हैं। बुमराह अपने पहले बच्चे के जन्म के दौरान अपने परिवार के साथ रहना चाहते थ। यही वजह है कि उन्होंने नेपाल के खिलाफ एक मुकाबले के लिए ब्रेक लिया था। . सुपर-4 में बुमराह की वापसी से भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण बेहतर होगा। बुमराह ने पाक के खिलाफ एकदिवसीय में अब तक कुल छह मुकाबले खेले हैं। इसमें पांच पारियों में उन्हें 48.75 की औसत से चार विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 23 रन पर दो विकेट रहा है। बुमराह ने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 165 मैचों की 191 पारियों में 323 विकेट लिए हैं।

# कॉम्पैक्ट एसयूवी में टाटा नेक्सॉन का नाम अव्वल

## - कार की मजबूती को लेकर नहीं किया कंपनी ने कोई समझौता

**नई दिल्ली ।**

जब भी कॉम्पैक्ट एसयूवी की बात होती है तो उसमें पहले नाम टाटा नेक्सॉन और ह्युंडई क्रेटा का ही आता है। नेक्सॉन मार्केट में मौजूद सबसे सेफ कॉम्पैक्ट एसयूवी मानी जाती है। कार की मजबूती को लेकर कंपनी ने कोई भी कॉम्प्रोमाइज नहीं किया है। वहीं कार को ग्लोबल एनसीएपी की 5 स्टार रेटिंग भी मिल चुकी है। लेकिन अब कंपनी अपनी इस कार को पूरी तरह से बदलने जा रही है और कार का नया फेसलिफ्ट मॉडल 14 सितंबर को लॉन्च कर दिया जाएगा। हालांकि, कंपनी इसके इलेक्ट्रिक वेरिएंट का भी नया मॉडल लॉन्च करने जा रही है और ये 7 सितंबर को ही बाजार में दस्तक दे देगा। कंपनी ने नेक्सॉन और नेक्सॉन ईवी के फेसलिफ्ट मॉडल की बुकिंग शुरू कर दी है। इसे आप आसानी से कंपनी की वेबसाइट या ऑथोराइज्ड डीलरशिप से बुक करवा सकते हैं। हालांकि कंपनी ने अभी तक कार की कीमतों का खुलासा नहीं किया है। कार में कंपनी ने कई तरह के कॉस्मैटिक और फीचर्स से रिलेटेड बदलाव कर दिए हैं। कार के सेफ्टी फीचर्स को भी बढ़ा दिया गया है। खासकर कार के फ्रंट को पूरी तरह से नया किया गया है। इसमें आपको नए बंपर के साथ ही ग्रिल भी नया दिखेगा जो इसे काफी स्लीक लुक देगा। कार में आपको 6 डिफरेंट कलर भी मिलेंगे। इसमें पर्पल, ब्लू, ग्रे, डार्क ग्रे, वाइट और रेड कलर का ऑप्शन मिलेगा। वहीं कार के व्हील साइज को भी अब स्टैंडर्ड 16 इंच का कर दिया गया है। कार के अलॉय भी नए दिए गए हैं। वहीं रियर में भी कार को नया बंपर और नए लाइट के डिजाइन दिए गए हैं। पहले से मजबूत मानी जाने वाली नेक्सॉन को कंपनी ने एक बार फिर नए सेफ्टी फीचर्स से लैस किया है। कार में अब आपको स्टैंडर्ड तौर पर 6 एयरबैग मिलेंगे। इसी के साथ एबीएस, ईबीडी, रियर और फ्रंट पार्किंग सेंसर, 360 डिग्री कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल जैसे सेफ्टी फीचर्स मिलेंगे। वहीं नेक्सॉन में अब कंपनी 10.25 इंच का नया इंफोटेनमेंट सिस्टम, टच-ऑपरेटेड एफएटीसी पैनल, हाइट-एडजस्टेबल और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, वायरलेस चार्जिंग, जेबीएल स्पीकर, सनरूफ, रियर एसी वेंट, कनेक्टेड कार टेक और ऑटो-डिमिंग रियरव्यू मिरर जैसे फीचर्स देगी। वहीं, 1.5-लीटर डीजल इंजन का ऑप्शन भी मिलेगा, जो 113बीएचपी जनरेट करेगा। इसमें 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड एएमटी गियरबॉक्स ऑप्शन होगा।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली ।**



वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल हैं। पिछले कई दिनों से कच्चा तेल 85 डॉलर के आसपास दर्ज किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत 0.38 फीसदी गिर गई है। बता दें कि देशभर में 22 मई 2022 को केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कमी की थी। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। चंडीगढ़ में 96.20 रुपए और डीजल 84.26 रुपए प्रति लीटर हो गया है। भोपाल में पेट्रोल 108.65 रुपए और डीजल 93.90 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# केटीएम आरसी 390 बाइक ने मचाई धूम

## -डिजाइन और स्टाइल के दम पर खूब बिक रही

**नई दिल्ली ।**



भारतीय बाजार में कम्प्यूटर बाइक के साथ ही स्पोर्ट्स बाइक का भी जबर्दस्त क्रेज है। इस सेगमेंट में एक कंपनी की बाइक ऐसी है जिसे लोग जमकर खरीद रहे हैं। यह अपने यूनिक डिजाइन और स्टाइल के दम पर खूब बिक रही है।

कंपनी इसे अपडेटेड फीचर्स के साथ पेश करती है जिसके वजह से यह अपनी सेगमेंट की सबसे एडवांस बाइक में शामिल हो गई है। दरअसल, यहां हम आपको केटीएम आरसी 390 के बारे में बता रहे हैं जिसे कंपनी ने हाल ही में अपडेटेड डिजाइन और फीचर्स के साथ लॉन्च किया है। यह बाइक उन लोगों को सबसे पसंद आती है जो कम बजट में स्पोर्ट्स बाइक खरीदना चाहते हैं। हालांकि, एक स्पोर्ट्स बाइक की तुलना में इसकी कीमत कम हैं लेकिन फीचर्स, परफॉरमेंस और तकनीक में यह अपने सेगमेंट की सबसे बेहतरीन बाइक्स में से एक है। वहीं इसका कर्ब वजन 172 किलोग्राम है।नई केटीएम आरसी 390 का डिजाइन और लुक ऐसा है कि इसके सामने कई महंगी गाड़ियां भी फीकी लगने लगती हैं।

इस बाइक में 13.7 लीटर का फ्यूल टैंक लगाया गया है। ये बाइक शहर में 25.89 केएमपीएल और हाईवे पर 31.22 केएमपीए

ल की माइलेज देने में सक्षम है। अगर सस्पेंशन की बात करें तो बाइक में आगे अपसाइड डाउन टेलीस्कोपिक फोर्क और पीछे मोनोशॉक सस्पेंशन सेटअप का इस्तेमाल किया गया है। बाइक में अलॉय व्हील्स के साथ दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक लगाया गया है।

इस बाइक में 153एमएम का ग्राउंड क्लीयरेंस मिलता है।

# 5 नई एसयूवी कारें लांच करेगी होंडा

## - सेडान और हैचबैक सेगमेंट में अपना जलवा दिखा चुकी है कंपनी

**नई दिल्ली ।**



जानी-मानी कंपनी होंडा आने वाले कुछ ही सालों में अपनी 5 नई एसयूवी कारें इंडिया में लॉन्च करने जा रही है। अब तक सेडान और हैचबैक सेगमेंट में अपना जलवा मनवाने वाली होंडा एलिवेट लॉन्च करने की शुरुआत के साथ ही अब कंपनी 5 नई एसयूवी 2030 तक देश में लॉन्च करेगी। होंडा कार्स इंडिया के सीईओ ताकुया त्सुमुरा ने बताया कि कंपनी का पूरा फोकस एसयूवी सेगमेंट पर है। हमारे लिए इस सेगमेंट में अपनी पोजिशन को बनाना काफी जरूरी है। इसका मुख्य कारण है कि ये सेगमेंट तेजी से बाजार में आगे बढ़ रहा है। कंपनी ने एलिवेट के साथ ही इसकी शुरुआत कर दी है और 5 नई गाड़ियों पर कंपनी काम कर रही है।कंपनी ने एलिवेट को लॉन्च करने के साथ ही बाजार में किफायती एसयूवी पेश करने की शुरुआत कर दी है। एलिवेट को कंपनी ने 10.99 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है। वहीं इसका टॉप वेरिएंट 15.99 लाख रुपये में उपलब्ध है। अब ये कार नेक्सॉन, क्रेटा, ग्रैंड विटारा और सेल्टॉस जैसी कारों को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है।एलिवेट में 8-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस ऐप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी, 6-स्पीकर साउंड सिस्टम, कनेक्टेड कार तकनीक, स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल, एलईडी प्रोजेक्टर फॉग लैंप, सिंगल-पेन सनरूफ, 17-इंच डुअल-टोन अलॉय व्हील, रिवर्सिंग कैमरा, प्रोजेक्टर हेडलैंप, एलईडी टेललाइट्स, ऑटोमेटिक एसी, पुश-बटन स्टार्ट/स्टॉप, 7-इंच सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस फोन चार्जिंग और अडास जैसे फीचर्स मिलते हैं।

एलिवेट में कंपनी ने 1.5 लीटर का 4 सिलेंडर नैचुरली एस्पिरेटेड आई वीटेक पेट्रोल इंजन दिया है। ये इंजन 121 बीएचपी की पावर और 145 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। कार में आपको 6 स्पीड मैनुअल और 7 स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन भी मिलता है। ये वही इंजन है जो कंपनी 5वीं जनरेशन होंडा सिटी में भी देती है।

# सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

## - सोना 59,000 रुपए और चांदी का 72,000 रुपए

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी की वायदा कीमतों में शुक्रवार को तेजी लौट आई। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 59,000 रुपए और चांदी के वायदा भाव 72,000 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के भाव में तेजी देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 145 रुपए की तेजी के साथ 71,915 रुपए के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 270 रुपए की तेजी के साथ 72,040 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। फिलहाल इसने 72,094 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 71,915 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। मई महीने में चांदी का वायदा भाव 78 हजार रुपए किलो को पार कर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए थे। सोने के वायदा भाव की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई।

एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 148 रुपए की तेजी के साथ 59,146 रुपए के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 133 रुपए की तेजी के साथ 59,131 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। फिलहाल इसने 59,154 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 59,103 रुपए के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी गई। कॉमेक्स पर सोना 1943.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद प्राइस 1942.50 डॉलर था। यह 7.30 डॉलर की तेजी के साथ 1949.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.26 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद प्राइस 23.24 डॉलर था। यह 0.13 डॉलर की तेजी के साथ 23.37 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही थी।

## 2047 तक विकसित देश बनने भारत को 8-9 फीसदी वृद्धि की जरूरत: डेलॉयट

**नई दिल्ली ।**

भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए अगले 20 वर्षों तक 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत है। डेलॉयट दक्षिण एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने यह बात कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। शेट्टी ने कहा कि भारत को चीन प्लस वन रणनीति से फायदा मिल सकता है, क्योंकि कोई दूसरा देश इस तरह के परिचालन के पैमाने और आकार की पेशकश नहीं कर सकता, जैसा यहां उपलब्ध है। अंतरिक्ष क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में पहले ही 200 स्टार्टअप हैं और यहां 2040 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश आ सकता है। शेट्टी ने बताया कि हमें एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए कम से कम 2047 तक 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की जरूरत है। मध्यम आय स्तर से आगे बढ़ना होगा। इस गति से वृद्धि आसान नहीं है। दुनिया में बहुत कम देश ऐसे हैं, जो सालाना 8-9 प्रतिशत की गति से बढ़ने में सक्षम हैं।



## एसबीआई से सस्ते में हासिल कर सकते हैं होम लोन

**- ऑफर का फायदा 31 दिसंबर 2023 तक**

**नई दिल्ली ।** देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपने ग्राहकों के लिए एक ऑफर लेकर आया है। एसबीआई होम लोन पर अपने ग्राहकों को 65 बेसिस प्वाइंट (0.65 फीसदी) तक छूट दे रहा है। होम लोन लेने वालों को एक खास अभियान के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 0.65 फीसदी तक की रियायत दे रहा है। हालांकि आप इस ऑफर का फायदा 31 दिसंबर 2023 तक ही उठा सकते हैं। खास बात है कि होम लोन पर ये रियायत सिबिल स्कोर के आधार पर मिलेगी। सिबिल स्कोर एक तीन अंकों की संख्या होती है जो किसी भी व्यक्ति की फाइनेंशियल साख और हिस्ट्री के बारे में बताती है। आपने अपने लोन या फिर क्रेडिट कार्ड को किस तरह से मैनेज किया है सिबिल स्कोर उस बारे में भी बताता है। क्रेडिट स्कोर की वैल्यू 300 से 900 के बीच हो सकती है। 750-800 और उससे ऊपर के सिबिल स्कोर के लिए ऑफर अवधि के दौरान होम लोन की ब्याज दर 8.60 फीसदी है। इस दौरान 0.55 फीसदी का डिस्काउंट ऑफर किया जा रहा है। 700 से 749 तक के सिबिल स्कोर के लिए एसबीआई ऑफर अवधि के दौरान 0.65 फीसदी की छूट दे रहा है। ऑफर अवधि के दौरान प्रभावी ब्याज दर 8.7 फीसदी है। 550-699 तक के सिबिल स्कोर के लिए एसबीआई कोई छूट नहीं दे रहा है। प्रभावी दर क्रमशः 9.45 फीसदी और 9.65 फीसदी है। 151-200 तक के सिबिल स्कोर के लिए एसबीआई ऑफर अवधि के दौरान होम लोन पर 0.65 फीसदी छूट दे रहा है। ऑफर अवधि के दौरान प्रभावी दर 8.7 फीसदी है।

## फॉक्सकान जल्द भारत में लगाएगी सेमीकंडक्टर प्लांट

**नई दिल्ली ।**



वेदांता के साथ डील टूटने के बाद फॉक्सकॉन को देश में चिप फैक्ट्री लगाने के लिए नया भागीदार मिल गया है। हालांकि, अभी बातचीत चल रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप भारत में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाने के लिए एसटीमाइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स एनवी के साथ आ रहा है। इसके लिए कंपनी सरकार का सपोर्ट पाना चाहती है। फॉक्सकॉन ताइवान की मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी है। वहीं एसटीमाइक्रो फ्रांसीसी-इतालवी कंपनी है। ये दोनों कंपनियां 40 नैनोमीटर चिप प्लांट में सरकार का सपोर्ट पाने के लिए आवेदन कर रही हैं। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। ये चिप्स कारों, कैमरों, प्रिंटर्स और दूसरी विभिन्न प्रकार की मशीनों में इस्तेमाल होती हैं। इससे पहले फॉक्सकॉन ने अरबपति अनिल अग्रवाल की वेदांता रिसोर्सेज के साथ पार्टनरशिप की कोशिश की थी। यह पार्टनरशिप एक साल की मामूली प्रोग्रेस के बाद टूट गई थी। फॉक्सकॉन दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर कंपनियों में से एक है। वह एप्पल के लिए आईफोन के पार्ट्स समेत कई प्रोडक्ट बनाती है। कंपनी की मैन्यूफैक्चरिंग पहले चीन बेस्ड थी, जिसे अब भारत में भी शिफ्ट किया जा रहा है। फॉक्सकॉन की योजना भारत में एक इलेक्ट्रिक व्हीकल फैक्ट्री लगाने की भी है। कंपनी के चेयरमैन ने हाल ही में कहा था कि आने वाले सालों में भारत दुनिया के मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में चीन को रिप्लेस कर सकता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 333 , निफ्टी 92 अंक बढ़ा

**मुम्बई ।**



घरेलू बाजार शुक्रवार को भारी बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी बाजार में ये तेजी लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल , उर्जा , रेल और बैंकिंग शेयरों में आये उछाल से आयी है। कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 333.35 अंक करीब 0.50 फीसदी ऊपर आकर 66,598.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 66,766.92 अंक तक ऊपर जाने के बाद 66,299.30 तक टूटा।दूसरी ओर पचास शेयरों वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी में 92.90 अंक करीब 0.47 फीसदी की बढ़त आई और ये अंत में 19,819.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,867.15 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद 19,727.05 तक गिरा। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में से 21 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व और भारती एयरटेल सबसे अधिक ऊपर आये। सबसे ज्यादा लाभ 2.65 फीसदी एनटीपीसी के शेयरों को हुआ। इसके अलावा सेंसेक्स के शेयरों में से 9 शेयर नुकसान के सा ही गिरे हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सबसे ज्यादा 0.79 फीसदी तक गिरे। इसके अलावा आईटीसी, विप्रो, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर भी नीचे आये हैं। इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बाजार के प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 0.11 फीसदी की बढ़त के साथ 6,340.06 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 25.00 अंक की बढ़त के साथ 19,752 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई है

## महिलाओं की भागीदारी से अर्थव्यवस्था के विस्तार में मदद मिलेगी: महिला उद्योगपति

**नई दिल्ली ।** श्रमबल और नेतृत्व से जुड़ी भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। एक महिला उद्योगपति ने यह उम्मीद जताई है। इन्फ्राविजन फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी और उद्योग मंडल सीआईआई के उत्तरी क्षेत्र की पूर्व प्रमुख रुमझुम चटर्जी ने यहां एक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कहा कि महिलाओं की श्रमबल में भागीदारी बढ़े बगैर देश की अर्थव्यवस्था लंबी छलांग नहीं लगा सकती है। उन्होंने कहा कि श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था को पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

# भारत ने अमेरिका के आधा दर्जन उत्पादों से अतिरिक्त शुल्क हटाया

**नई दिल्ली ।**

भारत ने अमेरिका के लगभग आधा दर्जन उत्पादों पर 2019 में लगाया गया अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। अमेरिका द्वारा भारत के कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के फैसले के जवाब में यह कदम उठाया गया था। भारत ने 2019 में अमेरिका के इस कदम के जवाब में उसके 28 उत्पादों पर यह शुल्क लगाया था। वित्त मंत्रालय की 5 सितंबर की अधिसूचना में इन उत्पादों से शुल्क हटाने की जानकारी दी गई है। इन उत्पादों में चना, दाल (मसूर), सेब, छिलके वाला अखरोट और ताजे या सूखे बादाम के साथ ही छिलके वाले बादाम शामिल हैं। इन अमेरिकी उत्पादों पर से अतिरिक्त शुल्क हटाने से देश में ये वस्तुएं अब सस्ते भाव पर उपलब्ध होंगे।

भारत ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने से पहले उठाया है।

बाइडन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। प्रधानमंत्री की जून में आधिकारिक अमेरिका यात्रा पर दोनों देशों ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में छह विवादों को खत्म करने और अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिक्रिया स्वरूप लगाए गए शुल्क को हटाने का फैसला लिया था। समझौते के तौर पर, भारत चने पर 10 प्रतिशत, मसूर की दाल पर 20 प्रतिशत, ताजे और सूखे बादाम पर सात रुपए प्रति किलोग्राम, छिलके वाले बादाम पर 20 रुपए प्रति किलोग्राम, अखरोट पर 20 प्रतिशत और ताजा सेब पर 20 प्रतिशत शुल्क हटाएगा।



## आरबीआई की मंजूरी, यूपीआई दे रहा प्री-एप्रूव्ड लोन की सुविधा

**मुंबई ।** देशभर में कई तरह की लेनदेन इनदिनों यूपीआई के द्वारा हो रहे है। आज आप किराने से लेकर बैंक अकाउंट तक के ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल हो रहा है। अब यूपीआई (यूपीआई) ने लोगों के लिए प्री-एप्रूव्ड लोन की सुविधा भी शुरू की है। इस सुविधा को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मंजूरी भी मिल गई है। प्री-एप्रूव्ड लोन में ग्राहक बिना कोई क्रेडिट कार्ड के भी पेमेंट कर सकते हैं। दरअसल आप जिस तरह बैंक से जाकर लोन के लिए अप्लाई करते हैं, ठीक वैसे ही आप एक एप के जरिये लोन के लिए आवदेन कर सकते हैं। इसके अप्रूव के बाद बैंक आपको प्री अप्रूव्ड क्रेडिट लाइन दे देगा। इसके बाद आप अपने जरूरत के हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। आज के समय में सेविंग अकाउंट, ओवरड्राफ्ट अकाउंट, प्रीपेड वॉलेट और क्रेडिट कार्ड को भी यूपीआई से जोड़ा जा रहा है। बैंक क्रेडिट लाइनों के नियम व शर्तों को तय करती है। देश में कई लोग यूपीआई के जरिये पेमेंट करते हैं। अब विदेश में भी इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बता दें कि भारत में रिटेल डिजिटल पेमेंट का 75 फीसदी संभालता है। देश में रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने की भी सुविधा दी जा रही है। हाल ही में आरबीआई ने यूपीआई के आंकड़ों की जानकारी दी गई है। अगस्त में 10 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन किये गए हैं। वहीं, जुलाई में 9.96 अरब ट्रांजेक्शन हुआ था।

## आरबीआई ने कोटक महिंद्रा का अंतरिम एमडी दीपक गुप्ता को नियुक्त किया

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उदय कोटक के इस्तीफे के बाद कोटक महिंद्रा बैंक के अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में दीपक गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आरबीआई ने अपने पत्र के माध्यम से गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दी। उनकी नियुक्ति दो सितंबर, 2023 से दो महीने के लिए प्रभावी है। उम्मीद है कि आरबीआई इस दौरान बैंक के पूर्णकालिक एमडी की नियुक्ति को मंजूरी दे देगा। उदय कोटक ने अपने कार्यकाल से लगभग चार महीने पहले एक सितंबर को बैंक के एमडी और सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया था।



# ‘बंबई मेरी जान’ में हबीबा बनीं कृतिका कामरा

अपकमिंग क्राइम ड्रामा सीरीज ‘बंबई मेरी जान’ का हाल में जारी हुआ ट्रेलर को लेकर हर तरफ चर्चा है। ये सीरीज दमदार कास्ट द्वारा निभाए गए गैंगस्टरों, सत्ता की भूख और महत्वाकांक्षाओं की दुनिया की खोज करती है। इसमें कृतिका कामरा भी हैं जिन्होंने ट्रेलर में अपने बैडएस अवतार से कई लोगों का दिल जीत लिया है।

दारा कादरी के भाई-बहनों में सबसे छोटी और इकलौती बहन हबीबा की भूमिका निभाते हुए, कृतिका कामरा एक साहसी और आत्मविश्वासी महिला के रूप में सामने आती है, जो ऐसी सेटिंग में एक महिला के स्टीरियोटाइप की बेड़ियों को तोड़ देती है, जिससे उनकी आवाज प्रभाव के साथ सुनी जाती है।

ऐसे में अपने किरदार के विभिन्न आयामों को साझा करते हुए और दूसरे किरदारों के साथ उनके रिश्ते उनके किरदार की गहराई में अलग-अलग परतें कैसे जोड़ते हैं, कृतिका कामरा ने कहा, हबीबा के कई रंग हैं। वह अपने पिता की तरह जिद्दी है, दारा की तरह साहसी है और उसकी तरह बेहद वफादार है। साथ ही भाई-बहनों में सबसे छोटी और अकेली महिला भी है। वह अपने भाई दारा को अपना आदर्श मानती है और उसके साथ एक खास बंधन साझा करती है जो उसके फैसले और कामों को भी प्रभावित करता है।

उन्होंने आगे कहा, उनकी तरह ही, वह भी पावर की महत्वाकांक्षा रखती हैं। शुरू से ही आप देखते हैं कि वह अल्फ़ा है। जैसे-जैसे शो आगे बढ़ता है, हमें इसकी झलक मिलती है कि वह कैसे सोचती है और उसकी महत्वाकांक्षाएं क्या हैं, जिससे एक अभिनेता के रूप में यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात है।

इस क्राइम थ्रिलर में कृतिका कामरा के अलावा अत्यधिक बहुमुखी और प्रतिभाशाली के के मेनन, अविनाश तिवारी, निवेदिता भट्टाचार्य और अमायरा दस्तूर भी अहम भूमिका में हैं।

एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, कासिम जगमगिया और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित, एस. हुसैन जैदी की कहानी के साथ, बंबई मेरी जान रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा क्रिएट की गई हैं और शुजात सौदागर द्वारा निर्देशित हैं। 10-एपिसोड वाली इस हिंदी ओरिजनल सीरीज का प्रीमियर 14 सितंबर को प्राइम वीडियो पर होगा।



# वीडियो देख सनी के बेटे की हर कोई कर रहा तारीफ

बालीवुड एक्टर सनी देओल के बड़े बेटे करण का एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद हर कोई तारीफों के पुल बांध रहा है और संस्कार का जिक्र कर रहा है। दरअसल, हाल ही में सनी देओल की फिल्म गदर 2 की सक्सेस पार्टी में पूरी देओल फैमिली के साथ बॉलीवुड के तमाम दिग्गज पहुंचे थे। पार्टी में करण देओल, पत्नी दृशा आचार्य, भाई राजवीर देओल और पापा सनी देओल के साथ नजर आ रहे हैं। इस पार्टी में जवान एक्टर शाहरुख खान ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। शाहरुख को पार्टी में देखकर हर कोई काफी खुश था। इस दौरान सभी ने शाहरुख के साथ बात की और उनके साथ फोटो क्लिक कराया। इसी दौरान करण, शाहरुख को देखते ही नीचे झुककर उनके पैर छूते हैं।

ऐसे में शाहरुख उन्हें बड़े ही प्यार से उठाते हैं और उनके गालों पर हाथ रखते हैं। इसके बाद सनी अपनी बहू और बेटे को शाहरुख के बगल में खड़ा करके फोटो क्लिक कराते हैं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हर कोई सनी देओल के बेटे करण की जमकर तारीफ कर रहा है। हर कोई उनके संस्कारों की तारीफ करता नजर आ रहा है। एक ने कमेंट करते हुए लिखा, संस्कार....। एक दूसरा यूजर लिखता है, इसी को संस्कार कहते हैं जो बड़ों के पैर छुए। साथ ही तमाम लोगों ने रेड हार्ट इमोजी से अपनी फीलिंग्स बयां की।

वहीं, कई यूजर्स गदर एक्टर उत्कर्ष शर्मा के बारे में पूछते नजर आ रहे हैं कि वो कहां हैं। बता दें कि गदर 2 ने 4 हफ्तों में ही 500 का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में अब चौथे सोमवार को इस फिल्म ने 503 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। वहीं, अब कल से सनी की फिल्म गदर 2 का सीधा मुकाबला शाहरुख की फिल्म जवान से होने जा रही है। जवान 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इससे तारा सिंह की दहाड़ पर कितना असर पड़ता है।

बता दें कि बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र का परिवार इंडस्ट्री में कई सालों से राज कर रहा है। धर्मेंद्र के दोनों बेटे सनी देओल और बॉबी देओल के बाद अब उनके पोते भी फिल्मी दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए जुट गए हैं। एक तरफ जहां सनी देओल अपनी सुपरहिट फिल्म गदर 2 की छप्पर फाड़ कमाई को लेकर खुश हैं। वहीं, दूसरी तरफ उनके छोटे बेटे राजवीर देओल की डेब्यू फिल्म दोनों जल्द ही रिलीज होने वाली है।

# दिल को छू जाएगा यारियां 2 का गाना

बालीवुड फिल्म यारियां 2 के निर्माताओं ने अब सिमरूं तेरा नाम की रिलीज के साथ हमें भावनाओं की दुनिया की झलक दिखाई है। एक गाना जो आपके दिल को छू जायेगा और आपको भावुक कर देगा। सचेत टंडन द्वारा खूबसूरती से गाया गया यह गाना मनन भारद्वाज द्वारा लिखा और कंपोज किया गया हैं। प्यार में वल्नरबिलिटी और ऑकवर्डनेस को हाइलाइट करता है। सिमरूं तेरा नाम आपकी लव प्लेलिस्ट के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। जबकि गाने में दिव्या और यश के बीच की केमिस्ट्री कमाल की है, यह गाना निश्चितरूप से आपको भावुक कर देगा। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, यश दासगुप्ता, मिजान जाफरी, अनस्वर राजन, वरीना हुसैन, प्रिया वारिर और पर्ल वी पुरी हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ प्रस्तुत करते हैं टी-सीरीज़ फिल्म्स और राव और सप्रू फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म यारियां 2। यह फिल्म 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, दिव्या खोसला कुमार और आयुष माहेश्वरी द्वारा निर्मित इस फिल्म को राधिका राव और विनय सप्रू ने डायरेक्ट किया है।






# ध्रुव तारा में बाहुबली नायक बन एंट्री लेगें ईशान धवन

टीवी शो ध्रुव तारा- समय सदी से परे में ध्रुव का रोल निभाने वाले एक्टर ईशान धवन नायक नाम के एक नए किरदार में नजर आएंगे।

शो की वर्तमान कहानी में, ध्रुव के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद, तारा अपना स्वयंवर आयोजित करने का निर्णय लेती है, क्योंकि उसे विश्वास है कि ध्रुव उसके स्वयंवर के बारे में पता चलने पर वापस आएगा।

हालांकि, घटनाओं के एक अप्रत्याशित मोड़ में, अपने प्रेमी के साथ पहली मुलाकात के दिन, तारा लापता हो जाती है और एक अज्ञात व्यक्ति उसे महल में वापस लाता है।

यह नया किरदार नायक है, जो अहंकारी है और लड़ने व अपनी शारीरिक ताकत दिखाने के लिए हमेशा तैयार रहता है। वह खुलेआम घोषणा करता है कि उसने ही तारा का अपहरण किया था और उसे वापस भी लाया है क्योंकि वह उसके स्वयंवर में शामिल होना चाहता है।

नायक के दुस्साहस से क्रोधित होकर, महावीर उस पर हमला करता है, लेकिन तारा रोक लेती है और अनिच्छा से नायक को भाग लेने देती है। तारा को नायक की नजर और उपस्थिति में एक परिचित संबंध का एहसास होता है, जो उसे उसके पिछले प्यार ध्रुव की याद दिलाता है और कई भावनाओं से गुजरते हुए वह इस नई स्थिति को समझने की कोशिश करती है।

शो में नए किरदार के बारे में बात करते हुए, ध्रुव की भूमिका निभाने वाले ईशान धवन ने कहा, कुछ समय तक ध्रुव की भूमिका निभाने के बाद, नायक की भूमिका निभाना चुनौती है। नायक का व्यक्तित्व ध्रुव से बिल्कुल विपरीत है और उनके देहाती लुक को पूर्णता के साथ पेश किया गया है।

उन्होंने आगे उल्लेख किया, ट्रांसफॉर्मेशन में हर दिन लगभग दो घंटे लगते हैं, जिसमें मेकअप और कॉस्ट्यूम शामिल हैं। नायक की प्रविष्टि कहानी में रहस्य और जटिलता का तत्व लाती है, और मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि यह कैसे दर्शकों के सामने आता है।



# रश्मिका मंदाना ने फैंस संग शेयर की ‘पुष्पा 2: द रूल’

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म ‘पुष्पा : द राइज’ ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कलेक्शन किया था। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना ने श्रीवल्ली के रोल में सभी का दिल जीत लिया है। फैंस अब ‘पुष्पा 2 : द रूल‘ ’ का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते दिनों इस फिल्म का एक धमाकेदार टीजर भी सामने आया था।

फिल्म ‘पुष्पा 2’ लेकर भी फैन्स के बीच एक्साइटमेंट बना हुआ है जो सीक्वल से जुड़ी हर छोटी बड़ी अपडेट के लिए बेकरार रहते है। अब इसी उत्साह को बढ़ाने के लिए, नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना,ने फिल्म के सेट से एक एक्सक्लूसिव तस्वीर साझा की हैं। जी हां, रश्मिका मंदाना ने 卐पुष्पा 2ः द रूल卐 के सेट से एक तस्वीर साझा की है जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जो विशाल और भव्य होने वाली है और फिल्म के कैनवास के बारे में जानकारी देगी। सोशल मीडिया पर ये फोटो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, ‘पुष्पा 2 : द रूल‘ ’ के सेट से सामने आई इस तस्वीर से पता चलता है कि फिल्म के लिए एक बंगले का भव्य सेट बनाया गया है। इस एक्सक्लूसिव पिक्चर के साथ, फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर प्रत्याशा अगले स्तर पर होने जा रही है। पुष्पा 2 द रूल का निर्देशन सुकुमार ने किया हैं और इसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स और मुत्तमसेट्टी मीडिया द्वारा निर्मित, यह फिल्म 22 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

# इंडिया-भारत के विवाद में कूदी कंगना

केंद्र की मोदी सरकार द्वारा देश का नाम ‘इंडिया’ से बदलकर ‘भारत’ करने की चर्चा के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, कंगना रनौत ने एक्स पर अपने बयान का एक पुराना पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने इंडिया नाम को खत्म करने की बात कही थी। साल 2021 में कंगना ने कहा था कि गुलाम नाम इंडिया को खत्म कर देना चाहिए और इसकी जगह देश को भारत कहा जाना चाहिए। वहीं, अब उसी पोस्ट को शेयर करते हुए कंगना रनोट ने लिखा, और कुछ लोग इसे काला जादू कहते हैं...यह बस ग्रे मैटर है प्रिये सभी को बधाई!! एक गुलाम नाम से मुक्त हो गए...जय भारत। एक्ट्रेस का ये पोस्ट खूब वायरल हो रहा है और यूजर्स कमेंट कर इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। वहीं, काम की बात करें तो कंगना रनोत जल्द ही फिल्म तेजस में नजर आएंगी। इसके अलावा वह इमरजेंसी और चंद्रमुखी 2 में भी दिखाई देंगी। बता दें कि देश में इस वक्त इंडिया का नाम बदलने पर चर्चा छिड़ी हुई है।



# अमीषा बोली टेलेंट की कोई सीमा नहीं

हाल ही में फिल्म गदर 2 की सफलता पर अमीषा पटेल का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने हीरोइनों की उम्र पर भी बात की और कहा कि अब उम्र सिर्फ एक नंबर है, 50 साल की उम्र भी 20 की है। 47 साल की अमीषा पटेल ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा, उम्र अब सिर्फ नंबर है। टेलेंट की कोई सीमा नहीं होती तो इसमें उम्र कैसा बेरियर बन सकता है। 50 अब 20 साल की तरह हो गया है। उन्होंने खुद इसे प्रूव कर दिया है। अमीषा पटेल ने तो कहा कि खुद सनी देओल 65 साल के हैं लेकिन लीड हीरो बनकर बॉक्स ऑफिस पर आए तो सब फेल हो गए। एक्ट्रेस ने कहा, आजकल हीरोइनों ने ये स्टीरियोटाइप तोड़ा है कि सिर्फ 20-25 साल की लड़कियां होंगी तो ही फिल्म चलेगी। वहीं, अमीषा ने फिल्मों में कमबैक को लेकर कहा कि अच्छे अभिनेता कभी भी काम छोड़ते नहीं है। बस वह ब्रेक लेते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अमीषा पटेल फिल्म गदर 2 की रिलीज के बाद काफी सुर्खियों में हैं। मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ के पार कमाई कर ली है।

